Every single person has a story of his life ,from the very birth till the end in this novel Dhondy recounts his years of growing up in Parsi neighbourhood in Poona during 1950s, It is the collection of linked stories. India' native , Farrukh Dhondy came to Great Britain to be a school teacher and established his career as an author ,journalist and a playwright itself. If we go through the numbers of non-white teens who were growing there of his age at that time, Dhondy has become famous for his works, such as the short stories collection, "East end at your feet", this shows the confusing mentality and the anxieties of those young people. He truly deserve a appraisal for using accurate and fine descriptions, dialect, and slang expressions to add emphasis to his tales.

If we discuss about this novel Poona Company of Farrukh Dhondy , there are nine collective linked stories of his childhood memories, Sarbatwalla Chowk is the centre of the world of those he remembers: Eddie the inventor and his Big Boy; the massive Samson, who lives on the street and refuses to get a job ; the blind man and his guide, Black Dog, which is supposed to have special powers ; Terry Soakum, the Australian crybaby who has his eyes on Farrukh's swimming trunks; Confession D'Souza, the scholarship boy who loses favour with the Jesuits over a 'dirty book ' and grows up to become a courageous journalist Prabhat D'Souza; Chamak, with his big nose and permanent pimple, who wants to win the college elections and the heart of 'Jhansi-ki-Rani'. And there's Farrukh himself , distressed over a pair of spectacles, or a knife-fight at school.

This novel has been written for a broader adult audience, "Poona Company" contains

* Research Scholar, Avadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.)
* Avadhesh Pratap Singh University, Rewa (M.P.), Email id:-loveshilpa223@gmail.com

stories about the gossip filled, spirited atmosphere of a Poona gathering place, where locals gather to catch up and used to tell tales.

The result, according to some reviewers, is illuminating. According to Murphy,( in the Times Literary Supplement in Poona Company), "Dhondy is illuminating not merely a silver of Indian scene but a chunk of universal human nature." Gillian Welch also appreciated the volume, written in "New Statesman" ,"the collection is the work of a natural story-teller, entertaining, funny and truth telling in a way that no other cultures could ever be."

In the first story , that the very beginning there was an incident where Dhondy was witnessed of his grandfather being told a liar in front of fifty people,

**"my heart sank into my canvas shoes".**

Little Dhondy was really ashamed of that incident as it was all happened because of him. Previously we have known that Dhondy's parents were dead at his early age and his upbringing was done by his grandfather and his aunts. There was a quite disciplined atmosphere in their home and Dhondy has to follow all rules and regulations. His grandfather was a reputed person, he used to tell him the stories of Nehru and Gandhi, Britishers and the other great people and events .So Dhondy was really that how to face his grandfather who is such a gentle and being insulted publically because of him.

All has to say that with this incident , the relation and respect between a grandfather and his grandson, has been described beautifully, the culture of that time, the obliged and disciplined family and their children, all was well told by him, there are so many more incidents in further stories, the journalist and Jhansi-ki-rani's lovestory, and yes the eighth one i.e. Gandhiji, when Dhondy reached Bombay, he described the life and culture and yes busiest city of India perfectly. The last episode, where Dhondy encountered his interview sessions, the girl and his old friend Ajit, he vitalised the changes that suppose to be happen in a person's life with passage of time.

Dhondy ended up the novel with Ajit's good bye to him, dhondy has well portrayed the various forms and facts of life that how relations and people are changed with because of their positions, circumstances and last but not the least their emotions towards each other.

This novel is blended various emotions, feelings and ups downs situations of human' life that is continued from the birth till the end.

Warm , funny , sometimes sad but always delightful, that's how the novel is placed. The nine stories of Poona Company seems as fresh now as when they were first published in 1980. Every single person can well correlate themselves with the particular incidents that has happened in the novel whether it may be a child, a youngster, an adult or an old person. It is a common man story, somehow, somewhere everyone faced such situations and emotions.

There has been presented a picture of small-town India that has observed with a sharp eye and a fond heart- a combination still rare in India fiction.

**References**

1. Dhondy, Farrukh. Poona Company.1985.
2. Collins,Harper.Dec 1,2013.
3. Harper Collins India, Blake Friedmann Litrerary, TV & Film Agency Ltd.

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 12th Aug 21 Paper Accepted : 18th Aug 21

# "बौद्ध धर्म एवं मुक्ति"

❑ डॉ. दिलीप कुमार मिश्र*

**शोध सारांश**

संसार के जितने भी धर्म मार्ग हैं उन सभी का एक ही लक्ष्य है मुक्ति वस्तुतः सनातन धर्म ही सभी का मूल है, परन्तु कालक्रमानुसार विभिन्न धर्मावलम्बी उत्पन्न होते गये तथा सभी का मूल उद्देश्य या मुक्ति। भारत देश विभिन्न धर्मो को अपने में समेटे है। बौद्ध भिक्षु भी सनातन धर्म की ही व्याख्या अपने तरीके से करते हैं। उनके यहां भी सत्य, अहिंसा, अस्तेय आदि को माना जाता है। सभी धर्म वस्तुतः एक ही घोषणा करते है कि सभी शान्ति भावना से रहकर अपने असाध्य की सेवा करें तथा उसी में समर्पण कर मुक्ति लाभ प्राप्त करें।

बौद्ध धर्म के प्रवर्तक गौतम बुद्ध का प्रादुर्भाव छठी शती ई0पू0 में हुआ था। उनको तत्कालीन समाज में प्रचलित धार्मिक पद्धतियों में मानव को सत्यमार्ग दिखलाने वाले आयोजनों का अभाव सा लगा। उनकी तर्क बुद्धि सुविकसित थी। वे लगभग सात वर्षों तक ज्ञान और सत्य की खोज में इधर-उधर भटकते रहे। कुछ आचार्यों के पास जाकर जीवन के वास्तविक तत्वों के विषय में कुछ जानना चाहा, परन्तु उनके उत्तर से सन्तुष्टि नहीं हुई। उन्होंने सोचा अब मेरी समस्याओं का समाधान नही हो सकता। अनेक हठयोगियों के चक्कर में पड़कर उन्होंने घोर तपस्या की। अपने शरीर को अनेक कष्टों से कृश बना दिया, अनेक प्रदेशों में भ्रमण करते हुए मगध के उरुवेला सेनानी निगम में जा पहुंचे। यहाँ के प्राकृतिक मनोरम दृश्य को देखकर उनका मन प्रफुल्लित हो गया। यहीं अन्य पाँच भिक्षुओं से भेट हुई, परन्तु भिक्षुओं ने पथभ्रष्ट समझकर छोड़ दिया। जिससे बुद्ध जी एक पीपल की सघन छाया में सात दिन, सात रात तक एक ही आसन पर ध्यानस्थ बैठे रहे। अन्त में उन्हें बोध हुआ। उनके अन्तःकरण में एक दिव्य ज्योति प्रस्फुटित हुई। उसी समय उरुबेल नामक ग्राम में चार आर्य सत्यों की प्रत्यक्ष अनुभूति कर 461 ई0पू0 के वैशाखी पूर्णिमा को बुद्धत्व प्राप्त किया। मृगदाव (सारनाथ) में कौण्डिन्य आदि पंचवर्गीय पाँच भिक्षुओं के सामने अपना प्रथम उपदेश देकर इन्होने 'धर्मचक्र प्रवर्तन' किया। गणराज्य के आदर्श पर बुद्ध ने भिक्षुओं के 'संघ' की स्थापना की और मानव क्लेशों से उद्धार पाने के लिए विनय तथा धर्म की शिक्षा जनसमुदाय को मागधी भाषा में दी। 426 ई0पू0 वैशाखी पूर्णिमा को 80 वर्ष की आयु पूर्ण होने के पश्चात् मल्लगणतन्त्र की राजधानी कुशीनगर (कसया जिला गोरखपुरा) में निर्वाण प्राप्त किया।[1]

* एम.ए., पी-एच.डी., संस्कृत

इस प्रकार बुद्ध धर्म के इतिहास में वैशाखी पूर्णिमा की तिथि बड़ी पवित्र मानी जाती है। बुद्ध के जीवन की तीन घटनाएँ जन्म, बोधि प्राप्त तथा निर्वाण प्राप्ति सम्पन्न हुई है। भगवान् बुद्ध के पवित्र-स्थान, जन्म-स्थान लुम्बिनी अनन्तर सम्यक् संबोधि की प्राप्ति का स्थान बोध गया, अनन्तर धर्मचक्र के प्रवर्तन का स्थान सारनाथ तथा अनुपाधिशेष निर्वाण धातु की प्राप्ति का स्थान कुश नगर-बौद्ध धर्म के चार पवित्र तीर्थस्थल माने जाते हैं।[2]

ज्ञान प्राप्ति के पश्चात् गौतम बुद्ध ने अपने मत के प्रचार का निश्चय किया। वे करुणा की साक्षात् मूर्ति थे। उनका चरमलक्ष्य था नाना प्रकार के मत मतान्तरों के कारण समाज में फैली हुई विषमताओं और दुष्कृतियों को दूर करना। आर्य धर्म की स्थापना कर प्राणीमात्र का अत्यधिक कल्याण। उन्होंने किसी नवीन धर्म का प्रतिपादन न कर सनातन काल से आ रहे आर्य धर्म का ही प्रचार किया इसलिए वे कहते है 'एस धम्मो सनन्तनो' अर्थात् यही धर्म सनातन है।[3]

अनेक बोधिसत्व भाव को प्राप्त कर बुद्धत्व तक पहुँचे। वे ईश्वर के नाम पर यज्ञ में की जाने वाली हिंसा के प्रबल प्रतिद्वन्द्वी, उदारमना, बुद्ध यज्ञ में विविध देवताओं का आह्वान निरर्थक समझते थे। जब तक चरित्र शुद्ध नहीं हो जाता प्राणी मात्र में समदृष्टि नहीं होती। तृष्णा शान्त नहीं होती प्रमाद, लोभ, क्रोध तथा वाणी पर संयम नहीं किया जाता, तब तक अनुष्ठान पूजा, पाठ सब व्यर्थ है—

**यो च वन्तकसावस्स, सीलेसु सुसमाहितो।**
**उपेतो दमसच्चेन स वे कासावमरहति।।**[4]

भगवान् बुद्ध ने भिक्षुओं को यह उपदेश दिये थे, कि शरीर को अत्यन्त कष्ट न देना और न भोग विलास में लिप्त रहना तभी मानव को निःश्रेयस् की प्राप्ति होती है।

अतीत का अनुगमन मत करो और न भविष्य की ही चिन्ता करो जो अतीत है वह नष्ट हो गया और भविष्य आया नहीं इसलिए अपना पूरा समय वर्तमान में लगा दो।[5] बुद्ध शासन के रहस्य को पापाकरण पुण्य संचय और चित्त व परिशुद्धि इन तीन विशेषताओं में व्याप्त करता है।[6]

सन्वपापस्य अकरणं, कुसलस्य उपसम्पदां।
सचित्त परियोदपनं एतं बुद्धानं सासनं।।

समस्त पापों को नष्ट करना, पुण्य कर्मों का व्रत धारण करना, अपने चित को परिशुद्ध करना यह बुद्धों की शिक्षा है। गौतम ने यह भी कहा है कि माता-पिता का पालन-पोषण करो, व्यवहार और वाणिज्य करो, गृहस्थों को अपना आलस्य और प्रमाद छोड़कर अपने धर्म का पालन करना चाहिए।[7] भगवान् बुद्ध ने भिक्षु तथा उपासक (गृहस्थ अनुयायी) सभी के लिए अष्टांगिक मार्ग समान से बताये हैं तथा सत्यों में चार वाक्य श्रेष्ठ हैं तथा धर्मों में वैराग्य और मनुष्यों में ज्ञानवान श्रेष्ठ है।[8]

**मग्गाडुंगिको सेटठों सच्चानं चतुरो पदा।**
**विरागो सेटठों धम्मानं द्विपदान च चक्खुमा।।**

गौतम बुद्ध को प्रतीत्यसमुत्पाद के सिद्धांत का ज्ञान हो चुका था। संसार के समस्त वस्तुएँ किसी न किसी कारण से उत्पन्न हुई हैं और वे इस पर निर्भर हैं। इस कार्य कारण सिद्धान्त को उन्होंने सम्पूर्ण संसार में लागू किया।[9] मुख्य विषय है कि इस लोक में दुःख की सत्ता है। यह इतनी वास्तविक है कि उसका कोई अलाप नहीं कर सकता। यदि दुःख है, तो उसकी उत्पत्ति की चिन्ता करनी चाहिए, क्योंकि बिना उत्पत्ति जाने उसको रोकना कठिन है। अतः दुख के इन चार समस्याओं को सुलझाना ही मानव के लिए प्रधान कार्य है। इसलिए सम्यक् सुबुद्धि (अच्छी प्रकार जानने वाले) के नाम से पुकारे जाते हैं। जिनका उत्तर बुद्ध ने दिया है। चार आर्य सत्य इस प्रकार हैं—

**1. दुःखम्**—आर्य सत्यों में प्रथम है। दुखःरूप इस संसार में सर्वत्र दुःख ही दुःख है। जीवन दुःखों एवं कष्टों से परिपूर्ण हैं। जिन्हें हम सुख समझते हैं वे भी

दुःखों से भरे हुए हैं। सभी प्राणी रोग, जन्म तथा मृत्यु के शिकार होते दिखाई पड़ते हैं। अतः हम कह सकते हैं कि जीवन दुःखों से परिपूर्ण है।[10] ब्राह्मण दार्शनिकों के समान बुद्ध ने भी प्राणियों के जीवन को अशान्त बनाने वाले इस क्लेश की सत्ता का पता लगाया पर उनकी विशेषता इसके निरोध तथा तदुपाय भूत मार्ग की विवेचना में है।

**2. दुःख समुदाय**—दूसरा आर्य सत्य दुःख का भी कारण है और सबसे बड़ा दुःख जरा मरण (बुढ़ापा तथा मृत्यु) हो इसकी उत्पत्ति का कारण है। जाति और जाति का कारण 'भव' है। भव उन कर्मों को कहते हैं जिसके कारण प्राणी का पुनर्जन्म होता है।

स भविष्यभ्द्‌वफलं कुरुते कर्म तद्भवः।[11] तथा

पुनर्भवजनकं कर्म समुत्थापयति कायेन वाचा मनसा च।[12]

प्रतीत्य समुत्पाद का विश्लेषण करने पर ज्ञान होता है कि दुःख का मूल कारण 'अविद्या' (अज्ञान) है। यदि जगत् के सत्य बातों का ज्ञान प्राणी को होता तो वह उन कार्यों के अनुष्ठान से ही विरत रहता जनिका फल भोगने के लिए उसे इस संसार चक्र में बारंबार आना न पड़ता अतः अविद्या ही इस विशाल भव प्रासाद की नींव है।

अतः महात्मा बुद्ध ने कारण का गहराई से पता लगाकर द्वितीय आर्य सत्य के दुःख समुदाय का 12 कारणों के समुच्चय हैं। जरा मरण, भव उपादान, तृष्णा वेदना स्पर्श, षडायतन, नामरूप विज्ञान, संस्कार तथा अविद्या है। जाति तथा जरामरण का सम्बन्ध अगले जन्म से है। मध्य के 8 निदानों (विज्ञान से लेकर भव तक) का सम्बन्ध हमारे इस वर्तमान के जीवन से है।[13]

**सप्रतीत्यसमुत्पादो द्वादशांस्तिङ्गत्रकाण्डकः।**
**पूर्वापरान्तयो द्वे मध्येऽष्टौ परिपूरणः॥**

**3. दुःख का निरोध**—तीसरे आर्य सत्य का नाम दुःख निरोध है। अर्थात् सत्तात्मक तथा कारण कलाप से उत्पन्न दुःख का आत्यान्तिक तिरस्कार किया जा सकता है। यदि कारण का विनाश हो जाये तो वस्तु का भी विनाश हो जायेगा। कारण समाप्त हो जाने पर कार्य का भी अस्तित्व समाप्ति हो जाएगा। अतः दुःखी का मूल कारण अविद्या है। अतः विद्या के द्वारा अविद्या का निरोध कर दिया जाए तो दुःख का निरोध सम्भवतः अपने आप खत्म हो जायेगा।

**4. दुःख निरोधगामिनी प्रतिपद्**—आधुनिक खोजों से यह स्पष्ट हो गया है कि गौतम बुद्ध ने शील, समाधि एवं प्रज्ञा को ही दुःख निरोध का साधन बताया है।[14] सुख समृद्धि में जीवन-यापन करने वाले सुखमार्गियों तथा घोर ब्रताचरण से इस कंचन काया को सुखाकर कांटा बना देने वाले तापसों के जीवन को निर्वाण के लिए सहायक न मानकर इन उभय सुख तथा दुःख के छोरों को छोड़कर 'मध्यम प्रतिपादन' को खोज निकाला है। इस प्रतिपद के आर्य अष्टांगिक मार्ग हैं—(1) सम्यक् ज्ञान (आर्यसत्यों का तत्वज्ञान), (2) सम्यक् संकल्प (दृढ़ निश्चय), (3) सम्यक् वचन (सत्य वचन), (4) सम्यक् कर्मान्त (हिंसा, द्रोह, दुराचरण रहित कार्य), (5) सम्यक् आजीव (न्यायपूर्ण जीविका) (6) सम्यक् व्यायाम (बुराइयों को न होने देना) भलाई के लिए सतत् उद्योग करना, (7) सम्यक् स्मृत (चित, शरीर, वेदना, आदि के अशुचि, अनित्य रूपों की उपलब्धि और लाभादि चिन्ता संताप से अलग होगा) (8) सम्यक् समाधि (राग द्वेषादि द्वन्द्व के विनाश से उत्पन्न चित्त की शुद्धि की शुद्धि, नैसर्गिक एकाग्रता) इस अष्टांगिक मार्ग के यथार्थ सेवन से प्रज्ञा का उदय होता है और निर्वाण की सद्यः प्राप्ति हो जाती है। अतः बुद्ध के आचार मार्ग का सूत्र यही है।

**ये ज्ञानपसुता धीरा नेक्खम्मूपसमे रता।**
**देवापि तेस पिध्यन्ति सम्बुद्धानं सतोमतं॥**[15]

ई0पू0 426 में भगवान् गौतम बुद्ध के निर्वाण के समय उनके प्रमुख शिष्यगणों की सहायता लेकर राजगृह में पहली बार संगीत निष्पन्न हुई। जिनको लिपिबद्ध रूप से सुत्त तथा विनय पिटकों का रूप निर्धारित किया

गया, परन्तु सौ वर्ष के ही अन्दर विनय के सक्त नियमों को लेकर एक प्रबल विरोधी 'मतवाद' खड़ा हो गया।[16] इस विरोध का झंडा ऊँचा करने वाले वज्जिदेशीय भिक्षु, जिन्हें वज्जिपुत्तक वज्जिपुत्तिम तथा वत्सीपुवीय के नाम से पुकारते हैं। इन्हीं के विरोध की शांति के लिए वैशाली की द्वितीय संगीति 326 ई0पू0 में की गयी परन्तु प्राचीन विनयों के पक्षपाती भिक्षुओं के सामने कमजोर पड़ने के कारण भिक्षुओं के महासंघ के साथ ही अपनी संगीति पृथक् कर ली, उसी दिन से बौद्धधर्म स्पष्टतः दो सम्प्रदायों में विभक्त हो गया। प्राचीन विनय नियमों को मानने वालों को स्थावरवादी तथा नवीन संशोधनों को स्वीकार करने वाले भिक्षु महासंघ या महासांघिक कहलाने लगे। महासांघिक भिक्षु तर्क का आश्रय लेने वाले विकसित प्रणाली के समर्थक थे, लेकिन स्थविरवादी एक प्रकार से रूढ़िवादी थे। परम्पराओं में एकमात्र भी परिवर्तन उन्हें मान्य नहीं था। इस प्रकार अष्टांगिक योग के पालन से प्राणी जन्म मृत्यु के चक्कर से छूट सकता है।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. भारतीय दर्शन पृष्ठ 206
2. भारतीय धर्म और दर्शन पृष्ठ 206
3. धम्मपद पृष्ठ 103
4. धम्मपद यमक बग्गो पठमो 10 श्लोक
5. द्रष्टव्य मज्झिमनिकाय का भद्दे करतसुत्त
6. धंम्मपद बुद्धवगो 5 वा श्लोक
7. सुन्तनिपात धम्मिक सुन
8. घम्मपाद-मग्गवग्गो वीसतिमो 1
9. द्रष्टव्य- प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति पृष्ठ 225
10. प्राचीन भारत का इतिहास तथा संस्कृति पृष्ठ 826
11. अभिधर्मकोश (3/24)
12. चन्द्रकीर्ति माध्यमिकवृचि पृष्ठ 565
13. धर्म और दर्शन- बलदेव उपाध्याय 3/20।
14. गोविन्द चन्द्र पाण्डेय का ग्रन्थ स्टीज इन द ओरिजिन्स ऑफ बुद्धिजम
15. भारतीय दर्शन पृष्ठ 124
16. धम्मपद बुद्धवग्गो-2 श्लोक

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 20th Aug 21 Paper Accepted : 25th Aug 21

# सिंगरौली जिले के ऐतिहासिक क्षेत्र : विन्ध्य प्रदेश

❑ डॉ. रचना कोरी*

**शोध सारांश**

**शोध-सारांश**—सिंगरौली जिले का अधिकांश भाग रीवा रियासत के अंतर्गत बघेल शासकों द्वारा शासित रहा। बघेलों का आगमन 12वीं शताब्दी के उत्तरार्द्ध में गुजरात से हुआ। बघेलों ने लगभग साढ़े सात सौ वर्षों तक यहाँ शासन किया। उनके कारण ही इस संपूर्ण क्षेत्र का नाम बघेलखण्ड पड़ा। इसके अंतिम शासक बघेल ही रहे। यद्यपि बघेलखण्ड की सीमा में हमेशा परिवर्तन होता रहा किन्तु चार जिले रीवा, सीधी, सतना एवं शहडोल स्थायी रूप से उसी के अंग रहे। 1948 ई. में जब देशी रियासतें गणतंत्र में विलीन हुई उस समय बघेलखण्ड एवं बुन्देलखण्ड मिलाकर विन्ध्य क्षेत्र बना।

**मुख्य शब्द**—सिंगरौली, ऐतिहासिक, बघेलखण्ड, रियासतें, विन्ध्यक्षेत्र आदि।

**प्रस्तावना**

इतिहास मनुष्य के कार्यों की क्रमबद्धता का सूचक है जो उसे लिपिबद्ध करता है। एक युग वह भी था जब लेखनी के अभाव के कारण जाने कितने रहस्य अछूते रह गये। इतिहास अपनी प्रतिभा प्रभाकर से उसे अंधकार के आवरण अनपरत अध्यवसान से अनावृत्त करने का प्रयास किया है। इतिहासकारों के मनोवृत्ति के अनुसार मनुष्य का प्रारंभिक जीवन पाशविक व असभ्य एवं बर्बर था किन्तु मनुष्य ने अपने जीवन को सभ्य व सौम्य से परिपूर्ण बनाने का प्रयास किया गया है।

विन्ध्य क्षेत्र की यह धरती जो सिंगरौली जिले की सीमाओं में आती है, अपनी क्रियाशीलता एवं सांस्कृतिक चेतना का केन्द्र बिन्दु रही है। सिंगरौली जिला अपने आप में प्राकृति सम्पदा को समेटे हुए है। इस जिले की गौरवमयी महिमा युगों-युगों से चलती रही है। रामायण युग में यह भू-भाग कौशल प्रान्त के अन्तर्गत राम के राज्य का एक भाग था। यह क्षेत्र महाभारत युग में वज्रदन्त के अधीन था एवं कारस प्रदेश का एक अंग था। बाद में भीमसेन ने वज्रदन्त पर आक्रमण कर इसे स्वाधीन किया था। अगत्स्य से लेकर अब तक सैकड़ों संक्रान्तियाँ हुई एवं इस प्रदेश पर अपनी स्मृति छोड़कर अदृश्य के गर्भ में विलीन हो गयी। राम का वन गमन, महाभारत के वीर योद्धा भीमसेन का अभियान, पुष्यमित्र की दिग्विजय यात्रा, अशोक की धर्म विजय, कनिष्क

* सहायक प्राध्यापक (इतिहास), शासकीय जे.एस.टी.पी.जी. महाविद्यालय, बालाघाट (म.प्र.)

की धर्म यात्रा, कलचुरियों का आधिपत्य, चंदेलों का पराभव, गोड़ों, सेंगरों एवं बघेलों के प्रभुत्व की कहानी आज भी इस जिले के पत्थर-पत्थर पर अंकित है एवं गुफा-गुफा में प्रतिध्वनित है।

सिंगरौली जिले का प्रत्येक भाग अपनी किसी-न-किसी अमिट ऐतिहासिक छाप को लिए हुए है। सिंगरौली जिले के बैढ़न विकासखण्ड में स्थित मझौली ग्राम में प्रागैतिहासिक काल का मंदिर दर्शनीय है। जनश्रुति है कि प्राचीनकाल में विश्वकर्मा द्वारा केवल एक रात में बनाया गया था। इसमें निमित बड़े-बड़े विशालखण्डों को देखकर आश्चर्य होता है। जिला मुख्यालय से 70 कि.मी. दूरी पर बगदरा अभयारण्य की घाटी में स्थित गुफाओं में आखेट युग के शैलचित्र देखने को मिलते हैं। गुफा के ऊपरी सतह पर लाल एवं पीले मिश्रित रंग की सतह है। ये रंग आज भी जीवन्त प्रदत्त है, इसमें प्रमुख रूप से शिकार को मनुष्यों द्वारा घेरने की राजनीति चित्रित है। यहाँ पर लगभग 3 गुफाओं में इस प्रकार के चित्र प्राप्त हुए हैं जिनकी अवकल्पनानुसार आयु 12-14 हजार वर्ष पूर्ण बतायी जाती है—''गण्डरे प्रस्तरौ कीर्णे, मदिराणि विश्व हरिम, ध्वाचिदन्यत सा भूमि, क्वाचिदमितांसुचित्रणम्।'' शैल चित्रों के वैज्ञानिक परीक्षण से आखेट युग के उपरान्त युग की अवधि की जानकारी मिल सकती है।

जिला मुख्यालय से 33 कि.मी. की दूरी पर माड़ा गुफाएँ हैं। यहाँ पर कई गुफाएँ; जैसे—रावण माड़ा, विवाह माड़ा, गणेश माड़ा हैं। इन गुफाओं में प्राचीन शिल्पकला के अद्भुत नमूने देखने को मिलते हैं। यह कला गुप्तोत्तर काल या 8वीं-9वीं सदी के बीच की हैं। माड़ा की यह स्थापत्य कला काफी पुरानी है जो माड़ा से सरगुजा तक फैली हुई हैं जिले में सोन, गोपद एवं महान प्रमुख नदियाँ हैं। सोन एवं गोपद के संगम पर एक ऐसी गढ़ी निर्मित है जिसके अन्दर से सोन नदी तक का गुप्त मार्ग निर्मित है। इसका निर्माण विक्रम संवत् 1619 में चंदेल राजा राम सिंह ने करवाया था। इसका मनोहारी दृश्य अत्यन्त आकर्षक एवं भव्य है।

देवसर तहसील में स्थित कर्कसिंहा में नवीं शताब्दी से लेकर बारहवीं शताब्दी तक के मंदिरों के अवशेष प्राप्त हुए हैं। इन विवरणों से स्पष्ट है कि सिंगरौली जिले के उत्तर पश्चिम भाग में अपेक्षाकृत गम्य तथा प्राचीन काल से ही मानवीय क्रियाकलापों का क्षेत्र था। डॉ. वासुदेव शरण अग्रवाल ने सिंहावल का अभिधान प्राचीन सिंहावल से किया है जो मौर्य काल का स्थान है। सिंगरौली जिले में जनपद काल से लेकर अंग्रेजी शासन के प्रादुर्भाव तक प्रचलित प्रशासनिक परम्परा की छाप समाहित है। ईसा पूर्व सातवीं शताब्दी से ईसा पूर्व 321 तक यहाँ जनपद काल का शासन रहा है। डॉ. धीरेन्द्र वर्मा तथा डॉ. हरदेव बाहरी ने वत्स या जनपद को आधुनिक बघेलखण्ड माना है। इसके पश्चात् 321 ईसा पूर्व से 184 ईसा पूर्व तक मौर्य युग का शासन रहा है। ईसा पूर्व चतुर्थ शताब्दी के अंतिम चरण में चन्द्रगुप्त ने नंदों का उन्मूलन कर अपनी राजसत्ता स्थापित की थी।

चन्द्रगुप्त मौर्य के पश्चात् उनके पुत्र बिन्दुसार का शासन काल इस क्षेत्र पर रहा तत्पश्चात बिन्दुसार के पुत्र अशोक महान ने 40 वर्ष तक मगध में शासन किया तथा अपनी राजधानी का विस्तार करने के लिए कलिंग युद्ध का प्रस्ताव किया। सिंगरौली जिला मगध राजाओं का ही एक भाग है। इसकी पुष्टि 'भरहुत' गाँव में पाये गये अशोक के एक स्तूप से होती है।[1]

ईसा पूर्व 184 से ईसा पूर्व 72 तक सुंग साम्राज्य का काल था जिसमें पुष्यमित्र एक तेजस्वी शासक था। इसके बाद ईसा पूर्व 72 से 500 ईस्वी तक यहाँ कई राजवंशों, नागवंश, कुषाण वंश, महावंश एवं वाकाटक वंश का शासन चला। इसके बाद गुप्त साम्राज्य ने

अपनी सत्ता स्थापित की जिसमें समुद्रगुप्त एवं स्कन्द गुप्त आदि शासक प्रमुख हैं। इसका प्रमाणीकरण एक ताम्र पत्र से होता है।[2] एक स्तूप प्रयाग में भी है जिसमें 'निज विजय' की विज्ञप्ति समुद्रगुप्त ने ''वन राज्यों'' पर होने की (35 ईस्वी) लिखाई है। शायद इन वन राज्यों और ऊपर के वन राज्यों में एक ही संबंध हो। गुप्त साम्राज्य के पश्चात 528 ईस्वी से 600 ईस्वी तक यहाँ चेदि राजाओं का आधिपत्य रहा, किन्तु सातवीं शताब्दी के प्रथम दसक में कन्नौज के राजा हर्षवर्द्धन ने अपने बाहुबल एवं पराक्रम से चेदि राजाओं को पराजित कर अपनी सत्ता स्थापित की जिसका शासन काल 600 ईस्वी से 648 ईस्वी तक चला। 648 ई. में हर्षवर्द्धन की मृत्यु के पश्चात सम्मिलित विभिन्न शासकों ने पुनः स्वतंत्र इकाई के रूप में अपनी सत्ता स्थापित की। इसमें आपस में संघर्ष होता रहता था। जो शक्तिशाली होता था वह अपने से कमजोर प्रशासक को पराजित कर सम्राट बन बैठता था। देश में तीन शक्तिशाली सम्राट अपना राज्य विस्तार करने में लगे थे। भार मालवा में, राष्ट्रकूट (राठौर) कन्नौज में एवं चालुक्य गुजरात एवं मध्य भारत में अपना अधिकार जमाने में सफल हुए। 850 ई. तक राजनीतिक संघर्ष एवं अस्तता-व्यस्तता का वातावरण छाया रहा। इसके बाद राजनीतिक अवस्था में कल्चुरियों का उदय हुआ। अंतिम शासक विजय सिंह ने 1160 से 1211 ई. तक अपना आधिपत्य बनाये रखा।[3]

कल्चुरियों का आधिपत्य समाप्त होने के बाद बुन्देल शासक भीजदेव वर्मन (1282 ई. से 1300 ई.) का शासन काल आता है। इनका शासन काल अत्यन्त उथल-पुथल एवं कलह के थपेड़ों की मार सहता रहा और निरन्तर मुस्लिम आक्रमणों से पीड़ित रहा। इसी समय चंदेलों ने वर्दी राज्य नवगठित सिंगरौली जिले के देवसर वर्तमान में चितरंगी व सिंगरौली तहसील की स्थापना की जो बाद में इनकी शक्तिहीनता के कारण बघेलों के अधीन हो गया।

रीवा स्टेट गजेटियर के अनुसार महोवा के चंदेल राजा परमादि देव जिनके 5 पुत्र थे। चौथे पुत्र शाशाजीत सिंह ने आपसी फूट व क्रान्तिमय परिस्थिति के कारण अंगेरी में अपनी सत्ता स्थापित की। उसी समय भगोरी के प्रशासक बालन्द राजाओं के अधःपतन की परिस्थिति[4] का लाभ उठाकर धीरे-धीरे वह अंगेरी राज्य का शासक बन गया। शाशाजीत की मृत्यु के बाद उनके दोनों पुत्रों में आपसी विवाद के कारण राज्य दो भागों में विभाजित हो गया। बड़े लड़के परमिल सिंह को वर्दी, सिंगरौली व साहपुर के क्षेत्र मिले जबकि छोटा लड़का भरीमल सिंह ठिकाने पर ही रहा जिसने अपनी नवीनतम राजधानी गढ़वा में स्थापित की। वर्दी राज्य स्थापित होने के पश्चात कई राजाओं ने यहाँ शासन किया। विक्रम संवत् 1835 में महाराजा अजीत सिंह व जारज पुत्र बाबू केशोराय ने वर्दी पर चढ़ाई कर दी। जिससे वर्दी राज्य रीवा राज्य के अधीन हो गया। माघ सुदी दिसम्बर 1861 को वर्दी के राजा अजीत सिंह ने महाराजा अजीत सिंह बघेल को यह लेख दिया कि वे मामला के साथ सेवा में हाजिर रहेंगे। वि. संवत् 1876 में वर्दी के राजा अजीत सिंह चंदेल ने अपनी रानी जगत कुमारी के साथ आकर राज्य के 18 में से 15 गढ़ रीवा राज्य को सौंप दिया। बाद में आंतरिक कलह के कारण चंदेल शासकों ने सम्पूर्ण जागीरदारी ही 1819 ई. में रीवा नरेश जय सिंह देव को समर्पित कर दिया। इस प्रकार सिंगरौली जिले कके अधिकांश क्षेत्र में 600 वर्षों तक चंदेला की प्रभुसत्ता बनी रही। इसी समय चौहानों के 19 गाँव जो कि वर्दी राज्य में मिले हुए थे, रीवा राज्य में आ गये जिससे वे चौहान भी रीवा राज्य के मामलेदार हो गये। सिंगरौली के वेणुवंशी राजा जो कि खैरवार

राजा को मारकर राजा बने थे, रीवा राज्य के आधीन होकर मामला देने लगे।

बघेलवंश के इतिहास के संबंध में कई तरह की किवदंतियाँ हैं एवं पुस्तकों में मिलती हैं। इस वंश के संस्थापक व्याघ्रदेव हैं। व्याघ्रदेव ने गुजरात से आकर भरवालन्द गोड़ को जीतकर अपनी सत्ता स्थापित की। तरौहा के राजा मुकुन्ददेव चन्द्रावल ने अपनी कन्या शिन्दूर मती का विवाह व्याघ्रदेव के साथ कर तरौहा का राज्य उन्हें सौंपकर तीर्थ यात्रा के लिये चले गये। तभी से व्याघ्रदेव का शासनकाल प्रारम्भ हुआ। व्याघ्रदेव अपनी साम्राज्यवादी नीति को सफल बनाते हुए आस-पास के राज्यों को अपने राज्य में मिला लिया एवं गहोरा को अपनी राजधानी बनाया। इस समय तक राजपूतों का सौभाग्य सूर्यास्त हो चुका था। मुसलमान ही भारत में प्रमुख शासक बन चुके थे। गुलाम वंश का बादशाह अल्तुतमिस इस समय उत्तरी भारत पर शासन करता था। यद्यपि कालिंजर का किला मुसलमानों के अधीनस्थ था तथापि गभौरा के जंगली भागों में उसका आधिपत्य ढीला था। अतः गभौरा के बाद कसौटा को अपने आधिपत्य में लेकर इन्होंने विन्ध्य पर्वतमाला के प्रदेशों पर अपना अधिकार कर लिया अर्थात् समूचा बघेलखण्ड व्याघ्रदेव के अधीनस्थ था।

व्याघ्रदेव के बाद उनके सबसे बड़े पुत्र कर्णदेव गभौरा की गद्दी पर आसीन हुए। उनके भाई कन्धरदेव को कसौआ का राज्य मिला। चौदहवीं पीढ़ी में राव विक्रमादित्य ने चुरहट खानदान की नीव डाली। अकबर के समय से ही कसौटा राज्य को इलाहाबाद क्षेत्र में मिला लिया गया था। प्रारंभ के पन्द्रह राजाओं के राजकाल के विषय में बहुत कम बातें ज्ञात हैं।

सोलहवें महाराजा मैघदेव वि. सं. 1470 में सिंहासनारूढ़ हुए। इनके दो विवाह हुए। प्रथम उन्नाव जिले के राजा वगीसर की लड़की रनदेवी के साथ हुई थी। दूसरा चित्तौड़ के महाराज लाखा सिंह की पुत्री अनूप कुमारी से हुआ था। मैघदेव का शासनकाल वहलोल लोदी के समय का था। लोदी उस समय भारत वर्ष का बादशाह था इन्हीं के शासन काल में वहलोल लोदी के पुत्र सिकन्दर लोदी ने इस क्षेत्र पर चढ़ाई की। महाराज मैघदेव ने उससे भिड़ने के बजाय उसकी आधीनता स्वीकार कर ली। 1495 में पुनः सिकन्दर लोदी का आक्रमण इस क्षेत्र पर हुआ। कुछ समय बाद सिकन्दर लोदी पुनः सिकन्दर लोदी का आक्रमण इस क्षेत्र पर हुआ। कुछ समय बाद सिकन्दर लोदी पुनः वापस चला गया एवं मैघदेव के पुत्र सालिवाहन को गद्दी पर बैठने का अवसर मिला। इनके शासनकाल में लोदी को कभी सफलता नहीं मिली।

सन् 1564 ई. में अकबर के आक्रमण का उल्लेख मिलता है। महाराज रामचन्द्र को अकबर ने पराजित किया था। इसी समय महाराज रामचन्द्र एवं मुगल शासकों के बीच मैत्री संधि हुई। परिणामस्वरूप नावालिग विक्रमादित्य के राज्य को अकबर से संरक्षण मिला। बाधवगढ़ का किया अकबर ने अपने अधिकार में लेकर ''पात्र दास'' गवर्नर नियुक्त किया। विक्रमादित्य के बड़े होने पर अकबर ने उन्हें वापस भेज दिया। विक्रमादित्य के ज्येष्ठ पुत्र अमर सिंह ने भी सन् 1624 में जहाँगीर की दरवार में अपनी अधीनता स्वीकार की। शाहजहाँ के शासन काल में ओरछा के बागी राजा जुझार सिंह के विरुद्ध खान मैदान के युद्ध में साथ भी दिया। 1649 में अमर सिंह की मृत्यु के समय युवराज अनूप सिंह की उम्र कम होने के कारण राज्य को निर्बल देख ओरछा नरेश पहार सिंह ने इस पर चढ़ाई कर दी। अतः 1655 में अनूप सिंह शाहजहाँ से मिलने गये एवं मैत्री संबंध स्थापित किया। अनूप सिंह के पुत्र भाव सिंह को किसी आपत्ति का सामना नहीं करना पड़ा। इनके कोई संतान न होने के कारण इन्होंने अपने छोटे भाई जसवंत सिंह के छोटे लड़के अनिरुद्ध सिंह को गोद लिया।

अनिरुद्ध सिंह की मृत्यु के बाद उनके पुत्र अवधूत सिंह गद्दी पर आसीन हुए। इसी समय पन्ना के राजा हिरदेशाह द्वारा राज्य पर चढ़ाई की गयी। बाद में बहादुर सिंह की मदद से राज्य वापस मिल गया। अवधूत सिंह के पश्चात 1755 ई. में उनके पुत्र अजीत सिंह ने राज्य का कार्य भार सम्भाला। इनके शासन काल में मुगलों की शक्ति प्रायः समाप्त थी। मराठों की शक्ति ही सर्वोपरि थी। अंग्रेज प्रशासक भारतीय शासकों की जड़े हिलाने में लगे थे। ऐसे दुर्दिन में भी महाराजा अजीत सिंह विदेशियों से लोहा लेते रहे।

सन् 1758 में अली गौहार (शाह आलम) एवं अंग्रेज सेनापति क्लाइव के बीच युद्ध हुआ जिसमें अली गौहार पराजित होकर अजीत सिंह के राज्य में शरण लिया। शाह आलम के साथ उनकी गर्भवती बेगम भी थी जिससे अकबर द्वितीय का जन्म हुआ। जो बाद में अकबर शाह यानी द्वितीय के उपनाम से दिल्लेश्वर कहलाया। सन् 1803-04 में अंग्रेजों एवं मराठों के बीच संघर्ष के पश्चात बेसिन की संधि हो जाने पर अंग्रेजों ने रीवा राज्य में भी संधि प्रस्ताव भेजा किन्तु महाराजा अजीत सिंह को यह प्रस्ताव मंजूर नहीं था। परिणामस्वरूप आजीवन अंग्रेजों से संघर्ष करते रहे जिसमें काफी जन एवं धन की हानि हुई। सन् 1804 में नागपुर के भोसला राजा ने दक्षिणी रीवा के सोहागपुर एवं चंदिया पर अधिकार कर लिया परन्तु जब सन् 1818 में भोसला के राज्य पर अंग्रेजों का अधिकार हुआ तब रीवा राज्य के हुजूरदारी करने पर चंदिया इलाका एवं राज्य को वापस कर दिया गया। सोहागपुर सन् 1857 के गदर के बाद वापस हुआ।[5]

अजीत सिंह के बाद उनके पुत्र जय सिंह सन् 1809 में गद्दी पर बैठे। एवं 24 वर्ष राज्य करने के बाद 1833 में उनकी मृत्यु हो गयी। जय सिंह के उपरान्त 1833 में महाराजा विश्वनाथ सिंह ने राज्य की बागडोर संभाली। इनके शासनकाल में अंग्रेजों को बहुत बढ़ावा मिला। लार्ड विलियम वैटिंग ने महाराजा रघुराज सिंह के अंग्रेजी अध्यापन के लिए कृष्ण भट्टाचार्य को भेजा था। सन् 1854 में इस राज्य का आधिपत्य महाराजा रघुराज सिंह ने संभाला। इनके शासनकाल में ही सन् 1857 में अंग्रेजी सत्ता के विरुद्ध प्रसिद्ध विद्रोह हुआ किन्तु इन्होंने अंग्रेजों का साथ दिया था। सर्वप्रथम रीवा राज्य में 1862 में ब्रिटिश गवर्नमेन्ट की एजेन्सी कायम हुई। 1857 में महाराजा रघुराज सिंह ने अपने शासन की समस्त बागडोर अंग्रेजों के हाथ सुपुर्द कर दी केवल अपने गुजारे के लिए 15 हजार रुपये मासिक लेना स्वीकार किया था।

विभिन्न इतिहासकार व्यंकट रमण सिंह के शासन काल को सन् 1880 से मानते हैं। अतः इतिहास की प्रमाणिकता को मानते हुए महाराजा व्यंकट रमण सिंह का शासन काल प्रत्यक्षतः या परोक्षतः 1880 को ही माना जा सकता है। इन्होंने 38 वर्ष तक राज्य की सत्ता की बागडोर को संभाले रखा। इनके शासन काल में 1895 तक राज्य का शासन प्रबंध पूर्ववत पोलिटिकल अफसरों के हाथ में बना रहा। राज्याधिकार प्राप्त होने के थोड़े दिनों बाद सन् 1907-08 में भयानक दुर्भिक्ष पड़ा किन्तु इन्होंने जनहित में अनेक कार्य किया। आपने अपने समय में रीवा राज्य के सैनिक संगठन का पुनरुद्धार किया। महाराजा व्यंकट रमण की मृत्यु के बाद वर्षो तक (1918 से 1922) महाराजा रतलाम इस राज्य में रिजेन्ट नियुक्त किए गये एवं राज्य शासन रिजेन्सी कौन्सिल द्वारा होता रहा। 1922 में गुलाब सिंह को पूर्ण राज्याधिकार प्राप्त हुआ। इन्होंने जनहित हेतु ''बैंक ऑफ बघेलखण्ड'' की स्थापना करायी। इनके शासन काल में राज्य के लगभग सभी भागों को सड़कों द्वारा मिलाने की योजना बनायी गयी। इनके शासन काल में अंग्रेजों को अपने अवसर की तलाश जारी रही किन्तु

गुलाब सिंह ने अपने कुशाग्र बुद्धि का उपयोग करते हुए राज्य में उत्तरदायी शासन की घोषणा कर दी।

31 जनवरी सन् 1946 को ब्रिटिश सरकार ने युवराज मार्तण्ड सिंह को रीवा राज्य का शासक बनाने की घोषणा कर दी। 1 मार्च को इन्हें पूर्ण राज्याधिकार प्राप्त हुआ। 15 अगस्त 1947 को भारत स्वतंत्र हो गया राज्य में धारा सभा के गठन की कार्यवाही समाप्त कर दी गयी। कैबिनेट मिशन योजना के तहत भारत की संविधान सभा में प्रत्येक देशी रियासत से दो ऐजेन्ट भेजे जाने लगे। रियासतों के एकीकरण की प्रक्रिया का प्रभाव रीवा राज्य पर भी पड़ा।[6] अन्ततः 7 अप्रैल 1948 को बघेलखण्ड एवं बुन्देलखण्ड की 35 रियासतों को मिलाकर विन्ध्य प्रदेश के निर्माण की घोषणा की गयी। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश के अनुसार 1.11.56 को विन्ध्य प्रदेश, भोपाल, महाकौशल, एवं मध्य भारत क्षेत्रों को मिलाकर मध्य प्रदेश का निर्माण हुआ जिसमें सिंगरौली म.प्र. की एक तहसील बनी। जिसका जिला मुख्यालय सीधी था।

**संदर्भ स्त्रोत**

1. डॉ. हीरालाल शुक्ल : भाषिकी के दस लेख
2. इण्डियन एक्टिक वेरी, पृ. 6 जिल्द 19
3. भारतीय ताम्रपत्र, तीसरा खण्ड बारमां व रायल सोसाइटी का जरनल, 1987
4. एपिग्राफिक इण्डिया जिल्द दो, पृ. 304, आर्कियालाजी सर्वे रिपोर्ट जिल्द 1 पृ. 122, जिल्द 21 पृ. 103
5. गुरु रामप्यारे, अग्निहोत्री (1972) रीवा राज्य का इतिहास, म.प्र. साहित्य परिषद्, भोपाल
6. डॉ. अखिलेश शुक्ल रीवा राज्य का इतिहास, गायत्री पब्लिकेशन, बिछिया, रीवा

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR
5.299
Paper Recieved : 20th Aug 21 Paper Accepted : 28th Aug 21

# ''गीतरामायणम् महाकाव्य में छन्द विधान''

❑ संतोष कुमार तिवारी*
❑ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद चतुर्वेदी**

**शोध सारांश**

**शोध-सारांश**—गीत परम्परा में प्रणीत इस महाकाव्य का छन्द विधान अद्भुत है। प्रस्तुत महाकाव्य में जगद्गुरुस्वामीरामभद्राचार्य ने स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीडित, मन्दाक्रान्ता, अनुष्टुप्, वंशस्थ, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति इत्यादि पच्चीसों साहित्यिक छन्दों को बड़ी कुशलता के साथ संदर्भ श्लोक के रूप में प्रयोग किया है शोध-पत्र में गीतरामायणम् में छन्द विधान को प्रस्तुत करने का अनुपम प्रयास है।

**मुख्य शब्द**—गीतरामायणम्, महाकाव्य, छन्द, वंशस्थ, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, अनुष्टुप्, उपजाति, शालिनी, मालिनी, रथोद्धता, मन्दाक्रान्ता, स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीडित आदि।

## प्रस्तावना

प्रस्तुत शोध-पत्र के अन्तर्गत महाकाव्य में प्रयुक्त छन्दों— स्रग्धरा, शार्दूलविक्रीडित, मन्दाक्रान्ता, अनुष्टुप्, वंशस्थ, इन्द्रवज्रा, उपेन्द्रवज्रा, उपजाति इत्यादि पच्चीसों साहित्यिक छन्दों को उल्लिखित करने का प्रयास है। 'छन्द' शब्द का अर्थ है बंधी हुई रचना। 'छदि बन्धने' धातु से 'छन्द' शब्द की व्युत्पत्ति होती है। अर्थात् छन्द का अर्थ है नियमों से बंधी हुयी, व्यवस्थित, लयबद्ध एवं स्वरों से समन्वित रचना। जब कोई रचना छन्द में होती है तब वह हृदय में स्फूर्ति देने वाली तथा आनन्द का सम्वर्धन करने वाली होती है। किसी के मुख से तालस्वरबद्ध रचना सुनकर स्वयं हृदय व मन में गुदगुदी उठती है, भले ही स्वरबद्ध रचना का अर्थ समझ में आए अथवा न आए किन्तु अन्तःकरण में सुखानुभूति अवश्य होती है। इस प्रकार की छन्दोबद्ध रचनाएँ जल्दी ही सुनने-कहने वालों को याद हो जाती हैं।

इसके विपरीत जब रचनाएँ गद्य में लिखी जाती हैं तो उसमें स्वर की मधुरता व व्यवस्थित ताल के अभाव के कारण उस गद्यात्मक रचना का भाव अन्तःकरण के बोध का विषय नहीं बन पाता है। शायद इसीलिए प्राचीन रचनाकारों ने अपने साहित्य की रचना छन्दोविधान में की है। वेदों में प्रतिष्ठित सामवेद तो पूर्णरूप से छन्दोबद्ध प्राप्त होता है, जिसमें गेयता, संगीतात्मकता एवं हृदयावर्जकता विद्यमान रहती है। संगीत की मधुर धुन, किस प्राणी को अपनी ओर आकर्षित करते हुए अमृतत्व में नहीं निमग्न कर देती? अर्थात् सभी प्राणी

* शोधार्थी, शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (संस्कृत), शास. टी.आर.एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

अपना चित्त खो बैठते हैं। श्रीमद्भागवत्महापुराण के दशम स्कन्ध में वेणुगीत यानी इक्कीसवें अध्याय में वर्णन आया है कि जब भगवान् श्रीकृष्ण ने श्रीधामवृन्दावन में वेणुनिनाद किया तब सभी प्राणियों का मन अपहृत हो गया यानी वंशी की धुन ने सबका चित्त खींच लिया। तात्पर्य यह है कि संगीतमयी छन्दोबद्ध रचना न केवल बुद्धिप्रधान मानवों को अपितु हिंसक से हिंसक जीवों को भी अपना स्वभाव छोड़ने के लिए विवश कर देती है। अतएव साहित्यिक में 'छन्द' नामक बिन्दु का अध्ययन अपरिहार्य है। वाल्मीकिरामायण से लेकर अद्यावधि, जितनी साहित्यिक रचनाएँ लौकिक संस्कृत में उपनिबद्ध की गयीं सबकी सब (लगभग ९० प्रतिशत) छन्दोबद्ध होकर शेमुषीधारकों के लिए कण्ठ की शोभा बनती रही हैं।

यद्यपि परवर्ती साम्प्रतिक रचनाओं में प्राचीन छन्दों के प्रयोग का आग्रह कम देखा जाने लगा। कवियों ने उन्मुक्त होकर स्वतंत्र रूप से रचना करना प्रारम्भ किया, जिसे नई कविता का अभिधान प्राप्त हुआ। फिर भी काव्य का विधान बिना छन्द के सम्भव न होता देखकर आज भी कवियों ने विविध प्राचीन छन्दों का प्रयोग जारी रखा। कारण यह है कि 'छन्द' के वेदपुरुष यानी वेद एवं तदंगभूत अन्यपुराणादिशास्त्रों का पैर माना गया है।[1] जिस प्रकार कोई भी प्राणी बिना पैर के चलने-फिरने, आने-जाने में समर्थ नहीं होता है। उसी प्रकार वेदादिशास्त्र एवं साहित्यिक रचनाएँ भी बिना 'छन्द' (पैर) के बहुत कालावधि तक ठहर नहीं पाती हैं। कालगर्भ में विलुप्त प्राय हो जाती हैं। अतएव छन्दोविधान की बड़ी महिमा है। छन्दोबद्ध रचनाएँ आकर्षक, सरल, रुचिकर, सद्यः अर्थबोध एवं मुखाग्र करने में सहायक होती हैं।

प्रस्तुत महाकाव्य 'गीतरामायणम्', महाकवि 'गिरिधर' की स्वयं गीतात्मक रचना है। अतः महाकवि ने अपने इस महाकाव्य में बड़े ही आकर्षक ढंग से कई प्रकार के छन्दों का प्रयोग किया है। महाकाव्य में जहाँ, जिस प्रकार के भावों का समुदय हुआ है, उन्हीं भावों के अनुवर्तक छन्दों का प्रयोग किया गया है। प्रसंगानुकूल छन्दोयोजना में मानो महाकवि सिद्धहस्त जान पड़ते हैं। महाकवि 'गिरिधर' ने अपने महाकाव्य में जहाँ जैसे भाव आते गए वैसे ही छन्दों का प्रयोग सहज ढंग से कर दिया है।

उन्होंने 'गीतरामायणम्' में छन्दों का प्रयोग प्रयासपूर्वक यानी बुद्धि व्यायाम के साथ नहीं किया अपितु सहजता के साथ किया है। पच्चीसों प्रकार के छन्दों में श्लोकों की रचना करना महाकवि की छन्दोनिपुणता को सहत ही सिद्ध करती है। महाकवि ने प्राचीन छन्दः शास्त्र के अनुकूल अनेक छन्दोबद्ध श्लोकों की सर्जना तो किया ही है, साथ ही महाकवि जयदेव की शैली में अनेकानेक राग-रागिनियों की प्रवाहमयी शैली में गीतों की रचना की है। प्राचीन छन्दों में रचना को सहेजते हुए उन्होंने सम्पूर्ण रामकथा को 1008 गीतों में उपनिबद्ध करके जनमानस को अपनी कथाओं प्रवचनों में स्वयं गा-गा कर के आह्लादित किया है।

जगद्गुरुरामभद्राचार्य के प्रकृत 'गीतरामायणम्' नामक महाकाव्य में छन्दोविधान को निम्न बिन्दुओं के माध्यम से समझा जाता है।

**1. सर्वाधिक छन्दों का प्रयोग**—'गीतारामायण्' महाकाव्य के छन्दोविधान की प्रथम वैशिष्टता सर्वाधिक छन्दों में काव्य रचना है। इसमें महाकवि ने बालकाण्ड से लेकर उत्तरकाण्ड तक में पच्चीस से भी अधिक छन्दों का प्रयोग किया है, जो प्रायः अन्य पूर्ववर्ती महाकाव्यों में दुर्लभ है। सम्पूर्ण महाकाव्य में सर्वाधिक रूप से 'अनुष्टुप्', जिसे छन्दशास्त्र में 'श्लोक' भी कहा जाता है, का प्रयोग सत्तर (70) श्लोकों में किया है। इन्द्रवंशा, प्रमाणिका, रुचिरा एवं पृथ्वी जैसे छन्दों का पूर्ववर्ती कवियों ने प्रायः कम प्रयोग किया है, किन्तु महाकवि 'गिरिधर' की पञ्चप्रशाखी से ऐसे दुर्लभप्राय छन्द भी सरलता से समुद्भूत हुए हैं। कवि के ऐसे दुर्लभप्राय छन्दोविधान, कवित्व की उदात्तता एवं छन्दशास्त्र-निपुणता का बोध होता है। सम्पूर्ण महाकाव्य में बालकाण्ड के तृतीय सर्ग पृष्ठ 92 में 1 एवं एकादश सर्ग पृष्ठ 312 सन्दर्भ श्लोक 3 व 4 अर्थात् 2, कुल 03 श्लोकों की रचना महाकवि ने किन छन्दों में किया है,

का निश्चय, उपलब्ध पुस्तकों के आधार पर खोजने के बाद भी शोधार्थी नहीं कर पाया। शायद ये छन्द नवीन हों या पूर्ववर्ती कवियों द्वारा इनका प्रयोग बहुत ही कम मात्रा में किया गया हो अथवा आर्ष-प्रयोग हो सकते हैं।

**2. सर्वाधिक प्रिय छन्द**—महाकाव्य के प्रारम्भ और अन्त में तथा अन्य कुछ सर्गों में मङ्गलाचरण के रूप में महाकवि ने 'स्रग्धरा' छन्द का प्रयोग किया है तथा सम्पूर्ण महाकाव्य में 'अनुष्टुप्' के बाद 'शार्दूलविक्रीडित' छन्द का सर्वाधिक प्रयोग किया है, जिससे पता चलता है कि स्रग्धरा, अनुष्टुप् एवं शार्दूलविक्रीडित इनके सर्वाधिक प्रिय छन्द हैं। इसके अलावा द्रुतबिलम्बित, शिखरिणी, उपेन्द्रवज्रा, इन्द्रवज्रा, उपजाति एवं मन्दाक्रान्ता छन्द कवि के प्रिय छन्दों में परिगणित हैं।

**3. सन्दर्भ के रूप में श्लोकों का प्रयोग**—'गीतरामायणम्' महाकाव्य उत्तर-भारत की विविध भाषा सम्बद्ध बोलियों की लोकधुनों में रचित 1008 गीतों से गुंफित होने के बाद भी कथा का गति प्रदान करने, घटनाक्रम को परिवर्तित करने अथवा भाव स्पष्टीकरण के उद्देश्य से आगे आने वाली गीतों की भूमिका के रूप में उद्भासित सन्दर्भ श्लोकों में विरचित महाकाव्य है। यथा—

**''अथ मरुत्पतिपूज्यपदाम्बुजो**
**निखिलनिर्जरलोकशिखामणिः।**
**जनकजाननदर्शनकाङ्क्षया न शिथिलो**
**मिथिलामगमद्धरिः॥''**[2]

प्रस्तुत श्लोक, देव शिरोमणि श्रीराम द्वारा जानकी जी के श्रीमुख-दर्शन में शिथिलता न बरतने एवं मिथिलापुरी पधारने के सन्दर्भित भाव में लिखा गया है, जिसके ठीक बाद उक्त भावना का गीत लिखा गया है—

**''एतौ दशरथ राजकिशोरौ।**
**नील-पीतजलजातसुन्दरौ**
**विश्वविलोचनमानसचोरौ॥**
**यज्ञार्थं याचितौ च मुनिना रुदता पित्रा समनुज्ञातौ।**
**काकपक्षचन्द्रकशिखण्डकौ सार्धं कौशिकमुनिना**
**यातौ॥''**[3]

**4. भावानुसार छन्द रचना**—प्रकृत महाकाव्य में महाकवि ने छन्दों की रचना प्रासंगिक भावों में किया हैं भावानुसार छन्द प्रयोग से काव्य में भाव-प्रवणता एवं गतिशीलता का सर्वत्र दिग्दर्शन होता है। महाकाव्य के आदि एवं अन्त तथा अन्य स्थलों पर भी मङ्गलाचरण के रूप में 'स्रग्धरा' छन्द का प्रयोग किया गया है। 'स्रग्धरा' शब्द का अर्थ ही होता है—'मालाधारण करने वाली'। इस प्रकार भगवद्स्मरण, आराधना एवं महापुरुष के सम्मानार्थ 'स्रग्धरा' छन्द का प्रयोग प्रासंगिक है। सर्वाधिक संख्या में प्रयुक्त अनुष्टुप् छन्द घटना क्रम को गति प्रदान करते हैं। घटनाक्रम को बदलने एवं समर्पण भाव में प्रायः शार्दूलविक्रीडित' छन्द का प्रयोग है। मन्दाक्रान्ता प्रायः भक्ति, प्रीति, विरह एवं ॠतु वर्णन में प्रयुक्त है। प्रसन्नता के भाव में प्रायः द्रुतविलम्बित एवं लोकमङ्गल, हर्षोल्लाष, अभिनन्दन इत्यादि भावों में उपेन्द्रवज्रा, मङ्गलकामना, ईशवर्णन एवं समर्पणादि भावों में इन्द्रवज्रा का प्रयोग महाकवि ने रमणीयता के साथ किया है। उपजाति का प्रयोग दार्शनिक विवेचन के साथ ॠतुवर्णन में किया गया है।

ईशवर्णन, आराधना, मङ्गलोत्सव, ब्रह्म की श्रेष्ठता, श्रेष्ठ संदेश-सम्प्रेषण, जन्मोत्सव अभिवादन आदि भावों में शालिनी, मालिनी एवं पुष्पिताग्रा आदि छन्दों का प्रयोग अनुपम है। सहृदयों के हृदय में प्रेम भरने एवं प्रिया-प्रियतम के सरस शृंगारिक वर्णनादि में 'वसन्ततिलका' छन्द का मधुर प्रयोग है। 'शिखरिणी' छन्द का प्रायशः ब्रह्मानन्द प्रेमानुभूति एवं ईश्वर लीला के प्रसङ्गों में, 'वंशस्थ तथा 'रुचिरा' का प्रयोग बाल सुलभ सौन्दर्य-वर्णन, अभीष्ट की प्राप्ति हेतु देवताओं या गुरुजनों के प्रति की गयी प्रार्थना के भावों में मनोहर है। आर्या, औपछन्दसिक, वियोगिनी, पृथ्वी, प्रमाणिका, इन्द्रवंशा, दोधक, रथोद्धता एवं अन्यान्य छन्दों का भी अन्यान्य प्रासंगिक भावों में अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय देते हुए प्रयोग करके महाकवि ने महाकाव्य रचना चातुरी में चार-चाँद लगा दिया है। उदाहरण स्वरूप प्रभु श्रीराम के प्रकट हो जाने पर 'शिखरिणी' छन्द में महाकवि द्वारा रचित सन्दर्भ श्लोक द्रष्टव्य है—

''अयोध्यासौभाग्ये प्रकटिततनौ श्रीरघुपतौ, नटन् गायन्नृत्यन् प्रणदितसुवाद्यः पुरजनः।

स्फुरद्ब्रह्मानन्दः शिशुरुदितसंस्रावमुदितो, दृगं भो निष्यन्दो मधुरमिदमूचे दशरथः।।''[4] महाकाव्य के समापन पर विश्रामश्लोक के रूप में प्रयुक्त मंगलमय कामना पूरित 'स्रग्धरा' छन्द उदाहरणस्वरूप प्रस्तुत है—

''श्रीसीतारामपदाम्बुजरसरसिके नाप्तबोधेन दिव्यं, नव्यं गीतैः परीतं वसुखखहरिभिः प्रेमभक्त्येकसारम्।

गीतं श्रीदेववाण्यां गिरिधरकविना गीतरामायणं तत्, नित्यं श्रीरामभक्तिं दिशतु सुकृतिनां गीतसीताभिरामम्।।''[5]

**5. शतृप्रत्ययान्त धातुओं का प्रयोग**—श्रीमद्भगवद्गीता में प्रयुक्त शतृप्रत्यायान्त धातुओं की भाँति, धातुओं का बहुशः प्रयोग महाकवि ने उत्तरकाण्ड के द्वितीय सर्ग, मङ्गलाचरण में किया है, जो कवि की रचना चातुरी उद्भासित करती हैं—

''वैदेहीं रमयन् सखींश्च मृडयन्नायोध्यकान् रञ्जयन्, सौन्दर्य कलयन् बलं प्रबलयन् प्रीताः प्रजाः पालयन्।

संस्कारान् स्रजयन् चरित्रमहसा लोकत्रयं शिक्षयन्, वार्तिं वत्सलयन् कविं गिरिधरं राजाधिराजोऽवतु।।''[6]

**6. 'गीतरामायणम्' महाकाव्य में प्रयुक्त छन्दों का विश्लेषण**—सम्पूर्ण 'गीतरामायण्' महाकाव्य में महाकविजगद्गुरुस्वामीरामभद्राचार्य ने मङ्गलाचरण, सन्दर्भ श्लोक एवं विश्राम श्लोक के रूप में कुल तीन सौ अढ़तालीस (348) श्लोकों का विविध छन्दों में एवं विविध भावों में प्रयोग किया है, जिसका समग्र विश्लेषणात्मक अध्ययन इस प्रकार तालिका बद्ध किया गया है—

**बालकाण्ड**

| क्र. | सर्ग<br>छन्द | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | पंचम | षष्ठम | सप्तम | अष्टम | नवम | दशम | एकादशम | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्रग्धरा | 02 | 02 | 00 | 02 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **07** |
| 2. | द्रुतविलम्बित | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 02 | 01 | 02 | 06 | 04 | **18** |
| 3. | मन्दाक्रान्ता | 02 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 02 | **07** |
| 4. | शार्दूलविक्रीडित | 02 | 03 | 02 | 04 | 00 | 01 | 02 | 02 | 00 | 05 | 02 | **23** |
| 5. | इन्द्रवज्रा | 01 | 02 | 00 | 02 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | 01 | **11** |
| 6. | अनुष्टुप् | 01 | 03 | 04 | 05 | 04 | 04 | 13 | 05 | 08 | 02 | 03 | **52** |
| 7. | शालिनी | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **04** |
| 8. | पुष्पिताग्रा | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | **03** |
| 9. | शिखरिणी | 00 | 02 | 01 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 | 00 | 01 | **09** |
| 10. | उपेन्द्रवज्रा | 00 | 00 | 03 | 02 | 03 | 01 | 01 | 00 | 02 | 04 | 02 | **18** |
| 11. | भुजङ्गप्रयात | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| 12. | वंशस्थ | 00 | 00 | 00 | 02 | 01 | 02 | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | **08** |
| 13. | आर्या | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 | 01 | 00 | 00 | 00 | **04** |
| 14. | उपजाति | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 04 | 00 | 01 | 00 | 02 | **08** |
| 15. | रुचिरा | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **03** |
| 16. | वसन्ततिलका | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | **04** |
| 17. | औपछन्दसिक | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 02 | 01 | 00 | 01 | **07** |
| 18. | मालिनी | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | **02** |
| 19. | वियोगिनी | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | 00 | 00 | **03** |
| 20. | अन्य | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | **03** |
| | योग | **09** | **16** | **13** | **19** | **16** | **14** | **33** | **12** | **22** | **21** | **20** | **195** |

## अयोध्याकाण्ड

| क्र. | सर्ग / छन्द | प्रथम | द्वितीय | तृतीय | चतुर्थ | पंचम | षष्ठम | सप्तम | अष्टम | नवम | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्रग्धरा | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| 2. | शार्दूलविक्रीडित | 02 | 01 | 03 | 04 | 01 | 03 | 02 | 00 | 01 | **17** |
| 3. | द्रुतविलम्बित | 01 | 00 | 00 | 03 | 00 | 00 | 00 | 00 | 03 | **07** |
| 4. | वंशस्थ | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | **05** |
| 5. | उपजाति | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| 6. | रुचिरा | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | **04** |
| 7. | मालिनी | 01 | 00 | 00 | 02 | 00 | 02 | 00 | 01 | 00 | **06** |
| 8. | मन्दाक्रान्ता | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 02 | 00 | **05** |
| 9. | इन्द्रवज्रा | 00 | 01 | 00 | 03 | 00 | 00 | 00 | 01 | 02 | **07** |
| 10. | भुजङ्गप्रयात | 00 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| 11. | अनुष्टुप् | 00 | 02 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | **05** |
| 12. | उपेन्द्रवज्रा | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| 13. | आर्या | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | **02** |
| 14. | पृथ्वी | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| 15. | शिखरिणी | 01 | 00 | 00 | 03 | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | **06** |
| 16. | प्रमाणिका | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| 17. | शालिनी | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 02 | **04** |
| 18. | इन्द्रवंशा | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| 19. | दोधक | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | **01** |
| 20. | वसन्ततिलका | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 02 | 00 | **02** |
| | **योग** | **11** | **10** | **06** | **18** | **03** | **10** | **05** | **10** | **09** | **82** |

## अरण्यकाण्ड

| क्र. | सर्ग / छन्द | प्रथम | योग |
|---|---|---|---|
| 1. | स्रग्धरा | 01 | 01 |
| 2. | शार्दूलविक्रीडित | 01 | 01 |
| 3. | द्रुतविलम्बित | 01 | 01 |
| 4. | वंशस्थ | 02 | 02 |
| 5. | उपजाति | 01 | 01 |
| 6. | मन्दाक्रान्ता | 01 | 01 |
| 7. | इन्द्रवज्रा | 02 | 02 |
| 8. | अनुष्टुप् | 05 | 05 |
| 9. | शिखरिणी | 01 | 01 |
| 10. | शालिनी | 01 | 01 |
| 11. | पुष्पिताग्रा | 01 | 01 |
| 12. | वियोगिनी | 01 | 01 |
| | **योग** | **18** | **18** |

**किष्किन्धाकाण्ड**

| क्र. | सर्ग<br>छन्द | प्रथम | योग |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | शिखरिणी | 02 | **02** |
| 2. | शार्दूलविक्रीडित | 01 | **01** |
| 3. | द्रुतविलम्बित | 01 | **01** |
| 4. | उपेन्द्रवज्रा | 01 | **01** |
| 5. | उपजाति | 01 | **01** |
| 6. | शालिनी | 01 | **01** |
| | योग | **07** | **07** |

**सुन्दरकाण्ड**

| क्र. | सर्ग<br>छन्द | प्रथम | द्वितीय | योग |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| 1. | स्रग्धरा | 02 | 00 | **02** |
| 2. | आर्या | 02 | 00 | **02** |
| 3. | द्रुतविलम्बित | 01 | 00 | **01** |
| 4. | वंशस्थ | 01 | 01 | **02** |
| 5. | अनुष्टुप् | 02 | 02 | **04** |
| 6. | इन्द्रवज्रा | 00 | 01 | **01** |
| 7. | शालिनी | 00 | 01 | **01** |
| 8. | मन्दाक्रान्ता | 00 | 01 | **01** |
| 9. | उपेन्द्रवज्रा | 00 | 02 | **02** |
| 10. | दोधक | 00 | 01 | **01** |
| | योग | **08** | **09** | **17** |

## युद्धकाण्ड

| क्र. | सर्ग<br>छन्द | प्रथम | द्वितीय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | स्रग्धरा | 03 | 01 | **04** |
| 2. | रथोद्धता | 01 | 00 | **01** |
| 3. | इन्द्रवज्रा | 01 | 00 | **01** |
| 4. | शार्दूलविक्रीडित | 01 | 02 | **03** |
| 5. | उपजाति | 01 | 01 | **02** |
| 6. | अनुष्टुप् | 01 | 00 | **01** |
| 7. | पृथ्वी | 01 | 00 | **01** |
| 8. | वंशस्थ | 01 | 00 | **01** |
| 9. | भुजङ्गप्रयात | 00 | 01 | **01** |
| 10. | वियोगिनी | 00 | 01 | **01** |
| | योग | **10** | **06** | **16** |

## उत्तरकाण्ड

| क्र. | सर्ग<br>छन्द | प्रथम | द्वितीय | योग |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वसन्ततिलका | 01 | 00 | **01** |
| 2. | स्रग्धरा | 02 | 01 | **03** |
| 3. | पुष्पिताग्रा | 01 | 00 | **01** |
| 4. | उपेन्द्रवज्रा | 01 | 00 | **01** |
| 5. | मालिनी | 01 | 00 | **01** |
| 6. | इन्द्रवज्रा | 01 | 00 | **01** |
| 7. | शार्दूलविक्रीडित | 00 | 02 | **02** |
| 8. | शिखरिणी | 00 | 02 | **02** |
| 9. | द्रुतविलम्बित् | 00 | 01 | **01** |
| | योग | **07** | **06** | **13** |

## काण्ड के अनुसार गीतरामायणम् महाकाव्य में प्रयुक्त छन्दों का विश्लेषण

| क्र. | काण्ड छन्द | बालकाण्ड | अयोध्याकाण्ड | अरण्यकाण्ड | किष्किन्धाकाण्ड | सुन्दरकाण्ड | युद्धकाण्ड | उत्तरकाण्ड | योग |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | स्रग्धरा | 07 | 02 | 01 | 00 | 02 | 04 | 03 | 19 |
| 2. | द्रुतविलम्बित | 18 | 07 | 01 | 01 | 01 | 00 | 01 | 29 |
| 3. | मन्दाक्रान्ता | 07 | 05 | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 14 |
| 4. | शार्दूलविक्रीडित | 23 | 17 | 01 | 01 | 00 | 03 | 02 | 47 |
| 5. | इन्द्रवज्रा | 11 | 07 | 02 | 00 | 01 | 01 | 01 | 23 |
| 6. | अनुष्टुप् | 52 | 05 | 05 | 00 | 04 | 01 | 00 | 67 |
| 7. | शालिनी | 04 | 04 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 11 |
| 8. | पुष्पिताग्रा | 03 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 05 |
| 9. | शिखरिणी | 09 | 06 | 01 | 02 | 00 | 00 | 02 | 20 |
| 10. | उपेन्द्रवज्रा | 18 | 02 | 00 | 01 | 02 | 00 | 01 | 24 |
| 11. | भुजङ्गप्रयात | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 04 |
| 12. | वंशस्थ | 08 | 05 | 02 | 00 | 02 | 01 | 00 | 18 |
| 13. | आर्या | 04 | 02 | 00 | 00 | 02 | 00 | 00 | 08 |
| 14. | उपजाति | 08 | 02 | 01 | 01 | 00 | 02 | 00 | 14 |
| 15. | रुचिरा | 03 | 04 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 07 |
| 16. | वसन्ततिलका | 04 | 02 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 07 |
| 17. | औपछन्दसिक | 07 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 07 |
| 18. | मालिनी | 02 | 06 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | 09 |
| 19. | वियोगिनी | 03 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 05 |
| 20. | पृथ्वी | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | 00 | 02 |
| 21. | प्रमाणिका | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 |

The leads to quick and truthful representation of the real world in the best possible way. Remote sensing provides land resource data in the digital form & different bands of electromagnetic spectrum. Availability of such type data in different bands makes it very useful & easy way for delineation of land use / land cover classes. Land cover mapping both by visual interpretation and digital analysis is classification system facilitates the planners and researchers to study the spatial difference and distinction between various land are types, formulate temporal satellite data.

* Asst. Professor and Head Department of Mining Engineering, Jawahar Lal Nehru College of Technology, Rewa (M.P.) INDIA, Email: kalpanageology@rediffmail.com

The Odda River is third order stream and tributary of Belan River. The drainage pattern is of dendrite type. The climate is semi-arid to humid type in this region. The average annual rainfall of the area is about 1000mm however in the year 2015; it was recorded as 800mm. The temperature in summer months goes up to 460Cwhile as low as 40C during peak winter months. The relative humidity is about 75% during monsoon season.

Increasingly smaller supply of water resources, around water and sediment beneath the earth's surface, water is essential for life's sustenance and it's security is important component to the economic growth and health development of India it originates as rainfall or snow and they moves through the soil into groundwater system where it eventually makes its way back to surface streamed takes or oceans. Ground water is the only renewable mineral source catering the 60% of irrigation need and more then 85% of domestic need of rural population in our country (Day 2012) Ground water is affected by many factors such as physiochemical characteristics of soil, rainfall, weathering pattern of rocks chemical reaction, sub surface rode of micro-organism. Human and agricultural wastes and industrial fulfillments.

## GEOLOGY AND HYDROLOGY

Geologically the study area, is occupied by sandstone and shale or Rewa group belonging to upper Vindhyan Super Group. The groundwater occurs in semi confined to confined conditions (Table.1). Comprises with the North – Eastern to South – Eastern portion of the Rewa and lies between 24033'00" N latitudes and 24052'00"E longitude with total area coverage of 14619.19 sq. km. Study area is bounded by Belan river in the North, which makes the northern boundary of the area and river Son is situated in the south which makes southern boundary of the study area (Fig.1 (a) & (b)). The landscape of the region has undulating topography, this means it is located on a highly denuded Vindhyan upland and is crested by two rivers, the river Naina and Gorma, tributaries of Belan which flows in North – South direction. Both series of Vindhyan range is present here viz. lower and upper Vindhyan. Small Northern portion has plain topography, but major portion has steeep slope, covered with open mixed forest, plain portion covered with agricultural crop and settlement. Southern small part has Rewa plateau and Kaimur range, running parallel to Son river. Scattered bamboo trees are present in whole basin area with open and dense scrub. The basin is comprised of quartzite sandstone, diltstone and shales. The large part of the area is rocky, barren and sandy i.e. unsuitable for agriculture purpose.

The Odda river watershed area is located in the north-eastern part of the Rewa district having its areal extend of about 14619.19 sq. km. The general slope of the area has been found from south-west to north-east direction. The area is a hard rock terrain composed mainly of Precabrian Grantic Complex. The soil cover is enough to hold agriculture but not much to hold groundwater. It is thus the lineaments in the region that mainly controls the groundwater of the area. Though considering the land cover it is the agricultural lands and drainage area that helps water to go down the fractured granitic rocks helping to store groundwater. The drainage pattern of the area is mainly controlled by lineamentnts of various scales.

Hydrogeolically, the area lies in Precambrian sedimentary province (Karanth, 1987). Due to high silica cementation in sandstone, the primary porosity is low, whereas secondary porosity in the from of joints, fractures, beeding planes and weathered pediments makes the area favourable for groundwater explotaion (Bharti, 2009, Tiwari and Singh, 2010) (Fig. 2).

## Table-1 : Geology, Rewa District

| Age | Group | Series | Lithlogy | Nature & Characteristic |
|---|---|---|---|---|
| Quaternary | Allivium | | | Unconsolidated Sand.<br>Gravel & Clay |
| Neo – Proteozoic (late) | | Bhander | Sirbu Shale | Purple & Olive Green in Colour<br>Thinly laminated<br>Sily Shale to Missive With few Stro |
| | | | Nagod sandstone | Fine grained hard 7 Compact thinly bedded<br>to Missive With few Stro |
| | | | Gunurgarh or simrawal Shale | Soft purple and reddish brown thinly bedded to flaggy, calcareous with thin bands of Calcite and sypsum. |
| Neo – proteozoic (early) | | Rewa | Uppar Rewa Sandstone | Reddish brown hard and missing coarse grained<br>thinly bedded |
| | | | Jhiri or Kokah Shale | Soft reddish Splintery<br>with |
| Meso – Proteozoic (late) | | Kaimur | (a) Dandr aul quartzi te<br>(b) Bijing arh Shale | Fine Grained, hard Massi and thickly bedded. |





**Fig. 2 Hydrogeological Map of the Study Area**





**Fig. 3 Odda River Map of study area**

**Data Used:**

1. Toposheet
2. Satellite data.

**Aim and Objective:**

- Preparation of thematic data such as land use and land cover using Landsat-8 (operational land imager) data.
- Creating a land use and land cover map from satellite imagery using unsupervised classification.
- To analyze the land cover by various categories generated helping the groundwater recharge of the area.





**Fig. 4 Land use land cover Map of study area**

## LAND USE

The land use in the district, as per district statistical handbook 2006-07, A very large part of the district (13.60%) is covered with forests. Only 59% area of the.district is sown(Fig. 4). The maximum sown area i.e. 78% is in Naigarhi block and the minimum in i.e. 44% is in Jawa block. About 70% area in the district is double cropped. The double-cropped area is the same as in the year 2004-05 i.e. 4422.96 Sq. Kms.

A large part of the district is covered with forests (13.60%). Out of the total district area of 6287.45 sq. kms the forest area is 852.89 sq kms.

## CLIMATE AND RAINFALL

The climate of Rewa District, M.P, characterized by a hot summer and general dryness except during the south west monsoon season. The year may divide into four seasons. The cold season, December to February is followed by the hot season from March to about the middle or June. The period from [he middle of June to September is the south west monsoon season. October and November form the post monsoon or transition period.

The normal annual rainfall of Rewa District is 1141.5 mm Rewa District received maximum rainfall during south west monsoon period i.e. June to September. About 89.2% annual rainfall received during monsoon season. Only 10.8% of the annual rainfall takes place between October to May period. Thus surplus water for ground water recharge is available only during the south west monsoon period. The normal maximum temperature received during the month of May is 41.30C and minimum during the month or January 7.90C. The normal annual means maximum and minimum temperature of Rewa District is 31.80C & 18.40C respectively,

During the south west monsoon season the relative humidity generally exceeds 83% (August month). In the rest of the year is drier. The driest part of the year is the summer season. when relative humidity generally exceeds 8.3% (August month). In the rest or the year is drier. The driest part or the year is the summer season, when relative humidity's are less 37%. Normal Climatologically parameter for Rewa District (Table 2 & 3).

**Table 2**

| S. No. | | Jan. | Far. | Mar. | April | may | Jun. | July | Aag. | Sept. | Oce | Nov. | Des. | Annul |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Maximum Temp. | 24.4 | 26.6 | 32.3 | 38.3 | 41.3 | 38.6 | 32.5 | 31.2 | 31.8 | 32.4 | 28.6 | 24.2 | 31.8 |
| 2. | Maximum Temp | 7.9 | 10.7 | 15.5 | 21.4 | 25.8 | 26.8 | 24.5 | 23.9 | 23.4 | 19.6 | 13.3 | 8.4 | 18.4 |
| 3. | Relative Humidity (%) | 71 | 62 | 45 | 37 | 38 | 57 | 80 | 83 | 77 | 64 | 61 | 70 | 62 |
| 4. | Wind Velocity (km / l) | 2.0 | 2.6 | 3.2 | 3.9 | 5.0 | 6.4 | 5.3 | 4.6 | 3.8 | 2.5 | 1.8 | 1.6 | 3.6 |
| 5. | Rainfall (m.m) | 22.4 | 19.2 | 14.9 | 6.3 | 10.1 | 156.1 | 316.1 | 350.4 | 193.9 | 24.1 | 17.3 | 8.3 | 1139. |

**Table-3**

| Sr.No. | Land Use/Land Cover Classes | Approx. Area in Hectare | Area in sq. km | % Area |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Agriculture | 7116.15 | 71.16 | 7% |
| 2. | Forest (Open Mixed) | 8538.93 | 85.39 | 7% |
| 3. | Dense Scrub | 9185.09 | 91.85 | 7% |
| 4. | Open Scrub | 16812.9 | 168.13 | 10% |
| 5. | River | 5380.18 | 53.80 | 5% |
| 6. | Other water body/pond/lake | 997.607 | 9.98 | 1% |
| 7. | Stony/Rocky waste land | 29180.1 | 291.80 | 24% |
| 8. | Sandy land/Patches | 14898.6 | 148.99 | 8% |
| 9. | Settlement | 45825.0 | 458.25 | 31% |

**FOREST AREA**

The area of forest cover is usually associated with high relief, especially in Vindhyan region, presenting a prominent and distinct texture. They have brighter tone of brown & red colour Forest cover is a open mixed jungle type mainly composed of bamboos, It occupies 92.38 sq. km (6%) of total study areas. There are mainly two forest reserve are present in the study region viz. Dhakra & Salaiya reserve forest. They are will recognize in the North of the study region. Forest land represent areas that have a tree crown or areal density of 10% or >10.

**Open Scrub**

They are well recognized in the all part in the study region, but maximum are in these are associated with both hills and agricultural land. They have mixed tone of light brown and red & mainly present in North, central, East , and North west region. It occupies 175.22 sq. km. (12%) of total study area. Open scrub have mid dense foliage cover (30-70%). They are associated with grasses, herb and geophytes.

**Dense Scrub**

In the study area dense scrub is present in everywhere with the open mixed forest. It occupies 96.95 sq. km. (7%) of total study area, present in northern part of the study area (fig. 5).




**Fig. 5 Dense Scrub Forest Area**

## AGRICULTURAL AREA / CULTIVATED AREA

The observation with the help of the image interpretation reveals that the area under study is predominantly an agricultural region. In study area maximum areas come under poor cultivation because of whole areas comes in plateau or rocky region. Agricultural area is mainly present in North, central and NW part of the study area. It occupies 82.86 sq. km (6%) of the total study area (Fig. 6).

The cultivated area can be sub-ground as:

*Good cultivation*

This unit covers a small extent of the study area, These areas are mainly of low plains of the region. The village like Bahricha, Pathariya, & Kadhiyava, etc in the north, Dubgawn, Chaukara and Thuriha in central, & Misira, Bhadawal and Tikudosi in NW part characterized with this type of cultivation. This unit has a bright red tone.

*Moderate cultivation*

These are marked by the light red tone in the satellite imagery. The villages like Rampur, Hatwa, Sitapur, Nauriha, Amaraha, Belha, etc are partially or completely characterized with this type of cultivation.

*Poor cultivation*

Crop growing conditions are less favourable in these areas, such areas appeal on imagery by light to very light red tone mixed with yellow and brown patches. The village like Khormani, Balbhadragarh and Bahiyari, Bamangarh etc. is completely characterized with this type of cultivation.

*Stony / Rocky waste land*

Waste land is described as degraded land, which can be brought under vegetation cover with reasonably effort. This unit have patches are registered more in white color and a little of yellow or brown color on the whole imagery especially in north and middle portion of the imagery. The study area comes under plateau region, so maximum portion of the waste land is categorized under barren rocky waste. It occupies 301.95 sq km (21%) of the total study area.

*Sand patches*



**Fig. 6 Cultivated Area**

**Land not available for cultivation**

This category includes the area under non-agricultural uses i.e. settlements, roads, water bodies (Ponds, canals, river/stream etc.). The total area not available for cultivation is 66.4 sq km (9.46%) of the total land area.

*Settlement*

They are mainly located in northern, middle, South-western, North western part of the study area. In study area most suitable area for human occupancy are form the flat river valleys and basins of the Belan. The identification of settlement in satellite imagery was based on tone and colour. They have tone of grayish & light bluish colour. It occupies 463.33 sq km (33%) of the total study area.

The large settlement of study area like Gadarpurwa, Katra, Nevrhiya, Simriha, Mahauta, Pathraula, Devipur, Lalganj, Badgawn etc. have been marked on the land use/land cover map with the help of imagery. This unit includes roads & other infrastructure related to human beings.



**Fig. 7**

**ROADS**

Roads are recognized due to their linear shape and dark tone but diffculties arise in recognition of these features to separate them with other linear features like canals. However the distinction between road and canals have been made with the facts that the canals have their linkage to tributaries and some pumping station. At some places these features have been mapped with the help of ground checks and information received from Survey of India toposheet, on the denuded hilly ranges where settlements are scattered, unmettled roads are the only mean of human traffic, which is early recognized on the imagery. These tracks are covered under bushes greases during every season.

**WATER BODIES**

The streams/rivers, canals, ponds etc. is considered under this category. The prominent streams/ river, ponds/lakes/Nala are easily detected on satellite imagery by their black and dark blue tones.

Ponds are mainly found in south and south east portion of the study area. Belan river, alng with their tributaries Naian, Gorma & Odda etc. drain the area. Canals are easily recognized in the South – western & Eastern part of the imagery.

**Water bodies related to study area are –**

*River/Stream and Canal*

Rivers are the excellent source of fresh water, plays important role in drinking water for living beings. This unit has occupied 61.80 sq km (4.00%) of total study area.

**Other water bodies**

Water is the most important factor of life play vital role in crop irrigation and other daily uses of living beings, this unit explains lake, pond etc. it occupies 8.97 sq. km (1%) of the total study area (fig. 7).




**Fig. 7**

**DRAINAGE**

Entire district falls in The Ganga basin. There are two tributaries of Ganga river namely Tons & Son. Kymore Hill range form the water divide between these two rivers. Most of the rivers & nalas of the district are seasonal & forms dendritic pattern (fig. 8)





**Fig. 8 Phisical Map of district Rewa (M.P.)**

## Occurrence of Ground Water

Ground water in Rewa district occurs under phreatic and semi confined & confined conditions. The salient features of the data collected during the recconnotary hydrogeological survey in the year 1992 are .given below in the order of their relative importance from ground water development aspect.

Alluvium:- In the alluvium area, mainly extending in Teondhar & Jawa blocks of Rewa district, ground water occurs both under phreatic and semi confined to confined conditions.

Sandstone:-The Rewa block is mainly covered with the Bhander Sandstone. Ground Water occurs under both water table & semi confined to confined conditions. The sandstone below phreatic aquifer zones are cavernous and yield good amount of water from solution channels and cavities encountered in bore wells and dug cum bore wells. Cavernous horizons have been reported at depth of 24 m.bgl at Medhepur (24°32'30": 81°10'00" 63H/2) and at 39 m bgl at Dholagarh (24° 3’ 50": 81°12'45"63H/2). The some of the bore wells drilled in the are recorded artesian condition and a few are free flowing with a free flow of about 100 liters/minutes and show free flow condition only for a short period after monsoon. A spring is also occurring in sandstone

exposed in a nala bed near bus stand of Rewa town. The bore wells sustain pumping for 24 hrs with discharge of about 450 cubic. meters per day. The sandstone area has not been fully explored fully and holds promise for future exploitation.

Gunurgarh Shales:- Gunurgarh shales cover most ,of the areas in Raipur, Sirmour & Gangao blocks. Ground Water 'occurs both under water table and semi confined to confined conditions. The phreatic aquifer comprising mainly weathered shales with joints etc. is characterized by poor yields of ground water and is mainly tapped by dug wells for domestic uses. The bore wells drilled in Gunurgarh shales down to the depth of 60m b.g.l. encountered cavernous horizons, which contain ground water under artesian condition. The solution cavities formed in this formation are along the bands of gypsum and sandstones occurring at the depth. Solution cavities have been reported at depth of 39 m b.g.l. in village Delhi (24°43'40": 81°2(00" 63H/6) and at a depth of 25 m b.g.l. in village Kanuaja (24 23 00 : 81 2345 63H/7). Auto flowing wells are also occurring in this formation in some bore wells with a discharge ranging from 5 to 500 liters per minutes. The discharges of the auto flowing wells decreases after monsoon period and after 2 to 3 months it ceases. Due to the gypsiferous horizon these bore wells are having high suphate in ground water.

Rewa sandstones & shales:- Ground water generally occurring under phreatic conditions in wreathed and jointed horizons of sandstones and shales of Rewa series. In the valley at the base of Kaimur ranges near village Gadhwa (24 3100 : 81 4500 63H/14) and Gaduawan (24°3(50": 81°48'00" 63H/14) the bore wells drilled down to the depth of about 40 m encountered confined condition and auto flowing condition is observed in these wells. A bore well near Naigarhi (24°47"00": 81°36'00" 63H/13).

**Ground Water Resources**

Rewa district is underlain by Vindhyan Shale, Sandstone and Sandstone and Alluvium. Dynamic ground water resources of the district have been estimated for base year -2008/09 on block-wise basis. There are nine assessment units (block) in the district which fall under non-command. All blocks, of the district are categorized as safe excepts Gangeo block as semi critical. The highest stage of ground water development is computed as 82 % in Gangeo block. The net ground water availability in the district is 46,801 ham and ground water draft for all uses is 24,289 ham, making stage of ground water development 52 % as a whole for district. After making allocation for future domestic and industrial supply for next 25 years, balance available ground water for future irrigation would be 21079 ham.

**CONCLUSION**

The present study was focused on demarcating boundaries of different land use/land cover units from an analysis of different types of land use/land cover units from satellite imagery.

Today, Land Use and Land Cover mapping has a great significance in scientific research, in planning and in management. Regional land use pattern represent the character of interaction between man and environment and influence the resources based on mankind's basic economic activities. Remotely sensed satellite images provide synoptic coverage & overview of the whole region. It provides coordinate relationship among transportation, residential, industrial and recreational land uses, basides providing broad-scale inventories of natural resources and monitoring environment issues, including land reclamation, and restoration, disaster mangement,

water quality and planning, economic development. Land Use Land Cover maps helps in planning in effective and best possible way, and in utilizaton of its resources besides providing a coprehensive view of the total area Land use/ Land cover has been mapped through satellite imagery and for uses of land has been shown as forest land, land under cultivation (agriculture land) land not suitable for cultivation (barren or rock land) and land not available for cultivation (settlement/urban built up etc). Three types of cultivated land has been mapped, under the agricultural land according to tone and texture and has been categorized as good moderate and poor, which cover about 6% of the total study area. Barren land with bare exposed rocks, Barren rock outcrop with scrub and grass, sand patches and salt affected areas as the land not suitable for agriculture while settlement, road, water bodies etc, comes under the area which is not available for cultivation. There have been marked changes in the land use/land cover under uncultivated areas and built up areas. New developments have been found due to improvement of saline patches and barren land through new agricultural techniques. Deforestation of the areas and rapid rate of urbanization have resulted marked changes in the settlements, roads etc. unsupervised classifications were conducted to define land cover and land use types for the area.

**REFERENCES:**

1. Karanth, K.R. (1987), Groundwater Assessment Development and Management Tata McGraw Hill publishing company Ltd., New Delhi, 725p.

2. Tiwari, R.N., Bharti, S.L., Mishra, Umesh (2010) Hydrogeochemical Studies of Groundwater from Odda River Basin, Rewa District, Madhya Pradesh. Godwana Geological Magzine Special volume No. 12, 2010 pp. 85-93.

3. Mishra, Kalpana, 2021, Drinking water quality around shiv mandir Deotalab Area, Rewa District, Madhya Pradesh India Shodh Chetna Year 7 volume, 1 & 2 (Jan. to June 2021) ISSN 2350 0441

4. Singh Prafull and Singh Shelendra (2011), Landuse Pattern Analysis Using Remote Sensing: A Case Study of Mau District, India, Journal of Applied Science & Research 3 (5), pp. 10-16

5. Rai Praveen Kumar, Rai Vinay Kumar, Land Use Mapping using Remote Sensing & GIS Techniques in a Part of Son Basin, Sonbhadra District, U.P. Department of Geopgraphy, Banaras Hindu University, Varanasi – 221005

6. Lillisand, T.M. and Kiefer, R.W. (2000): Remote Sensing and Image Interprettion 4th ed. John willey and sons, New York.

7. Singh Sudhir Kumar, Singh Chander K, Mukherjee Saumitra (2010), Impact of land-use and land-cover change on groundwater quality in the Lower Shiwalik hills: a remote sensing and GIS based approach, Cent. EUR. J. Geosci. 2(2), pp.124-131.

8. Indira Gandhi Conservation Monitoring Centre report on "Landuse/Landcover Mapping using remote sensing & GIS Techniques in Balpakram Baghmara Community Conservation Landscape – Meghalaya" Samrakshan Trust, September 2005.

9. E. Boakye, S.N. Odai, K.A. Adjei, F.O. Annor, Landsat Image for Assessment of the Impact of Land Use and Land Cover Changes on the Barekese Catchment in Ghana, European Journal of Scientific Research, Vol. 22 No. 2 (2008) pp 269-278.

10. http//www.nrsc.gov.in

11. Mishra Kalpna, Tripathi, A.K. (2020) Conservation of Water resource of Naigarhi area Rewa District Madhya Pradesh, India Shodh

Chetna June to January, Vol. I and II ISSN No. 23500441 pp. 123-127

12. Mishra, Kalpna et at (2020) Control of water pollution in Tons River Basin Madhya Pradesh India, Shodh Chetna year 6 (Oct to Dec, vol 4 ISSN : 2350-441, pp 137-140)

13. Mishra, Satish Kumar, Tiwari, R.N. (2020) Water Level Fluctuation and Ground Water Management of Mud Wara Area, Katni District Madhya Pradesh, India Shodh Chetna year 6 (Oct to Dec vol 4 ISSN 2350-0441 pp 108-115

14. Basavarajappa H.T., Manjunatha M.C., 2015, Groundwater Quality Analysis in Procambrian Rocks of Chitradurga District, Karnataka India using Geoinformatic Techniques Aquatic Procedia 4 (2015) 1351-1365

15. Dubey D.P. Tiwari P. Mishr U.K. Tiwari R.N. and Mishra R.N. (2016) mineralogical and geochemical characterization of Bukitet late the deposits Karigohi area around birsinghpur District Satna Madhya Pradesh India Recent Advancement in mineral and water resource Edtd Rabindra Nath Tiwari Excellent publisher New Delhi pp 97

16. Murkute Y.A. Deshpande S.S. and Lokhande P. (2018) Assessment of ground water quality and irrigation suitablity. A case study of Shallow aquifer from Pachdhara watershed Wardha District Maharashtra water resources, Irrigation practices and sustainable agriculture edtd, Rabindra NathTiwari Excellent publisher New Delho pp 63-70.

**SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021)** **ISSN : 2350-0441**
**A Peer-Reviewed International Referred & Multifocal Research Journal**
IMPACT-FACTOR 5.299
**Paper Recieved : 18th Aug 21** **Paper Accepted : 2nd Sep 21**

# ठीकरे की मंगनी में स्त्री अस्मिता के तत्व

❐ **मनोज कुमार द्विवेदी** *

**शोध सारांश**

नासिरा शर्मा ने अपने इस उपन्यास में स्त्री मुक्ति के विभिन्न संदर्भों को रिश्तों के बीच तलाशने की सार्थक प्रयास किया है। स्त्री विमर्श के दौर में अन्य उपन्यासों से ये उपन्यास भिन्न है। इसकी नायिका महरूख हिन्दी कथा साहित्य में औपन्यासिक नायिका से अलग ही नहीं है बल्कि यथार्थ रूप से अद्वितीय है।

नासिरा जी ने इस उपन्यास के बारे में कहा है कि—''मैंने अपने उपन्यास 'ठीकरे की मंगनी' में एक ऐसे किरदार की रचना की थी जिसमें ऐसी मासूम भोली-भाली लड़की की कहानी है। जो हालात की मार से एक संघर्षरत स्त्री में दलगाँव के स्कूल की प्रिंसिपल बन जाती है। मंगेतर ने अमेरिका जाकर एक विदेशी कन्या के साथ लिविंग रिलेशनशिप के तर्ज पर कई साल गुजारे जब लड़की को पता चलता है तो वह शादी से इंकार कर देती है। यह सोचकर जो आदमी संबंधों की सीढ़ी बना उन्नति करना चाहता है उस तेज दौड़ने वाले घोड़े के साथ क्या मैं निवाह पाऊँगी? वह शहर से गाँव आती है और बाकी जिन्दगी अविवाहित रह वह सत्य को साबित करने में जुट जाती है कि लड़की का एक घर और भी होता है जो उसके पति एवं पिता के घर से अलग उसकी मेहनत और पहचान का होता है।''[1] (औरत लिए और नासिरा शर्मा, पृष्ठ-163)

महरूख की तरह आज समाज में न जाने कितनी लड़कियाँ अपनी जिन्दगी में अकेले संघर्ष करके जी रही हैं। जिससे उनमें लड़ने की ताकत आती है। महरूख जैसी लड़कियों के लिए ही नासिरा जी कहती हैं—''उनके विवाह न करने के अनेक कारण होते जिसमें वे अपने पसंद के साथी के साथ प्रेम भी नहीं कर पाती वो प्रेम भी असफल होता है। माता-पिता का दहेज न दे पाना सबसे बड़ा कारण और उनका भय की वह किसी की गुलामी नहीं करेगी, क्योंकि उस सेवा के बदले उन्हें जलना और मरना पड़ेगा। उनका इस तरह सोचना गलत हो सकता है, मगर उस विडम्बना के बारे में सोचिए कि आखिर उनकी यह सोच किस कारण से वजूद में आई? उसके पीछे कौन-सी घटनाएँ थी। उन्हें ऐसा जीवन चुनने पर मजबूर किया? बेजोड़ शादियों

* शोधार्थी, हिन्दी विभाग, अ.प्र. सिंह वि.वि., रीवा (म.प्र.)

की पीड़ा तलाक का अपमान, छोड़ दिये जाने की व्यथा, जिंदा जला देने की सजा, आखिर अतीत की किस प्रताड़ना से उन्हें ऐसा करने का साहस दिया? ध्यान देने योग्य बात है कि नयी पीढ़ी विवाह विरोधी नहीं है। बल्कि वह विवाह के प्रति जो कर्तव्य होना चाहिए, उसको न निभा सकने की स्थिति एवं अपनी असमर्थता को अच्छी तरह जानते हुए इस जिम्मेदारी का बीड़ा उठाने से झिझकते हैं, आज वही विवाह सफल हो रहे हैं जो आधुनिक जीवन शैली के साथ अपनी सोच को भी आधुनिक बना सके है वरना तलाक, अलग रहना या फिर संबंधों में उदासीनता का आ जाना नजर आता है। उनके जीवन में कहीं हस्तक्षेप है तो कहीं हालात से परेशानियाँ का सो वह चौमुखी लड़ाई के बीच कोई एक युद्ध हार बैठते हैं।''[2] (औरत लिए और नासिरा शर्मा, पृष्ठ 164)

नासिरा जी ने समाज के मानसिक सोच पर प्रहार किया है कि जिस प्रकार एक ओर अकेली अपने पैर पर खड़ी होकर जीवन जीती उस पर भी उसके ऊपर कलंक लगता है। नासिरा जी कहती है ऐसी लड़कियाँ आज सुरक्षित है। जो अपने अकेले के जीवन में संघर्ष एवं तन्हा जी रही है? क्या समाज उनके ऊपर कलंक लगाने से बाज नहीं आता है? वह अकेले घर में नहीं रह सकती उसकी हत्या कर दी जाती है। क्या इसके पीछे साजिश नहीं है। इन जैसी स्त्रियों के लिए कोई नहीं लड़ता क्योंकि वे खुद अकेले जीती हैं बिना परिवार के इसलिए नासिरा जी कहती है—''यह सच है कि हमारा समाज इतना जागरूक नहीं हुआ है वह अकेली औरत को सहजता से ग्रहण कर सके उसके लिए अभी पचास वर्ष का समय और चाहिए। जब विवाहित कामकाजी औरत को लेकर पुरुष समाज की मानसिकता नहीं बदली है। तो फिर कुवाँरी बालाओं के लिए तो यह और भी कठिन डगर है। इस संवेदनशील मुद्दों को लेकर कामकाजी महिलाएँ आहत है परन्तु निराश नहीं। उन्हें इसका पूरा विश्वास हैं कि एक दिन ऐसा आएगा जब उन्हें देखनें और समझने का नजरिया बदलेगा।''[3] (औरत लिए और नासिरा शर्मा, पृष्ठ 164)

इस उपन्यास में प्रतिष्ठित परिवार की कहानी है। जिसमें चार पीढ़ियों से लड़कियों का जन्म हुआ जब महरूख का जन्म होता है तो परिवार में खुशियाँ मनायी जाती है और महरूख अपने परिवार की लाडली बन जाती है। दादा जी तो रोज सुबह-सुबह महरूख का चेहरा देखकर ही विस्तर छोड़ते थे। जैदी खानदान में 22 बच्चे थे जिनकी सिपहसलार महरूख थी। वही महरूख की मंगनी खाला के लड़के रफत से कर दी जाती है। रफत दिल्ली जाता है पढ़ने के लिए तो घर वाले भी महरूख को पढ़ने के लिए दिल्ली भेजते हैं। जो रफत को अच्छा नहीं लगता उसकी मानसिकता महरूख से अलग है फिर भी महरूख उसके अनुसार ढलना सीखती है। वहीं रफत रूस का समर्थक है, वह अपनी पी-एच.डी. की पढ़ाई के लिए अमेरिका जाता है। रफत की मानसिकता रहती है कि जब तक पूँजीवादी व्यवस्था देखकर नहीं आयेंगे तब तक साम्राज्यवादियों की ऐसी-तैसी कैसे करेंगे। जब सब लड़के पिकनिक पर जाते हैं तो रफत के दोस्त वियर की बोतल छिपाकर ले जाते हैं, उस समय महरूख उन सबसे अलग रहने लगती है और यहीं से उसके जीवन में बदलाव आता है।

''वही रवि ने कहा पेड़ के नीचे बैठी महरूख को डांस में शामिल होने के लिए पकड़ने लपका। वह भी झिझकते-शरमाते शामिल हो गयी। नाचते हुए उसे एक अजीव ताजगी का अहसास हुआ जैसे उसकी जोड़-जोड़ की गिरहे खुल रही हो, दिल पर जमा भारीपन का गुब्बार किसी भाप की तरह खुलकर बिखर रहा हो और वह रूई के गोले की तरह हलकी होकर फिजा में उड़

रही हो।''[4] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 47) वहीं महरूख का लड़के-लड़कियों से मिलना, बातें करना रोज होने लगा।

महरूख का रवि के साथ घूमना, शापिंग करना होने लगा। रवि अक्सर कभी-कभी शाम के समय अपने अंकल के गाड़ी में आता और लम्बा प्रोग्राम बनाता फिर डिनर छोटी-मोटी शापिंग करनी होती। एक दिन रवि ने महरूख के साथ कुछ ऐसा कर दिया किया। महरूख का विश्वास हिल गया। कॉफी पीने के बहाने रवि उसके साथ गलत करने की कोशिश करता है। जिससे महरूख टूट जाती है। रवि के इस रूप को देखकर वह चौक जाती है।

इस घटना के बाद महरूख को बहुत दुःख होता है, सोचती है रवि ने उससे पूँछा भी नहीं रात को उसे नींद भी नहीं आई। कई दिनों तक वह बाहर नहीं निकली, रवि से बात भी नहीं करती थी। वहीं एक दिन रवि से सामना होता है। वह कहता है—''कुछ शब्दों के प्रयोग से हमारा पूरा सामाजिक ढाँचा वेकार ऊपरी दिखावे से भरा एकदम नानसेंस।''[5] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 49)

महरूख को रवि की बात तीर की तरह चुभी। वह परम्परा, रूढ़िवादिता और प्रगतिशीलता के बीच अन्तर को जानने की कोशिश करती है। नये जमाने में विश्वविद्यालय के वातावरण में औरतों के लिए वही पुराना नजरिया, भोगवादी है। मित्रता क्या देह पर ही घटित होकर प्राप्त की जा सकती है। महरूख आहत होकर सोच रही थी कि कि मैं मिनी बस में हूँ, क्या अनजान मर्दों से चिपक खड़े रहना मुनासिब था? वही रवि के बारे में सोचते-सोचते उसका सिर दर्द करने लगा। उसे हैरत होती है कि विश्वविद्यालय में पुरानी सोच औरतों के लिए रखते हैं, फिर क्यों ये लोग अपने आपको प्रगतिशील मानते हैं। महरूख और रफत की मंगनी 'ठीकरे की मंगनी' थी यह एक टोटका होता है जिससे लड़की जी जाय। जो पैदाइश के फौरन बाद होती है। गंदगी से भरे ठीकरे पर चाँद का चमचमाता रूपया फेंककर कहा कि खालिदा आज से यह मेरी हुई। मोती के लड्डू बटेगा। महरूख की पढ़ाई के लिए उनकी अम्मी कहती हैं—''मैं तो इतना जानती हूँ कि हम तब नहीं डरे लोगों की बोलियों से तो अब क्या खाक डरेंगे? मैं औरत हूँ, खूब अच्छी तरह से जानती हूँ कि इस नए दौर में औरत के लिए मजबूरी क्या होनी चाहिए। जमाने के कहने से क्या हमने लड़कियाँ स्कूल से निकलवा ली थीं? अपने ही दोस्त के घर नजर डालो, नसरीन के मियाँ ने छोड़कर दूसरी कर ली। बीबी चुपचाप मायके आन बैठी उसी जगह सलिहा को देखो पढ़ी-लिखी है, मियाँ को नकेल डालकर घसीटकर रखती है। कहने को दोनों चाचाजाद बहने हैं, खानदान एक माहौल और एक तरह की परवरिश मगर तालीम से समझ तो बढ़ी, अपना हक तो पहचाना। गलत कार्यों की तरफदार मैं तो भी नहीं हूँ मगर लड़की अपना अच्छा-बुरा समझे यह अमल तो तालीम ही दे सकती है।''[6] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 22)

वही अम्मी ने अपना फैसला सुना दिया जिससे महरूख और रफत में एक दूसरे के बीच भावनात्मक बढ़ने लगी। वही रफत अमेरिका पढ़ने के लिए चाला जाता है। वह दिल्ली अकेले रहने लगी। रफत के खत आते अमेरिका में क्या-क्या है? हर बातें बताने लगे ''खतों को पढ़कर महरूख का यह अहसास जागा था कि रफत भाई आज भी उसी मूड में है कि वह उनके जाने के बाद आनेवाली परेशानियों को मर जूझकर झेल जाएगी, क्योंकि सोना खप कर की कुन्दन बनता है और फिर उसे तो एक पुख्ता और संतुलित औरत में अपने को ढालना है छोटी-छोटी बातें उसे विचलित नहीं कर सकती है। अपना मन महरूख भी हमेशा की तरह

अपने अंदर की पनपती कुण्ठा को छिपाकर अच्छी-अच्छी खबरें उन्हें देती रही।''[7] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 59)

उसी समय महरूख को पता चलता है कि रफत अमेरिका में किसी के साथ 'लिविंग टुगेदर' जैसी जिन्दगी जी रहे हैं। महरूख ने जो सपने रफत के साथ देखे थे वे सब बिखर गये उसे रफत से ऐसी उम्मीद नहीं थी। रफत ऐसा करेगा, उसे धोखा देगा वह सोचने लगी। ''यह देखो रफत और बैलरी की तरस्वीर उन्हीं के घर के सामने'' उसे भरोसा नहीं होता उसके पैरों तले जमीन निकल गयी। ''अपना यार रफत वहाँ जम गया। इसे कहते हैं लक'' वह सोचती रहती है अपने रफत से सुन्दर नहीं हैबेलरी मगर अमेरिका ब्यूटी तो है।'' आवाज में हदस की झलक साफ थी। सब बोलतें उसका पत्र पढ़ते उसके बारे में बुरा-भला बोलते हैं। जो महरूख को अच्छा न लगता ''मेरी नजरों से कैसा गिरा रहे ये सब रफत बाई के महरूख की गैरत जान गई। तेवर पर बल पड़ गए। उसका खून गर्म होने लगा। दिल चाहा जी भर कर इन सब को लताड़े मगर उसकी जवान पर तो पड़ गए थे। बहुत चाहने पर मुँह से आवाज न निकली। किस हक से वह रफत भाई की वकालत करें? महरूख का दिल भर गया।'' गुस्साना काफूर की तरह उड़ गया उसकी जगह एक वेक्सी घिर आयी।''[8] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 60)

मोहल्ले की बाते सुनकर वह बिखर गयी रेत की तरह उसमें फूटती, फैलती रोशनी के दायरे से वह हमेशा के लिए आजाद हो गयी थी, वह अपने जिन्दगी में अकेला पन महसूस करने लगी। जिन्दगी में उसके एक अधेरा छा जाने जैसे दिखने लगा। उसे हर रिश्ता झूठा लगने लगा। वह रिश्तों को कागज की नाव की तरह देखती हैं जो समन्दर में डूबते दिखते हैं। अमेरिका से रफत अपनी डिगरी लेकर आ गये चर अपने मैडम को वही छोड़कर आ गये महरूख उनसे नाराज थी। रफत महरूख से कहता है—''तुम्हारी नाराजगी मेरे सर आँखों पर। तुम्हें हक भी है वहाँ अजीव मुसीवत में फस गया था करता भी क्या हालात का तकाजा यही था। वरना छः साल गुजारने मुश्किल हो जाते और फिर पता नहीं डिग्री मिलती थी या नहीं। मैं बिना डिग्री के वापस नहीं लौटना चाहता था तुम्हें क्या मुह दिखाता है।''

रफत महरूख से माफी मागता है महरूख नहीं मानती है फिर भी वह मानता रहता है बोलता है—''लो कान पकड़ते हैं, माफी माँगते हैं और वादा करते हैं यह तस्वीर आज से मैं नहीं देखूँगा अगर किसी तरह आँख उठाकर भी देखूँ तो मेरी आँख निकलवा देना।'' रफत सर से पांव तक माफी माँग रहा था।''[9] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 116)

महरूख का परिवार वाले भी उसे रफत के पास जाने को बोलने लगे उसे माफ करने को बोलने लगे। इन सब बातों से लेखिका ने इस उपन्यास में बताना चाहती हैं। स्त्री-पुरुष के द्वन्द्व के बीच किस प्रकार पुरुष प्रधान समाज में उसकी श्रेष्ठता स्थापित हो जाती है सम्पूर्ण समाज पुरुष के पक्ष में हो जाता है। वही महरूख के चाचा महरूख को समझाते है कि रफत से गलती हुई तो वह माफी माँग रहा और चाचा कहते हैं—''जब लड़का शर्मिन्दा है तो फिर झगड़े को आगे बढ़ाना मुनासिब नहीं है, जवानी में ऊँच-नीच तो होती ही रहती है। हम मर्द फरिश्ता तो होता नहीं है। फिर यही पांव का फिसलना अगर शादी के बाद होता तो उस वक्त मियाँ को छोड़कर महरूख रूठ कर मायके आकर न बैठकर बल्कि अपना हक लेने के लिए लड़ती कोशिश करती, मियाँ को सीधे रास्ते पर लाती फिर यहाँ तो मामला दूसरा है। खुद मर्द होकर दर का सवाली बना अपनी झोली फैलाए खड़ा है, खुदा का दर भी तौबा के लिए खुला है हम तो फिर वन्दे हैं एक-

दूसरे की गलतियों और कमियों को नजर अंदाज नहीं करेंगे तो फिर साथ जिएँगे कैसे?''[10] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 18-19)

महरूख इन सब बातों से बहुत परेशान हो गई थीं। वही ताई ने कहाँ ''यह तो भाभी मर्दों की दुनिया है। वह सफेद 'करे' या 'स्याह' उनसे कौन पूछ सकता है? मजाजी खुदा जो ठहरे?'' चाची और दादी दोनों बातें करती है दोनों महरूख को समझाती है। वह रफत से शादी कर लें वह दोनों अपने में बात करती कहती हैं कि यह ''क्या खाक कहते हैं कि जमाना बदला है। पहले लड़की पैदा होते ही जिंदा गाड़ दी जाती थी, आज पाल-पोसकर जवान लड़की दफन कर दी जाती है।'' कहते हुए फुफ्की ने दुपट्टे से मुँह ढंक लिया। वही ताई और चाची दोनों महरूख की बातें करती हैं। शादी कर ले कहती हैं एक औरत कैसे रह सकती है इस दुनिया में एक अकेली लड़की बिना मर्द के समाज में कैसी-कैसी बाते होती है कहती हैं—''रंडापा तो गुजारना मुश्किल होता है औरत के लिए।''[11] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 135)

फुफ्फी ताई और चाची दोनों की बातें का महरूख पर असर होता है। वह सोचती है, शादी हर औरत और मर्द के लिए जरूरी है। सोचती है कि क्या शादी इतना जरूरी है एक लड़की बिना शादी के नहीं रह सकती है। यह भी कोई समझता है कि पढ़ी-लिखी लड़की के हर अहसास में कितनी शिद्दत आयाम शामिल होते हैं।

वही महरूख गाँव की स्कूल में पढ़ाने लगती है एक दिन रफत स्कूल महरूख से मिलने आता है बात करता है। वह नहीं मानती रफत कहता है तुम्हारे मन में मर्द के लिए नफरत पैदा हो गई। क्या हो गया है तुम्हें? तो महरूख कहती है कि—''नहीं बिल्कुल नहीं औरत की जिन्दगी के सारे करीबी व जज्बाती रिश्ते माई से ही होते हैं। बात भाई सवाल मर्द से नफरत का नहीं बल्कि सवाल यह उठता है कि मैं आपके ख्वाबों के बसे घर की मालकिन बन सकता हूँ या नहीं। मुझे लगता है यह नामुमकिन है, महरूख ने बड़ी सहजता से कहती है।''[12] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 126)

दोनों के बीच बातें होती हैं। महरूख रफत को शादी के लिए मना कर देती है। वही रफत शादी कर लेता है। सुरैय्या से उसके बाल बच्चे भी हो जाते हैं। महरूख शादी नहीं करती है। गाँव के जमीदार द्वारा निकाहनामे के लिए प्रस्ताव आता है। वह शादी के लिए मना कर देती है। वह अपनी जिन्दगी गाँव की स्कूल में बिताती है। गाँव को ही अपना परिवार मानती है। शिक्षकों के साथ हँसी-मजाक करती है। वही उसकी सहेली सुलोचना अपने को बाल विधवा बताती है। वही उसके परिवार मानता है कि दूसरे विवाह के बारे में सोचना पाप है। वह बचपन में ही सन्यास ले लेती है। कम-से-कम वह विवाहित स्त्री के पीड़ा शिकार तो नहीं होती। ''पढ़ी-लिखी औरत जब अनुराग के लिए मरती है तो अपना सब कुछ दांव पर लगा देती है, मगर मर्द ऐसा नहीं करता है। उसके काम और कर्म के दो अलग क्षेत्र हैं। यहाँ तक कि वह प्यार भले ही किसी से करता हो तो भी वह पर स्त्री के प्रति अपना आकर्षण कम नहीं कर पाता बल्कि अवसर मिलने पर सहवास से उपजा सुख न तो उसे पाप मालूम पड़ता है और न मानसिक क्लेश देता है। जबकि औरत कुंठित होकर आत्महत्या या आत्म प्रताड़ना से भर जाती है, रचना की आवाज भर गई यह मेरी ही बात का जबाव है रचना। सवाल यहाँ हमारी जहनियत का है जो बरसों से हम पर लादी गई है। मर्द भी टूटता है मर्द भी जुड़ता है कुछ दिन बाद इसका उलटा भी हो सकता है और वजन बराबर भी आ जाता है। औरत को बराबरी मिले तो उसका मुकाबला भी बराबर वाले से करना ठीक है। उस वक्त उसका भी काम कर्म का क्षेत्र मर्द की तरह ही अलग-अलग होगा

तब उसके लिए मर्द जिन्दगी की नयी धुरी होगी न खिड़की जिससे वह दुनिया देखती है। तब वह एक इंसान की तरह मर्द की दोस्त होगी।''[13] (ठीकरे की मंगनी-नासिरा शर्मा, पृष्ठ 148)

महरूख ने रचना को समझाने के लिए यह कहा। उपन्यास में जहाँ महरूख रफत से शादी के लिए मना करती है, ठीकरे की मंगनी तोड़ती है। वह अपने आत्म सम्मान के लिए स्त्री-पुरुष प्रधान समाज में अपनी सत्ता के लिए बात उठाई है।

उपन्यास में महरूख आधुनिक युग की नारी का किरदार निभाया है। जिस प्रकार स्त्रियों का शोषण किया जाता है उनसे जबरन वे कार्य कराये जाते हैं जो उनकी अस्मिता के लिखाफ होते है और उसे एक नौकरानी की भांति रखा जाता है। वो अपने मन का नहीं कर पाता है। वो बाहर नहीं निकल पाती। दूसरों से बात नहीं कर पातीं। इस उपन्यास में महरूख ने स्त्रियों को अपनी सत्ता बनाने के लिए कदम उठाने की प्रेरणा दी है। किस प्रकार एक पढ़ी-लिखी स्त्री अपना जीवन जी सकती है। किसी पुरुष के साथ रहे बिना अपना परिवार पूरे गाँव को मानती है और अपनी जिन्दगी में समय बिताने लगती है।

वही महरूख अपने अब्बू से कहती है—''आखिरी बार अब मैं सबके सामने खासकर अब्बू आपसे कह रही हूँ कि रफत साहब सिर्फ मेरे बड़े भाई हैं बस। नासिरा जी महरूख के माध्यम से इस उपन्यास में कहना चाहती हैं कि—''नासिरा शर्मा जी महरूख जैसे दुर्लभ पात्र चुना उसे पठनीय बनाया। यहाँ दुलर्भ कहने का अर्थ यह नहीं कि महरूख जैसे पात्र नहीं होते, वे होते हैं लेकिन रचनाओं में अभी तक उपेक्षित ही रहे हैं।''[14] (नासिरा शर्मा का मूल्यांकन, पृष्ठ 134, सम्पादक एम. फिरोज अहमद नगमा जावेद)

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 18th Aug 21 Paper Accepted : 3rd Sep 21

# काव्यों में प्रकृति वर्णन का महत्त्व

❑ डॉ. आनन्दराम पैकरा*

## शोध सारांश

संस्कृत के कवि सौन्दर्य तथा माधुर्य के उपासक होते हैं। उनका हृदय सौम्य भाव में विशेष रमता है। माधुर्य के उत्पादक दृश्यों के ऊपर दृष्टि विशेष रीझती है। वे मानव-हृदय के भावों के समझने तथा विश्लेषण में जितने कृतकार्य हैं उतने ही वे बाह्य प्रकृति के भी रहस्यों के परखने तथा उद्घाटन में समर्थ हैं। बाह्य प्रकृति का सूक्ष्म निरीक्षण संस्कृत काव्यों में, विशेषतः प्राचीन काव्यों में, प्राप्त होता है। प्रकृति के दृश्यों को कवियों ने अपने तीव्र अवलोकन का विषय बनाया है तथा यथार्थता से मण्डित वर्णनों का चमत्कार सरसहृदयों के हृदय को बलात् अपनी ओर खींचता है। प्रकृति संस्कृत काव्यों में उभयरूपेण चित्रित की गई है—आलम्बन रूप से तथा उद्दीपन रूप से। आलम्बन रूप वाले वर्णनों में प्रकृति ही स्वयं वर्ण्य रहती है तथा उद्दीपन रूप में उसका मानव-प्रकृति के ऊपर उत्पन्न प्रभाव ही वर्णन का विषय रहता है।

कालिदास और भवभूति ने वर्षा के आगमन का वर्णन किस सीधी-सादी यथार्थता से नीचे लिखी पंक्तियों में रख दिया है—

**आषाढस्य प्रथमदिवसे मेघमाश्लिष्टसानुम्।**[1]

**श्रयति शिखरमद्रेर्नूतनस्तोयवाहः॥**[2]

भवभूति की पंक्ति कालिदास की पंक्ति की स्मृति से उत्पन्न हुई है, किन्तु इस पंक्ति के अनुकरण में कितनी नूतनता है यह 'तोयवाह' (जल से भरा हुआ मेघ)[3] और उसमें जुड़े हुए 'नूतन' विशेषण से द्योतित होती है। ऊपर से दृष्टान्त में चित्र की रेखा बादलों के अनुरूप सरल और स्वच्छ है, किन्तु चित्रण की यथार्थता से सुचारु और अधिक गहरी रेखा से सुसज्जित चित्र यदि देखना हो और उसे भी एक पंक्ति में, तो कालिदास की इस पंक्ति को याद कीजिये—

**'प्रायो तालीवनश्याममुपकण्ठं महोदधेः'।**[4]

और यदि इससे अधिक सविस्तर चित्र चाहिए तो रघुवंश के इस पम्पा सरोवर के चित्र को देखो[5]—

**उपान्तवानीरवनोपगूढान्यालक्ष्य पारिप्लवसारसानि।**
**दूरावतीर्णा पिबतीव खेदादमूनि पम्पासलिलानि दृष्टिः॥**

देखो तो पम्पा सरोवर के तट पर नरकुल का कितना घना वन है। उसने मानो पम्पासर के प्रभूत जल को आलिङ्गित सा कर लिया है। उसके भीतर लता के झुण्ड में बैठे हुए चंचल सारस पक्षी इस पूर्व चित्र में कितना वैचित्र्य उत्पन्न कर रहे हैं। अपने नेत्रपुटों से आप

* सहायक प्राध्यापक, शास.आर.बी.आर.एन.एफ.एस. पी.जी. कालेज, जसपुर नगर (छत्तीसगढ़)

भी इस चित्रगत सरोवर का जल अच्छी तरह से पीजिये। किन्तु यदि इन पूर्वोक्त सारसों को आकाश में उड़ते देखना हो तो इस चित्र को देखें—

**अमूर्विमानान्तरलम्बिनीनां श्रुत्वा स्वनं का॰चनकिङ्किणीनाम्।**
**प्रत्युद्व्रजन्तीव खमुत्पतन्त्यो गोदावरीसारसपङ्क्तयस्त्वाम्।।**[6]

दूर आकाश में एक विमान की कल्पना करो और उसमें सुवर्ण के घुंघुरू लगाओ, किन्तु यह बतलाओ कि उस चित्र में घुंघुरुओं का शब्द आप कैसे सुन सकते हैं? यह तो काव्य की ही विशेषता है कि इसमें चित्र और सङ्गीत दोनों का ही संमिश्रण हो सकता है। पास बहनेवाली गोदावरी के तट अथवा उसके जल-पट पर आकाश में उड़ती हुई श्वेत सारसों की पंक्ति देखिये। इन सारसों को उड़ते देखने में ही खूबी है, अत एव उस खूबी को प्रत्यक्ष करने के लिये स्थिर चित्र नहीं, बल्कि सिनेमा के चित्र की कल्पना कीजिये। इससे भी यदि अधिक वैचित्र्य चाहिये तो वह भवभूति के निम्नलिखित वर्णन में है[7]—

**इह समदशकुन्ताक्रान्तवानीरवीरुत्-**
**प्रसवसुरभिशीतस्वच्छतोया वहन्ति।**
**फलभरपरिणामश्यामजम्बूनिकुञ्ज-**
**स्खलनमुखरभूरिस्त्रोतसो निर्झरिण्यः।।**

प्रकृति और मानव एक दूसरे के लिए जीवन भर समर्पित हैं। इसी कारण मनुष्य की प्रकृति, प्रकृति के प्रभूत हरीतिमा और शान-शौकत को चार चांद लगा देना चाहता है वहीं प्रकृति भी मानव को अपने उदार हृदय से फल-फूल और छाया से संरक्षित कर देना चाहती हैं। आज मनुष्य ने प्रकृति की गोद में पलकर ही प्रकृति से छेड़छाड़ शुरू कर दी है। फलतः प्रकृति कुपित होकर कभी अति वृष्टि कभी अनावृष्टि तो कभी भू-स्खलन, भूकंप और अन्य-अन्य तरीकों से असमय काल कवलित कर रही है। प्रकृति वात्सल्यमयी माँ है वह अपने पूत को यूँ ही असहाय और निरीह दशा में नहीं देख सकती, वह मानव को बार-बार आगाह करती है।

'प्रकृति' शब्द अंग्रेजी भाषा के 'नेचर' के अर्थ में प्रयुक्त होता है। भारतीय वाङ्मय में प्रकृति शब्द विविध अर्थों—सृष्टि, माया, शाश्वत सत्य, विचार शून्य, स्वभाव, प्रज्ञा आदि के रूप में व्यवहृत होता है। 'प्रकृति' पद का धातु एवं प्रत्यय के आधार पर अर्थ होगा जिस साधन से यह समस्त जगत् उत्पन्न किया जाता है—'प्रकर्षेण क्रियते सर्व जगदनया इति प्रकृति। किन्तु लोकव्यवहार में प्रकृति से तात्पर्य पेड़-पौधे, पशु-पक्षी, नदी-समुद्र आदि दृश्यमान पदार्थों से लिया जाता है—'वह जगत्, जो अपनी अभिव्यक्तियों की समस्त अनन्त विविधता के साथ हमारे चारों ओर व्याप्त है। कभी-कभी प्रकृति केवल उसके एक भाग को, जीवमण्डल को कहते हैं।

साहित्य में मनुष्य के मन से लेकर पशु, पक्षी, नदी, पर्वत तक जितनी वस्तुओं, व्यापारों का वर्णन किया जाता है, वे सब प्रकृति के अन्तर्गत है। सीमित अर्थ में मानव-इतर सृष्टि को प्रकृति कहा गया है— 'साधारण बोलचाल में प्रकृति मानव का प्रतिपक्ष है, अर्थात् मानवेतर ही प्रकृति है। सामान्यतः मनुष्य को छोड़कर अन्य समस्त सचेतन और अचेतन सृष्टि प्रसार को प्रकृति स्वीकार किया गया है। प्रकृति मनुष्य की आदि सहचरी है-

**'सत्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः।'**[8]

प्रकृति और काव्य का संबंध अभिन्न है। वैदिक ऋषियों ने प्रकृति को देवता का काव्य कहा है—'पश्य देवस्य काव्यं न विभेति न रिष्यति।' काव्य मानवीय अभिव्यक्ति है। इसलिए प्रकृति और काव्य के संबंधों की विवेचना में मानव बीच की कड़ी है। प्रकृति और मानव का संबंध आदिम है। मानव अपने विकास में प्रकृति से प्रेरणा प्राप्त करता रहा है, और काव्य मानव के विकसित मानस की अभिव्यक्ति है, यही प्रकृति और काव्य के संबंधों का आधार है। आधुनिक युग में प्रकृति-चित्रण की विविध प्रणालियाँ प्रचलित हैं। आज का कवि प्रकृति को अपने काव्य का मूलाधार मानता है और प्रकृति के ही माध्यम से अपनी सतरंगी कल्पनाओं को अभिव्यक्त करता है। प्रकृति दस रूपों में चित्रित हुई है—

1. आलम्बन रूप में, 2. उद्दीपन रूप में, 3. संवेदनात्मक रूप में, 4. वातावरण-निर्माण रूप में, 5. रहस्यात्मक रूप में, 6. प्रतीकात्मक रूप में, 7. अलंकार-योजना के रूप में, 8. मानवीकरण के रूप में, 9. लोक-शिक्षा के रूप में और 10. दूती के रूप में।

जहाँ कविजन प्रकृति का प्रयोग जन-साधारण को शिक्षा या उपदेश देने के लिए किया करते हैं अथवा जहाँ कवि प्रकृति के विविध परिवर्तनों एवं प्रकृति की विध गतिविधियों के द्वारा जन साधारण को शिक्षा दिया करते हैं, वहां पर लोक शिक्षा के रूप में प्रकृति चित्रण माना जाता है। प्रायः प्राचीन काल से ही कविजन मानवों को प्रकृति के द्वारा शिक्षा देते आये हैं।

भारतीय दर्शन के अनुसार पुरुषार्थ को ही जीवन मूल्य की संज्ञा दी गई है। पुरुषार्थ का मूल्य अर्थ उन प्रयत्नों से है जिनसे मनुष्य अपने चरम लक्ष्य तक पहुंचता है। मानव-जीवन के चार उद्देश्य या मूल्य स्वीकार्य किये गये हैं—धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष। धर्म, अर्थ और काम जीवन के साधनात्मक मूल्य के रूप में तथा मोक्ष को जीवन के साध्यात्मक मूल्य के रूप में मान्यता दी गई है।

साहित्य में जीवन मूल्य के रूप को स्वीकार करने हेतु उसमें दो विशेषताओं का होना आवश्यक है एक तो यह कि वह सत्यम्, शिवम्, सुन्दरम् से युक्त हो दूसरा वह मनुष्य के चिन्तन का उसके विचारधारा का परिणाम हो। जीवन मूल्य की व्याख्या करते हुए अज्ञेय कहते हैं कि—जीवन मूल्य से तात्पर्य उन प्रबल संवेग युक्त प्रेरकों से है जो व्यक्ति तथा सुबुद्ध समाज को एक निश्चित लक्ष्य की प्राप्ति के लिये स्पृहणीय होकर सक्रियता प्रदान करते हैं।

साहित्य मानव-जीवन के सापेक्ष होता है और जीवन साहित्य से प्रेरित तथा प्रभावित होता रहता है। फलतः चिर गतिशील और विकासशील मानव मूल्य में परिवर्तन स्वाभाविक है। एक ओर इस परिवर्तन में साहित्य का प्रभाव सहयोगी होता रहता है तो दूसरी ओर मानव-जीवन के बदलते मूल्य के अनुरूप ही साहित्य की विविध विधाओं में विषय और अभिव्यंजना का रूपान्तरण दिखाई पड़ने लगता है।

संस्कृति और साहित्य दोनों का अद्भुत सम्बन्ध होता है क्योंकि साहित्य संस्कृति तत्वों का प्रतिबिम्ब हुआ करता है और संस्कृति साहित्य का आधार। उपभोक्तावादी संस्कृति के उदय होने से मनुष्य को अर्थ प्रधान और आत्म केन्द्रित बना दिया इसने मनुष्य के आचार-विचार, रहन-सहन जीवन-दर्शन को पूरी तरह बदल दिया। परम्परा और आधुनिकता के द्वंद्व में परम्परा का लोप और आधुनिकता का विकास होता गया। भारतीय संस्कृति आधुनिकता के रंग में रंगती गई। उसमें बौद्धिकता का समावेश होता गया। इस तरह प्रकृति में विन्यस्त हमारी संस्कृति परम्पराओं का ह्रास होता गया और नई आस्था युक्त संस्कृति का विकास हो रहा है।

कहा जा सकता है कि संस्कृत साहित्य के काव्य क्षेत्र में विश्व मोहिनी प्रकृति सुन्दरी के सचेतन, सुकुमार एवं सहज सौन्दर्यशाली रूप का जितना मर्मस्पर्शी चित्रण मिलता है उतना अन्यत्र नहीं दिखाई पड़ता है।

## संदर्भ स्रोत

1. मेघदूत
ओष्ठों को रगने का भी चलन था। अभिज्ञान-शाकुन्तलम् में दुष्यंत द्वारा शकुन्तला के उन होठों का वर्णन किया गया है जो रंगे न जाने के कारण पीले हो गये थे। कुमार सम्भव में भी ओष्ठराग की चर्चा हुयी है। इसमें इस बात का उल्लेख है कि तपस्या के समय भी पार्वती के होंठ पहले से लगाए गये रंग के कारण लाल थे। स्नान करने के कारण यह ओष्ठ राग धुल जाता था। रघुवंश की भाँति विक्रमोवर्शीयमें ाी ओष्ठराग का स्पष्ट वर्णन है। तपस्या के दौरान और विरहावस्था में शृंगार के अन्य उपकरणों की भाँति ही ओष्ठराग भी वर्जित था। ओष्ठराग केवल लाल रंग का होता था। जिसके लिए अलक्तक का प्रयोग होता था। (बिंवाधरालक्तकाः)।

**महावर या आलता**

यह पैरों में लगाया जाता था। महावर के लिए रागलेखा, पादराग, लाक्षारस, अलक्तक, द्रव्यराग निर्मलराग, आदि का शब्दों का प्रयोग मिलता है। रागरेखाविन्यास शब्द से ही आभासित होता है कि महावर लगाना एक विशेष प्रकार की कला थी। स्त्रियाँ प्रायः इस कला में प्रवीण होती थी। साथ ही पुरुषों के भी इस कला में दक्ष होने का प्रमाण मिलता है। मालविकाग्निमित्र में सखी सरल शब्दों में हँस कर कहती है कि मैंने इस कला को राजा से सीखा है। रघुवंश में अंतिम सर्ग में उल्लेख है कि कामुक अग्निवर्ण अपने विलासीपन में स्वयं रानियों को महावर लगाने

राजा बैठ जाया करता था। विशेष अवसरों पर स्त्रियों की तरह पुरुष भी अपने पैरों में महावर लगाते थे।

**ताम्बूल**

ताम्बूल (पान) का प्रयोग पाचन क्रिया में सहायता और अधरों के लाल करता था। कुमारगुपत प्रथम के शासन में इसका बहुत प्रचलन था। आदित्य सेन (7वीं सती ई.) के अफसड शिलालेख में लोहित्य नदी के किनारे पान के पौधे की छाया में सिद्ध पुरुषों के सोने के उल्लेख मिलता है। यशोवर्मन के मंदसौर शिलालेख में भी इसका उल्लेख किया है, जिसमें लोहित्य नदी को ब्रह्मपुत्र माना गया है। वराहमिहिर ने ताम्बूल के गुणों की चर्चा करते हुए कहा है कि इससे वाणी में मधुरता का संचार होता है। पान रूप को निखारता है, सौभाग्य का आव्हान् करता है। श्वास को सुगंधित करने के लिए गुटिकाओं का भी प्रयोग किया जाता था। कफजन्य रोगों को दूर करता है।

**वस्त्र**

व्यक्तिगत शृंगार में वस्त्र का भी महत्वपूर्ण स्थान है, वस्त्र मानव सभ्यता के विकास में एक प्रमुख भूमिका निभाई है। यद्यपि वस्त्र ठंड, गर्म और बरसात से मनुष्य की रक्षा करता है वही लज्जा से बचाता है। वस्त्र का शृंगार की दृष्टि से भी महत्व बढ़ता गया है। जब वस्त्र बनाने की कला का ज्ञान नहीं था उस समय मनुष्य वस्त्र के स्थान पर पशुचर्म, वृक्षों की छाल और पत्तों का प्रयोग करता था।

इनको आकर्षक रूप से धारण कर शरीर को ढ़का जाता था। वस्त्र के विकास के इतिहास से स्पष्ट हो जाता है कि आगे चलकर इनकी आवश्यकता एवं उपयोगिता की अपेक्षा शृंगार की दृष्टि से इनका अधिक महत्व हो गया। इसी कारण अलग-अलग रंगों, नमूनों और अलंकारों से सुसज्जित वस्त्रों का विकास हुआ और उन्हें विविध आकार प्रकार प्रदान कर विभिन्न रूप में धारण किया गया। वस्त्रों की शृंगार-रूपता किसी काल विशेष या वर्ग विशेष के लिए ही नहीं रही है। वरन् सभी युगों में बिना किसी भेदभाव के स्त्री-पुरुष, बालक, युवक अपनी सामर्थ्य के अनुसार इनका उपयोग कर अपने को सुसज्जित करते और आकर्षक बनाते रहे हैं।

**पुरुषों के वस्त्र**

बघेलखण्ड से प्राप्त मूर्तियाँ तत्कालीन विविधतापूर्ण वस्त्रों के व्यवहार की स्पष्ट जानकारी देती है। पुरुष धोती पहनते थे जिसका एक छोर कमर में लपेट लिया जाता था और लाँग (लम्बा) पीछे की ओर खोंस ली जाती थी। यह धोती घुटनों के नीचे पैरों के मध्य भाग तक लम्बी होती थी। धोती के साथ में पुरुष दुपट्टा, कमरबन्ध, पटका और उष्णीय भी धारण करते थे। इसके अलावा सिले वस्त्र, कोट, घाघरा तथा उपानह पहनने के उदाहरण भी प्राप्त होते हैं। बाद में धोती की लम्बाई कम हो गई और अब यह केवल घुटनों के ठीक नीचे तक ही आती थी। ठीक इसके सामने का भाग कोणयुक्त या लम्बा रूप लेने लगा। और धोती के दोनों सिरे पीछे से आगे की ओर लाकर कुछ इस प्रकार खोंजे जाते थे कि पायजामे का स्वरूप बन जाता था।

उत्तरीय धारण करने की भी अलग-अलग स्टाइल (शैलियाँ) देखी जा सकती है। पहली शैली में उत्तरीय को वक्ष पर बांधते थे जिसके छोर बायीं जाँघ को छूते थे। दूसरी शैली में उत्तरीय बायें कन्धे पर फन्देदार रूप में पड़ा रहता था। पवाया (म.प्र.) से मिली मणिभद्र यक्ष की आकृति में इसी शैली का उत्तरीय देखा जा सकता है। तीसरी शैली में उत्तरीय तिरछे, आकार में वक्ष से होता हुआ जाता था जिसका एक छोर बायें कन्धे पर डाल दिया जाता था। कभी-कभी यह एक साधारण वस्त्र के समान कन्धे पर पड़ा रहता था और कभी-कभी इसे समेट कर कन्धे पर रखा जाता था। चौथे प्रकार में उत्तरीय का एक सिरा पीछे की ओर दूसरा सामने की ओर रखने का प्रचलन था। पाँचवें प्रकार में उत्तरीय के दोनों सिरे बाहों के नीचे से सामने लाकर पुनः वक्ष के ऊपर से ले जाते हुए कन्धे के ऊपर से पीछे की ओर डाल दिये जाते थे। इसी शैली के दूसरे प्रकार में उत्तरीय को सामने लाकर उससे क्रास बनाते हुए कन्धों पर से उसे पीछे की ओर फेंक दिया जाता था। इस काल में स्त्री और पुरुष

दोनों ही सुरुचि तथा बैविध्य पूर्ण वस्त्र-विन्यास से पूर्णतः परिचित थे। ग्रीष्म ऋतु में गर्मी से बचने के लिए महीन या हल्के वस्त्र और ठण्ड में ठण्ड से बचने के लिए भारीवस्त्र पहनने की प्रथा थी। रात को और दिन में दोनों समय पहने जाने वस्त्र में भिन्नता थी। सूती, ऊनी तथा रेशमी तीनों ही प्रकार के वस्त्र पहनने का प्रचलन था। रेशमी वस्त्र प्रायः नहाने के बाद ही पहना जाता था रंग-बिरंगे वस्त्रों का भी प्रचलन था।

## सन्दर्भ ग्रन्थ सूची


1. हर्ष नंदिनी भाटिया, नारी–श्रृंगार पृ. 9–11
2. हर्ष नंदिनी भाटिया, नारी–श्रृंगार पृ. 9
3. हरिद्रां कुमकुमश्चैव सिन्दूरं कज्जलं तथा। कार्पासकंच ताम्बूलं माङ्गल्या भरणं शुभं।
   केश संस्कार–कवरी करणंम विमूषणम्।
   भर्तुरापुष्यमिच्छन्ति दूरयेन्न पतिव्रता।।
   मारकण्डेय पुराण (दे. मजूमदार जी.पी., 'टॉयलेट', इण्डियन कल्चर, खण्ड 1, पृ. 662)
4. प्रकीर्यमाण केश कुसुमा, कामसूत्र 2/8/6
5. ''श्रृंग प्रसाधन इर्यार्त इति श्रृंगार'' अमरकोश।
6. भारतीय श्रृंगार, डॉ. कमलगिरि पृ. 6
7. भारतीय श्रृंगार, डॉ. कमलगिरि पृ. सं. 6
8. वत्स, एम.एस., एक्सकवेशन्स ऐट हडप्प, खण्ड–1, दिल्ली, 1940 पृ. 432
9. वत्स, एम.एस., एक्सकवेशन्स ऐट हडप्प, खण्ड–1, दिल्ली, 1940 पृ. 460
10. वत्स, एम.एस., एक्सकवेशन्स ऐट हडप्प, खण्ड–1, दिल्ली, 1940 पृ. 459
11. वत्स, एम.एस., एक्सकवेशन्स ऐट हडप्प, खण्ड–1, दिल्ली, 1940 पृ. 460
12. व्हीलर, एम. दि इंडस विविलाईजेशन, कैंब्रिज, 1960 पृ. सं. 53
13. डॉ. कमलगिरि, भारतीय श्रृंगार, पृ. सं. 7
14. डॉ. कमलगिरि, भारतीय श्रृंगार, पृ. सं. 7
15. मार्शल, जॉन, मोहनजोदड़ों एण्ड इंडस सिविलाईजेशन, लंदन, 1931, खण्ड–2, पृ. सं. –467, खण्ड–3, पृ. सं. 133 आ. 14
16. मार्शल, जॉन, यू.नि. खण्ड–2 पृ. 468, फु.नो.2.
17. वत्स, एम.एस., यू.नि. खण्ड 1, पृ. 468–469, मार्शल जॉन, यू.नि. खण्ड 1 पृ 319–21.
18. मैके,ई. चन्हूदडों एक्सकवेशन्स, न्यू हैवेन, 1943, पृ. 113–14.
19. डॉ, मीना सिंह, प्राचीन भारत में केश–सज्जा, प्रथम संस्करण 2010, पृ. सं. 26
20. धम्मिक सूत्र, पृ. सं. 146.
21. डॉ. मीना सिंह प्राचीन भारत में केश सज्जा, प्रथम संस्करण, 2010 पृ सं. 26
22. प्रकीर्यमाण केश कुसुमा, कामसूत्र 2/5/16
23. प्रकीर्यमाण केश कुसुमा, कामसूत्र 1/3/15
24. हर्ष. पृ. 56, 285, 370, शिशु. 9/46, 7/63, 7/6, 16/84
25. पिण्डालक्तकेन पल्लवितस्य कुमकुम पिंजरितपृष्ठस्य चरणयुगलस्य, हर्ष, पृ. 56
26. तां शोभामाद्धाना जयति नवमिवा लक्तकं पीडयित्वा– चण्डीशतक 3
27. हर्ष. पृ. 56
28. हर्ष. पृ. 224, 243
29. एवि. इण्डि., कलकत्ता, 1892, खण्ड 1, पृ. 129
30. अतिबहल पिण्डालक्तक रसराग पल्लवित पादपंकजम् कादम्बरी, पृ. 22
31. आस्यान कालेय कृतांगरागाम्, कुमार. 7/9
32. कुमार. 7/14
33. कुमार. 7/15
34. कुमार. 7/17
35. कुमार. 7/20
36. कुमार. 7/23
37. ऋतु., 1/2
38. ऋतु., 2/21
39. ऋतु., 6/5
40. कादम्बरी, पृ. 19
41. पउमचरिय, हर्मन जैकोवी (सं.) वाराणसी, 1962, 69/6
42. भगवती सूत्र, घेवरचन्द्र भाटिया सं. शैलान, 1966 मज्जणधर 9/33/3
43. कादम्बरी, पृ. 31
44. ऋतु. 1/2
45. माल. 3/5, कुमार. 3/33/38, 7/15, रघु. 6/72, 16/67, 17/24, 9/29
46. कुमार. 3/33, 38, 7/15

47. रघु. 6/72, 16/67, 17/24, 9/29
48. माल. 3/5
49. ऋतु. 4/5
50. कुमार. 7/15
51. रघु. 17/24
52. माल. 3/5
53. एस. पी. गुप्ता (सं.), पू. नि., पृ. 221
54. कुमार. 7/23, 33, रघु 18/44 (सुदर्शन द्वारा तिलक लगाने का उल्ले,ा मिलता है), कुमार. 3/30, माल. 3/5, 4/9
55. माल. 3/5, 4/9
56. रघु. 18/44
57. माल. 3/4
58. कुमार. 3/30
59. कादम्बरी, पृ. 21
60. कादम्बरी, पृ. 284
61. हर्ष., पृ. 127
62. रघु. 7/27, 16/59, 19/10 कुमार, 1/47, 5/51, 7/20, 59, 82 ऋतु. 1/11, 2/2
63. कुमार. 7/20, 82
64. ऋतु. 2/2, 3/4
65. ऋतु. 1/11
66. मेघ. उनार, 37
67. कुमार. 5/51
68. हर्ष. पृ. 145, कुमार. 1/47
69. अमि. 7/23
70. कुमार. 3/30, 5/11, 34, 7/18
71. कुमार. 5/34
72. रघु. 19/10
73. विक्रम. 4/17
74. अमि. 7/23
75. अभि. 2/23, कुमार. 5/34
76. फ्लीट, जे एफ., यू.नि., सं. 18 पृ. 82
77. फ्लीट, जे एफ., यू.नि., सं. 42 पृ. 206, टेक्स्ट पृ. 203
78. फ्लीट, जे एफ., यू.नि., सं. 33 पृ. 145, कनिघंम, ए. एब्शिएण्ट जियोग्राफी ऑफ इण्डिया कलकत्ता, 1924, पृ. 729
79. डॉ. कमल गिरि, भारतीय शृंगार, पृ. सं. 120
80. मार्शल, जॉन, पूसे, ए.पू.नि. फ. 36
81. बरुआ, बी. एम. पू.नि.फ. 36, आ. 30, फ. 87, आ. 128
82. मार्शल जॉन, पूसे, ए.पू.नि., खण्ड 2 फ. 34
83. डॉ. कमल गिरि, भारतीय शृंगार, पृ. सं. 120–121
84. अग्रवाल, वासुदेवशरण, प्रीकुषाण आर्टएट मथुरा, जर्नल आव यू.पी. हिस्टोरिकल सोसायटी, खण्ड 4, 1933, पृ. 81–120, फ. 2, आ. 4 (पटना यक्ष)
85. बरुआ, वी.एम.पू.नि.फ. 13, आ. 118
86. बरुआ, वी.एम.पू.नि.फ. 13, आ. 16
87. बरुआ, वी.एम.पू.नि.फ. 33, आ. 18, मार्शल, जॉन पूसे, ए.पू. नि खण्ड 2, फ. 35 ए
88. तन्वंशुक–ऋतु. 1/7, प्रतनुसित दुकूला–ऋतु. 2/26 गुरुविण वासंति बियासतूर्णा तनुनि–ऋतु 1/2, 6/15
89. ऋतु. 5/14
90. भगवती सूत्र, 11/11/430
91. ऋतु. 2/26, विक्रमो. 3/12

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 30th Aug 21 Paper Accepted : 10th Sep 21

# भारतीयपरिप्रेक्ष्ये कुटुम्बस्य अवधारणा

❒ मीनाक्षी सिंह*

**शोध सारांश**

भाषायांलोके च सदैव घनिष्ठसम्बन्धो दृश्यते, लोकजीवनस्य विविधंगैः सम्बन्धिताः शब्दाः भाषायांउत्पन्नाः प्रयुक्ताः च भवन्ति। शब्दाः भूतकालीनः संस्थानाम्प्रतीकरूपेणतेषांस्मारकसमंभाषायांवसन्ति। शब्दानांआयुष्यमपिनानाप्रकारकाः भवति, अनेके शब्दाः जायन्तेकालस्य चगर्भेविलीयन्ते। पाणिनिः स्वः समकालीनः लोकजीवनस्य शब्दानाम् सूक्ष्मतः अध्ययनंचकार, स्वशास्त्रे स्थानमपिप्रदत्तवन्तः। तत्कालीनः सामाजिकजीवनस्य व्यस्थामवलम्ब्य पाणिनिः पारिवारिकसम्बन्धान् विषयेऽपिउक्तवन्तः।

परिवारशब्दस्य प्रचलनंपुराकालादेवदरीदृश्यते, भारतीय चिन्तनेपरिवारव्यवस्था एका विशुद्धाः प्रकल्पः वर्तते। यत्र प्रायेणप्रत्येकस्मिन् परिवारेमांगलिकमाचरणं, जितेन्द्रिय जपादयः नित्यनैमित्तिक याज्ञिकगुणैश्चसमन्विताः सदस्याः निवसन्ति। परिवारः राष्ट्रस्य लघुरूपंवर्तते, याः क्रियाः राष्ट्रेभवन्तिताः सर्वाः लघुरूपेणपरिवारेष्वपिभवन्ति।

परिवार शब्दः परिउपसर्गपूर्वकंवृञ्वरणे[1] धातोः,भावे घञ् प्रत्यये सतिनिष्पद्यते, यतोहिपरिवारं वृणोतीतिपरिवारः, यं सर्वतः स्वीक्रियते सः परिवारः। अपरंवृञ् आवरणे[2]धातोः यस्मिन् त्रुटयः वारयन्ति सः परिवारः। वृङ् सम्भक्तौ[3]धातोः यस्मिन् सुष्ठुभक्तिः भवति, वृणीते वा सः परिवारः। वृञ् वरणेभरण इत्येके[4]यस्मिन् भरणपोषणंभवति सः परिवारः। वर् ईप्सायाम्[5] धातोः यस्मिन् किञ्चिदपिप्राप्तुम् वरयतिसोऽपिपरिवारः इति।

पाणिनीय व्याकरणं यस्य कार्यं शब्दानांव्युत्पत्तिः वर्तते, धातुंप्रातिपदिकं च पृथक्करणकल्पनया शब्दान् निर्माति, तेषां शब्दानांप्रयोगशालापतञ्जलिः लोकंमन्यन्ते। लोकतोऽर्थप्रयुक्ते शब्दप्रयोगे शास्त्रेण धर्मनियमाः।[6] नियमाः लोकेमनुष्याणांहितायभवन्ति, पुनः पाणिनिव्याकरणं यः सर्वकलासम्पन्नशास्त्रं वर्तते, तम् लोकहिताय कथं न सृजेत्? अतः आदर्शपरिवारस्य यः दृश्यंवैदिक वाङ्मये अस्मान् दरीदृश्यते, पाणिनीय व्याकरणेऽपितद् तस्याम् उन्नतावस्थायां एव प्राप्यते।

पाणिनीय व्याकरणेपाणिनिना द्विप्रकारकाः सम्बन्धाः प्रोक्ताः—(1) विद्यासम्बन्धः, (2) योनिसम्बन्धः। विद्यायोनिसम्बन्धेभ्यः वुञ्च[7], ऋतोविद्यायोनिसम्बन्धेभ्यः[8]। विद्यासम्बन्धः यः गुरूशिष्य परम्परयाचलतितथा योनिसम्बन्धाः मातृवंशपितृवंशाभ्याम् चलति, यथोक्तं-महाभाष्यकारेण-द्वावेववंशौमातृवंशः पितृवंशश्च।[9]

* सहायक प्राध्यापक (संस्कृत), शासकीय बापू महाविद्यालय (नौगांव), छतरपुर (म.प्र.)

यथावर्तमानसमयेअस्थिविसर्जनकर्तारः पण्डिताः कुलपरम्परासुविभक्ताः, तेगोत्रानुसारेणतेषां अनेकानां-वंशपरम्पराणां अभिधानंजानन्ति, तथैवपाणिनीय व्याकरणेवंशप्रमुखसंस्थापकपुरूषस्य नाम्ना सह वंशश्रेण्याः संख्या योजयित्वातस्य वंशस्य दीर्घकालीनस्तित्वस्य संङ्केतो उपलभ्यते। यथा-एकविंशतिभारद्वाजं, त्रिपञ्चाशद् गौतमम्, तृतीयासप्तम्योर्बहुलम्[10] सूत्रेऽस्मिन् महाभाष्यकारः पतञ्जलिः निर्दिशति। स्पष्टं यद् उदाहरणनिर्माणसमयपर्यन्तंभारद्वाजस्य एकविंशति वंशश्रेणी तथागौतमस्य त्रिपञ्चाशद् वंशश्रेण्यः व्यतीताः। समाजे यथागृहेषुसम्बन्धाः पिता-माता, भ्राता-भगिनीइत्यादयः भवन्ति, तथैवपाणिनीय अष्टाध्याय्याम् अनेकेसम्बन्धाः दर्शयन्ति, सहैवपितामात्रा[11] इत्यादिसूत्रैः पितरौ, भ्रातरौ, श्वसुरौ, पुत्रौइत्यादौ एकशेषंदर्शयन् तत्कालीनंपितृकेन्द्रितंसमाजे, पितुः प्राधान्यंदर्शयन्ति। संयुक्तपरिवाराय पाणिनिः पुत्रपौत्रमनुभवति[12] सूत्रेणपुत्रपौत्रीणः प्रयोगंप्रदर्श्य तत्कालीनंपरिवारस्यापि-दर्शनंकारयन्ति। संयुक्त शब्दः तस्मिन्समये श्वशुरालयेभ्यः प्रयुज्यते स्म संयुक्ताः'' स्त्रीसम्बन्धिनः श्यालादयः[13]। परिवारंकुलंप्रोच्यन्तेस्म। प्रतिष्ठितं यशस्वीकुलं च महाकुलंइतिकथयन्ति स्म-आढ्यकुलीनः, श्रोत्रियकुलीनः, महाकुलीनः।[14] इत्यादीनिउदाहरणानिइदमेवप्रदर्शयन्ति। के च तेमहाकुलीनः, दुष्कुलीनः?[15] विदुरःवदन्तितप-दम-ब्रह्मज्ञानं, यज्ञं, पुण्योद्वाहं, सदैवमन्नदानं, सम्यक् आचारं च इमेसप्तगुणाः येषुसन्तितेमहाकुलीनः तथा च वेदाध्ययने प्रमादः, सदाचारस्य परित्यागकर्तारः दुष्कुलीनः उच्यन्ते।

श्रेष्ठकुलेषुभवन् गृहपति, गृहिणी च कथंभवेत्? विषयेऽस्मिन् पाणिनिः वदन्ति-सवर्णासंस्कारः सवर्णासूपदिश्यते।[16] उद्वाहसमयेप्रज्ज्वलिताग्निः गार्हपत्य अग्निः उच्यते। अतः गृहपतिनासंयुक्ते ञ्यः[17] उक्त्वापाणिनिः गृहस्थजीवने यमग्निंगृहयज्ञैः निरन्तरंप्रज्ज्वलिताः स्थापयन्ति तम् गृहपतिसंयुक्तंअग्निंकथयन्ति, गृहपतिनासंयुक्तः गार्हपत्योऽग्निः। यज्ञस्य संयोगेनेवपत्नी उच्यते-पत्युर्नोयज्ञसंयोगे।[18]

कः गोत्रसंज्ञकः? उच्यतेपाणिनिनाअपत्यंपौत्र-प्रभृतिगोत्रम्[19] पौत्रप्रभृतेरपत्यंगोत्र-संज्ञकः। गृहेषु वृद्धः व्यक्तिः सर्वोपरिभवति स्मतस्मात् कनिष्ठाः सर्वेऽपि युवाउच्यन्तेजीवतितुवंश्ये युवा।[20] अद्यत्वेऽपि वृद्ध व्यक्तेः मृत्योः अनन्तरं पट्टाभिषेकः (पगड़ी बन्धन) क्रियते स्म, पाणिनीय व्याकरणस्य गार्ग्यः, गार्ग्यायणं यथासंख्यं सैवसंज्ञासन्ति, ज्येष्ठभ्रातुः जीवितेसतिसर्वेऽपिअनुजाः युवाउच्यन्तेतथाज्येष्ठभ्रातरं-पितासदृशंमन्यन्ते स्म, भ्रातरि चज्यायसि।[21]

गृहपत्नीकथंस्यात्? पाणिनिः अष्टाध्याय्यां जाया, पत्नी, जानि शब्दंगृहपत्न्यैप्रयुज्यते। नवपाणिग्रहण-वधूंलोकवेदयोः सुमंगलीकथयन्तिसुमंगलीरियं वधूरिमांसमेत पश्यत।[22] युवतिस्त्रियाःभर्तायुवजानिः, तथावृद्धस्त्रियाः भर्ता वृद्धजानिःउच्यते। (जयाया निङ्)[23] यस्याः उद्वाहः अनुजायाः अनन्तरंस्यात्, तर्हितस्याः भर्तादिधिषूकथ्यते, न भूवाक्चिद्दिधिषु।[24]

सुष्ठुआचरणयुक्तः मातुपुत्रःभद्रमातुरः रूपवतीमातुपुत्रः कल्याणिनेयः। स्त्रीणामध्ययनस्याप्यधिकारमासीदिति। काशिकायाः कठी, बह्वृचीइत्यादीनिउदाहरणानि-इदमेवसंकेतयन्ति। बह्वृचनाम्नः ऋग्वेदस्य चरणे अध्ययनकर्त्रीणिब्रह्मचारिणिन्याःबह्वृचीकथ्यन्ते। छात्र्यादयः शालायाम्[25] उक्त्वापाणिनिः छात्राणाम् निमित्तंपृथक् पाठशाला, छात्रावासं च निर्दिशन्ति। केचनस्त्रियाः उद्वाहानन्तरमपिआजीवनंपठिष्यन्तीतिसंकल्पयन्तिताः कुमार-श्रमणा, कुमारप्रव्रजिताउच्यन्तेकुमारश्रमणादिभिः।[26]

सत्संगत्यै, गृहपतिपत्नीं च सन्मित्राणिकथंभवेयुः? तर्हिअष्टाध्याय्यां पाणिनिः सुहृत् व तेषाम् सौहार्दभावाय सख्यम् शब्दंप्रयुज्यन्ते (सख्युर्यः) पूर्णायुपर्यन्तंगहन-मित्रतांअजर्यं संगतम्[27] कथ्यन्ते।

परिवारेषु, गृहेषु वा प्रयोगवस्तूनामपिविस्तृतवर्णनं-

अष्टाध्याय्यां पाणिनिः इत्थंकुर्वन्ति, यथा-अन्नंभोजनं वा पञ्च भागेषुविभक्ताः- धान्यकृतान्नमधुरपदार्थगव्यफल-शाकवर्गाः, तस्मात् धान्येषु- शालि, महाव्रीहि, हायन, यवन, नीवारं, षष्टिका (साठी) षष्टिरात्रेणपच्यन्ते धान्यं षष्टिकाइतिषष्टिकाः षष्टिरात्रेण पच्यन्ते[28]। वर्तमानसमये 'बासमतीतण्डुलानि' तस्मिन् समयेमहाशाली, महान् व्रीह्यपरा[29]। कृतान्नेषु- यावक, पिष्टकं, संयावः, अपूपाः, कुल्माषाः, पललचूर्णादिः वर्णनंप्राप्यते।

आदर्शगृहेतेसर्वेऽपिशिष्टाचाराः, अन्नपान, वस्त्रालंकाराणि, शयनासनाश्चभवन्ति, ये वैदिकाः स्युःप्रकृतिअथ च शरीराय हितकारीभवेत्। गृहेप्रयुक्तअनेकानांवस्तूनामुल्लेखःअष्टाध्याय्यां प्राप्यते, यथा-शय्या, आसन्दः, आसनः, पार्पिकः[30] (पर्पेण चरतीति-लोकभाषायां-व्हीलचेयर) इत्यादयः इत्थंआदर्शपरिवारेभवन् सर्वेऽपिकर्तव्याकर्मणाम् वर्णनंअस्माभिः अष्टाध्याय्यां पाणिनिनादर्शयते, परिवारः यः सामाजिकनिर्माणस्य आधारस्तम्भः भवतिसदैवस्वादर्शरूपेसमाजस्य निर्माणंकरिष्यति।

ममाशयः इदमेव यत् शास्त्राणिनैवलोकनियमात् पृथक्सन्ति, यल्लोकेतच्छास्त्रे। सम्प्रतिजनाः विचारयन्ति यद् शास्त्राणामध्ययनंपठनंपाठनं च केवलंविशिष्टवर्गायैववर्तते। नैव! अपितुसर्वेषांकृतेवर्तते, शास्त्राणि अस्माकंइतिकृत्यग्रन्थानिसन्ति, पुराकाले के नियमाः आसन्, जनाः कथंव्यवह्रियन्ते स्म, अस्य परिज्ञानार्थं शास्त्राणां अध्ययनमावश्यकं। उक्तमपिमम्मटेनकाव्यप्रयोजने-व्यवहारविदे[31](राजादिगतोचिताचारपरिज्ञानम्) अर्थात् यथाकाव्यंपठनेन, श्रवणेनतथैवव्याकरणशास्त्रस्यापिपठ-नेनज्ञायते यत् सामाजिकसम्बन्धेषुकथंव्यवहारः आसीत्? पुनश्चकथंआदर्शव्यवहारः करणीयः? उभयोः ज्ञानंप्राप्यते, अतः शास्त्राणामध्ययनंपरमावश्यकं इति। उच्यते च - पाणिनिशब्दोलोकेप्रकाशते।

**सन्दर्भाः**


1. धातुपाठ 5/18
2. धातुपाठ 10/236
3. धातुपाठ 9/41
4. धातुपाठ 9/19
5. धातुपाठ 10/278
6. महाभाष्य पस्पशाह्निके : चौखम्बासंस्कृतप्रतिष्ठान : पृ. सं. 65।
7. अष्टाध्यायी 4/3/77
8. अष्टाध्यायी 6/3/22
9. महाभाष्य 4/1/147 वा. 7
10. महाभाष्य 2/4/84
11. अष्टाध्यायी 1/2/70
12. अष्टाध्यायी 5/2/10
13. काशिका 6/2/133
14. काशिका 4/1/139
15. काशिका 4/1/142
16. मनुस्मृति 3/43
17. काशिका 4/4/90
18. अष्टाध्यायी 4/1/33
19. अष्टाध्यायी 4/1/162
20. अष्टाध्यायी 4/1/163
21. अष्टाध्यायी 4/1/164
22. ऋग्वेद 10/85/33
23. अष्टाध्यायी 5/4/134
24. अष्टाध्यायी 6/2/19
25. अष्टाध्यायी 6/2/86
26. अष्टाध्यायी 2/1/69
27. अष्टाध्यायी 3/1/105
28. अष्टाध्यायी 5/1/89
29. अष्टाध्यायी 6/2/38
30. अष्टाध्यायी 4/4/10
31. काव्यप्रकाश 1/2

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 5th Aug 21 Paper Accepted : 10th Sep 21

# ''अनुसंधान प्रक्रिया में भारतीय एवं पाश्चात्य् काव्यशास्त्र की भूमिका''

❒ डॉ. राजू हमीरसिंह देसाई*

**शोध सारांश**

भारत का अतीत ज्ञान से परिपूर्ण था और भारतीय संसार का नेतृत्व करते थे। मनुष्य अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए सदैव प्रयासरत रहता है लेकिन सार्थक जीवन क्या है और इसे कैसे प्राप्त किया जाय? इन सब बातों के अवबोधन को ज्ञान के रूप में परिभाषित किया जा सकता है। सरल भाषा में ज्ञान के विस्तार को हम अनुसंधान या शोध कहते हैं। यह जीवन के किसी भी क्षेत्र से संबंधित हो सकता है। अनुसंधान के बिना ज्ञान की किसी भी क्षेत्र में प्रगति नहीं हो सकती। अनुसंधान समस्या निवारक होते हैं। मूलतः जब भी हमें किसी समस्या का सामना करना पड़ता है या कुछ जिज्ञासा उत्पन्न हो, हम अनुसंधान करने के लिए प्रेरित होते हैं। फलतःहम अनुसंधान के कार्यों में आगे बढ़ते हैं। किसी विशेष ज्ञान क्षेत्र में शोध समस्या का समाधान या जिज्ञासा की पूर्ति में किया गया कार्य उस विशेष ज्ञान क्षेत्र का विस्तार है। वास्तविक तथ्यों सिद्धांतों और अवधारणाओं से परिचित भी सामान्यतः ज्ञान का प्रतीक माना जाता है। ज्ञान प्राप्त करना एक सतत प्रयास है। अनुसंधान किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान के लिए महत्वपूर्ण है।

**शब्दंकुंजी**—अनुसंधान द्वारा हम नए तथ्यों को ढूंढ निकालते हैं। अनुसंधान शोध, गंवेषणा, ओज, अन्वेषण, मिसासा, अनुशीलन, परिशीलन, आलोचना, रिसर्च आदि नामों का भी प्रयोग किया जाता है।

संधान का अर्थ है खोज, अनुसंधान का अर्थ है पश्चातवर्ती खोज, अर्थात नई खोज, नवीन तथ्यों का अन्वेषण है। संपूर्ण जगत और समाज परिवर्तनशील है। पुराना अतीत बन जाता है और नया वर्तमान। तभी तो नए के स्वागत में पुराने को समाप्त होने के लिए सुमित्रानंदन पंत ने लिखा है। द्रुत झरो जगत के जीर्ण पत्र इस युगान्तकारी परिवर्तन के साथ शाश्वत तत्व खंडित हो जाते हैं। और प्रश्न के साथ प्रारंभ होता है कि, गॉड पार्टिकल क्या है? आतंकवाद की समाप्ति कैसे हो? नीरजा माधव के उपन्यास क्या उत्तर आधुनिक

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी), शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन (म.प्र.), मो. 9425942563

है? इत्यादि प्रश्न वैज्ञानिक मूल्यगत अथवा साहित्यिक विचारणा से संबंधित है, और इनका समाधान अनुसंधान प्रक्रिया का अंग है।

'एडवांसड लनन डिड कशनरी आप करंट इंग्लिश' के अनुसार किसी भी ज्ञान की शाखा में नवीन तथ्यों की खोज के लिए सावधानी पूर्वक किए गए अन्वेषण या जांच पड़ताल को अनुसंधान की संज्ञा दी जाती है।

रेड मैन एवं मोरी के शब्दों में नवीन ज्ञान प्राप्ति के लिए व्यक्तित्व प्रयत्न को हम अनुसंधान कहते हैं। लुंडवर्ग के अनुसार—अनुसंधान वह है, जो अवलोकित तथ्यों के संभावित वर्गीकरण, सामान्यीकरण और सत्यापन करते हुए पर्याप्त रूप में वस्तु विषयक और व्यतवस्थित हो।

उपयुक्त परिभाषाओं से स्पष्ट है कि अनुसंधान में—

1. नवीन तत्वों की खोज की जाती है।

2. नवीन तत्व की खोज के लिए सावधानीपूर्वक जांच पर्याप्त अवलोकन विश्लेषण एवं वस्तु का अध्यापन किया जाता है।

3. अनुसंधान से ज्ञान वृद्धि में सहायता मिलती है।

4. अनुसंधान से प्राप्त किए गए निष्कर्ष भावी खोज के लिए मार्गदर्शक भी होते हैं।

अनुसंधान मूलतः दो प्रकार के होते हैं—

1. सामाजिक अनुसंधान

2. वैज्ञानिक अनुसंधान

साहित्य समाज सापेक्ष है, तभी तो आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी ने साहित्य को समाज का दर्पण कहा है। अतः साहित्यिक अनुसंधान को सामाजिक अनुसंधान की कोठी में रखा जाता है। जबकि भाषा विज्ञान की पद्धति वैज्ञानिक होने के कारण उसे वैज्ञानिक अनुसंधान के अंतर्गत रखा जाता है।

साहित्य सर्जना है। अतः उसमें आत्म निष्ठा होती है, भाषा विज्ञान की तरह ही काव्यशास्त्र की वस्तुनिष्ठता होती है। मात्रा आत्मा में शुद्धता और वस्तुनिष्ठता ही सामाजिक एवं वैज्ञानिक अनुसंधान के विभाजक तत्व नहीं है, बल्कि अन्य तत्व भी है, जो दोनों पद्धतियों को अपनाते हैं। सामाजिक अनुसंधान पद्धति भले ही आत्मनिष्ठ हो किंतु आज यह मान लिया जाता है कि, भौतिक विज्ञान की भांति सामाजिक अनुसंधान में भी प्रयोगात्मक अनुसंधान संभव है। इस प्रकार सामाजिक अनुसंधान एक वैज्ञानिक योजना है। श्रीमती यंग के अनुसार सामाजिक अनुसंधान एक ऐसी वैज्ञानिक योजना है, जिसका उद्देश्य तार्किक तथा क्रमशः विधियों के द्वारा नवीन या प्राचीन तथ्यों को ज्ञात करना और उसकी क्रम मतदाताओं को अंतर संबंधों के कारण की व्याख्या तथा उन को संचालित करने वाले नियमों का विश्लेषण करना है। इस परिभाषा के अनुसार सामाजिक अनुसंधान की विशेषताएं इस प्रकार है—

1. सामाजिक अनुसंधान एक वैज्ञानिक योजना है।

2. इसका उद्देश्य प्राचीन एवं नवीन तथ्यों को ज्ञात करना है।

3. उद्देश्य प्राप्ति हेतु तार्किक एवं क्रमबद्ध विधियों का प्रयोग किया जाना है।

4. तथ्यों की क्रमबद्धता एवं अंतर संबंधों के कारणों की तलाश करना है।

सामाजिक अनुसंधान का विषय मानव समाज है, मानव समाज विविधताओं से भरा होता है। मानवीय संबंध भी विभिन्नम विचित्रिताओं से भरे होते हैं। दार्शनिक, वैज्ञानिक, सदाचारी, पाखंडी, निरक्षर, ज्ञानवान, भिखारी, अरबपति, वीरांगना, सन्यासी, देशद्रोही, राष्ट्रभक्त आदि अनोखे मनुष्य समाज में रहते हैं। इन सबके आधार पर सामाजिक घटनाएं निर्धारित होती है। इसलिए सामाजिक अनुसंधानकर्ताओं को, सामाजिक घटनाओं की प्रकृति को भली-भाँति परखना होता है। साहित्य भी ऐसी जटिलताओं, विविधताओं परिवर्तनशीलताओं अकस्मिकताओं संयोजगो, अजनबीपन से भरा होता है। अतः साहित्यिक अनुसंधान वैज्ञानिक पद्धति से नहीं किया जा सकता है। सामाजिक घटनाओं की प्रकृति के

आधार पर ही सामाजिक अनुसंधान की नींव रखी जा सकती है। सामाजिक घटनाओं की प्रकृति की कतिपय विशेषताओं का उल्लेख किया जा सकता है—

**1. सामाजिक घटनाएं जटिल होती है**—समाज का एक घटक पिता, अलग-अलग पिता अपने बच्चों से अलग अलग व्यवहार करता है। कोई बच्चे से बोझा ढुलवाता है, तो कोई पेट काटकर अपने बच्चों को पढ़ाता है। इस जटिलताओं के लिए परिस्थितियां भी उत्तरदायी होती है। कोई भी दुराचारी परिस्थितिवश सदाचारी बन सकता है, और सदाचारी दुराचारी बन सकता है। कंप्यूटर प्रणाली तब तक जटिल है, जब तक हम उसका ज्ञान नहीं प्राप्त कर लेते हैं।

**2. सामाजिक घटनाओं की व्यक्ति निष्ठता अमूर्तता**—भौतिक घटनाएं इंद्रिय गम्य होती है, जबकि सामाजिक घटनाएं अमूर्त होने के कारण इंद्रियगम्य नहीं है। ठीक इसी प्रकार कंप्यूटर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर की तरह। मॉनीटर, की बोर्ड को हम देख सकते हैं, किंतु कंप्यूटर की प्रोग्रामिंग को नहीं।

**3. सामाजिक घटनाओं की गुणवत्ता**—यह माना जाता है कि भौतिक घटनाएं परिमाणात्मक (माप तोल से संबंधित होती है) और सामाजिक घटनाएं गुणात्मक (मूल्य, आदर्श ,नैतिकता, विचार आदि) वैसे यह अंतर और सामाजिक घटना? अवैज्ञानिक है।

**4. समरूपता का अभाव**—समाज में विभिन्नताओं और विविधताओं के कारण समाज की कोई भी दो इकाई समान नहीं होती है। इसलिए वैज्ञानिक पद्धति में यथार्थता का अभाव होता है, लेकिन समरूपता के अभाव में ही सामाजिक घटनाओं को नई तकनीक द्वारा अधिकाधिक यथार्थ बनाया जा सकता है।

**5. सार्वभौमिकता का अभाव**—भौतिक पदार्थों के नियम सार्वभौम होते हैं; जैसे—आग जलायेगी ही की तरह सब जगह। पानी शीतलता ही देगा हर समय। सामाजिक घटनाओं के संदर्भ में ऐसी सार्वजनिकता नहीं होती है। विद्यार्थी शिक्षक को साक्षात परब्रह्मा माने या पत्नी हमेशा सावित्री बनकर पति को, सत्यवान बनाकर अमरत्व दिलवाए यह जरूरी नहीं हैं।

**6. सामाजिक घटनाओं की गतिशीलता**—मानव की शिक्षा-दीक्षा उसके अनुभव विचारों की परिपक्वता, उसके जीवन में बदलाव लाते रहते हैं और उनका व्यवहार बदलता रहता है। अतः वैज्ञानिक अनुसंधान पद्धति निष्फल हो जाती है, लेकिन ऐसी परिवर्तनशीलता के बावजूद सामाजिक घटनाओं में निश्चितता और नियमितता की खोज की जा सकती है।

## संदर्भ ग्रन्थ सूची


1. ज्ञानोदय : फरवरी 1966
2. बदलते परिप्रेक्ष्य : डॉ. नेमीचंद्र जैन
3. संचेतना : डॉ. महिप सिंह
4. काव्य बिंब : डॉ नागेंद्र
5. मौत का नगर : अमरकांत
6. एक और जिंदगी : मोहन राकेश
7. मांस का दरिया : कमलेश्वर
8. पीयर्सन प्रकाशन : के.वी.एस. मदान

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 6th Sep 21 Paper Accepted : 10th Sep 21

# डॉ. द्वारिकानाथ त्रिपाठी विरचित जनसंख्या नियन्त्रण शतकम्
## ( एक अध्ययन )

❐ मनोज कुमार*
❐ डॉ. सूर्यनारायण गौतम 'वेदाचार्य'**

**शोध सारांश**

संस्कृत जगत् के मूर्द्धन्य कवि, मनीषी डा. द्वारिकानाथ त्रिपाठी एक बहुश्रुत तथा ऋषिकल्प हैं। वे न केवल संस्कृत भाषा मर्मज्ञ हैं अपितु भाषा की बारीकियों के विशेषज्ञ हैं। सूक्ष्म से भी सूक्ष्म भावों को संस्कृत के शब्दों और वाक्यों में पिरोकर सुन्दर माला बना देना आपकी कठिन साधना का परिणाम है। आपने जनसंख्या नियन्त्रण शतकम्, पर्यावरणसुरक्षा शतकम् तथा एड्सरोगनियन्त्रण शतकम् का लेखन किया है। वैयाकरणभूषणसंसार पर भी आपके द्वारा उत्कृष्ट शोधकार्य किया गया है। निरन्तर प्रवर्द्धमान जनसंख्या बृद्धि के होने वाले दुष्परिणामों से आपके कवि हृदय को बड़ा आघात पहुँचा है। आपकी चिन्ता समीचीन है। अतः यह लेख इस दिशा में मार्गदर्शन करेगा इसी प्रत्याशा में लेखन किया गया है।

**शब्द कुंजी**—द्वारिकानाथ परिचय, जनसंख्या।

"अदम्य साहस एवं उत्साह के प्रतीक कविवर डा. द्वारिका नाथ त्रिपाठी द्वारा विरचित जनसंख्या नियन्त्रण नामक शतक का चिन्तन किसी जाति, धर्म अथवा राष्ट्र की सीमा में आबद्ध, संकीर्ण कुण्ठा तथा पूर्वाग्रहों के समस्त घटकों को पोषण प्रदान करेगा ऐसी मेरी मान्यता है।"[1] यह वाक्य इस महनीय ग्रन्थ के प्रकाशक के हैं जिन्होंने इस अत्यन्त उपयोगी ग्रन्थ का प्रकाशन किया है।

डा. द्वारिकानाथ त्रिपाठी संस्कृत जगत् के मूर्द्धन्य विद्वान् मनीषी हैं तथा जिस प्रकार उनकी विद्वत्ता है, उसी प्रकार उनकी विनम्रता भी है। यथा—"मेरी रचनाओं में त्रुटियों का रह जाना तो स्वाभाविक है क्योंकि ब्रेल लिपि में अन्यान्य विषयों के विविध पुस्तकों की दुर्भिक्षता के साथ ही वाचक का अभाव एवं लेखन कार्य श्रुति लेखक के आश्रित होने से हृदय से उद्भूत भावों को यथावत् वाक्य एवं अनुच्छेद आदि की रचना में विसंगति

* शोधार्थी, श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय, झुन्झुनू (राज.)
** एसो. प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (संस्कृत विभाग), श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय, झुन्झुनू (राज.)

से नकारा नहीं जा सकता। क्योंकि वक्ता एवं श्रुति लेखक के भेद के साथ-साथ कालान्तरात भी आगे बढ़ता है। अतः पाठक बन्धुओं से मेरा अनुरोध है कि इस पुस्तक के ज्ञान को अपने जीवन में उतारते हुए मेरी त्रुटियों से अवगत कराने का कष्ट करें। ताकि अग्रिम संस्करण में उसे सुधार सकूं।''[2]

आपने नेत्रहीनता के बावजूद भी समाज को सूक्ष्मता से देखा है, समझा और परखा है। आपकी चिन्ता न केवल पठनीय है वल्कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए सर्वथा अनुकरणीय है। आज विश्व चिन्तातुर है तो केवल निरन्तर बढ़ती हुई जनसंख्या से क्योंकि प्राकृतिक संसाधन जितने हैं उसकी तुलना में निरन्तर बढ़ती आबादी के कारण उपभोग्य वस्तु का अनुपात निरन्तर न्यून होता जा रहा है।

जनसंख्या की विस्फोटक समस्या से केवल आज का ही जनमानस नहीं बल्कि वेदकाल में भी चिन्तातुर हुआ था। निरुक्त में यास्क मुनि ने ऋग्वेद के एक मन्त्र का उद्धरण प्रस्तुत करते हुए कहा है—

**निष्टत्त्वाशः चिदन्नरो भूरितोका बृषादिव।**
**विभ्यस्यन्तो ववाशिरो शिशिरं जीवनायकम्।।**[3]

यह समस्या आज के लिए ही नहीं है अपितु उस काल के लिए है जब किसी मानव को रहने-बसने के लिए भूमि नहीं उपलब्ध हो पायेगी। यदि आवासीय भूमि उपलब्ध भी हो गई तो कृषि भूमि नहीं रहेगी फिर मानव का जीवन किस पर आधारित हो सकेगा।

आचार्य द्वारिकानाथ जी कहते हैं—

**सम्पूर्णानाम् समस्यानामेकमेवाऽस्ति कारणम्।**
**जनसंख्यै धनं विश्वे द्वारिका नाथ वाङ्मयात्।।**[4]

मुझे द्वारिकानाथ त्रिपाठी के मन्तव्यानुसार संसार भर में अनुभूयमान सम्पूर्ण समस्याओं का एक मात्र कारण अबाध गति से प्रतिपल कुवर्धित मानव वृद्धि है। यहाँ पर भी उपर्युक्त प्रथम एवं द्वितीय श्लोकों में जिस प्रकार पौना पुण्य समस्या शब्द का प्रयोग कर कथनी मात्र माना जाना चाहियें। क्योंकि तृतीय एवं चतुर्थ श्लोकों में भी जनसंख्या वृद्धि को समस्त समस्याओं का नींव बारंबार आवृत है। इसका तात्पर्य यह कदापि नहीं। कि ये श्लोक पुनरूक्ति दोषाऽपन्न हैं। अपितु जान-बूझकर इन दोनों श्लोकों में एक ही शब्द अनेकधाउच्चरित है।

**नाडीगत्यनुसारं हि, जनसंख्या प्रतिक्षणम्।**
**वर्धतेऽबाधगत्याऽस्मिन् भूतलेऽभूत पूर्वतः।।**[5]

प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति की नाड़ी की गति प्रति मिनट साठ से बहत्तर तक प्रतिपादित है। इसी गति से इस बसुधा पर बच्चों का जन्म दृष्टिगोचर हो रहा है। अर्थात् प्रति मिनट इस भूमण्डल पर साठ से बहत्तर शिशु जन्त लेते हैं। जो कि किसी भी युग में उत्पन्न होने वाले शिशुओं की अपेक्षा बहुत अधिक कहा जा सकता है। अतः अभूतपूर्व एवं अबाध ये दोनों ही शब्द दुर्वर्धित नर को इंगित करने के लिए प्रयुक्त किये गये है।

**वनादि वन्यजीवानां विनाशे हेतवों नराः।**
**अन्या सृष्टीर्विनश्यन्ति सततं विश्वद्रोहिणः।।**

बहुत संतानोत्पत्ति को ईश्वर की कृपा मानने वाले भाग्यवादीजनों के पुत्राऽदि की लम्बी पंक्ति खड़ी करने के कारण, वन-वृक्षादि एवं तदगत वन्य प्राणियों के विनाश में कारण भूत संसार के शत्रु, मानव स्वतेत्तर सृष्टि की अनवरत् विनष्ट करते जा रहे है।

**जनाऽधिक्यात् क्षितावस्यां पर्यावरणदूषणम्।**
**दुण्टे पर्यावृतेस्माकं जीवनं नैव जीवनम्।।**[6]

उपर्युक्त चतुर्धा सृष्टि के संतुलन के दायित्व का निर्वाह करने वाला मानव की अधिकता के कारण हमारे इस भूमण्डल का संपूर्ण पर्यावरण पूर्णतया प्रदूषित होने से हमारा जीवन, जीवन न रहकर रोगों का खान बन जाएगा। पर्यावरण मानव ही नहीं अपितु चतुर्धा सृष्टि का परि अर्थात चारों ओर से आवृत किया हुआ है। अर्थात् गोस्वामी तुलसीदास द्वारा प्रतिपादित— छितिजलपावक गगन समीरा। पंच रचित यह अधम शरीरा।। के द्वारा हमे यह जानना चाहिए कि देह धारण में आत्म तत्व के अतिरिक्त सम्पूर्ण अनिवार्य घटकपर्यावरण के रूप में स्वीकृत हैं।

चतुर्धाः सृष्टि ही परस्परं में चतुर्धा सृष्टि का परिपोषक है। इनमें विषमता होने पर प्रलयकारी स्थिति उत्पन्न हो जाएगी। तात्पर्य यह है कि पिण्डज-मानव, पशु। अण्डज-पक्षी, कीट-पतंग। स्वदेश-जूं, लिक्स, चीलर। उद्भिज्ज-वन-वृक्ष एवं वनस्पति जगत् ये चारों ही एक दूसरे पर आश्रित है। उदाहरण के लिए जहां मानव, पशु-पक्षी आदि द्वारा उत्सर्जित मलमूत्राऽदि से उद्भूत वाष्प-अपान (कार्बनडाइ आक्साइड) पर वनस्पति जगत निर्भर है तो वनस्पति जगत द्वारा उत्सर्जित प्राण-वायु (आक्सीजन) उपर्युक्त तीन सृष्टियों का जीवनदायक अंग है। जहां वन-वृक्षादि पिण्डज-अण्डज एवं स्वदेशज के खान-पान, रहन-सहन एवं औषधि आदि का अनिवार्य स्त्रोत है। वहीं वनस्पति की स्थिति उन तीनों पर आधारित है। इस प्रकार एक ह्रास अथवा अल्पता के कारण दूसरे का विनाश अवश्यम्भावी है। अतः इन चारों में संतुलन बनायें रखना चारों के लिए हितकारी है। परन्तु विवेक शक्ति सम्पन्न मानव समाज का दायित्व और भी बढ़ जाता है। क्योंकि यह एक चिंतनशील प्राणी है।

**पंचाऽखाता महाभूता भूमिरापोऽनलोनिलः।**
**आकाशस्चैभिरेवेह संयुतैः सृण्यिरूच्यते।।**[7]

पृथिवी, जल, तेज वायु एवं आकाश ये पांचों महाभूत के नाम से प्रख्यात हैं। इन्हीं पांचों के पंचीकृत सम्मिश्रण से चतुर्धा सृष्टि एवं सम्पूर्ण ब्रह्माण्ड (ब्रह्माण्ड) का निर्माण होता है। तात्पर्य यह है। कि आत्म तत्व से आकाश, आकाश से वायु, वायु से तेज से जल एवं जल से पृथिवी का विकास सृष्टि का द्योतक है। एवमेव प्रलयकारी स्थिति में पृथवी का जल में, जल का तेज में, तेज का वायु में वायु का आकाश में विलय हो जाता है। प्रमाण यह है कि शब्द गुणक, आकाश में शब्द की प्रतीती तदुत्पन्न, वायु में शब्द स्पर्श, तेज में शब्द स्पर्श रूप, जल में शब्द स्पर्श, तेज में शब्द स्पर्शरूप, जल में शब्द स्पर्शं रूप रस तथा पृथ्वी में शब्द-स्पर्श-रूप-रस-गंध इन पांचों गुणों का समावेश होता है। अतः विकास एवं विलय में संदेह का कोई स्थान नहीं।

**वर्धनाज्जनसंख्यायाबसुधा नैव जायते।**
**तत्राऽप्यनेकधा भूमिः सर्वत्रोत्पादनं न हि।।**[8]

छः अरब वाले मानव समूह का अनुक्षण दुर्वर्धंन इस ब्रह्मण्ड के लिए घातक होता जा रहा है। क्योंकि मानव की वृद्धि सम्भव नहीं। साथ ही दृष्टि-गोचर होने वाला सम्पूर्ण भूखण्ड अन्नोत्पादन का साधन नहीं अपितु भूमि के अनेक उपयोग है, साथ ही अन्यान्य प्रकार भी।

**बहुखाद प्रयोगेऽपि कृते भूमिर्निरूर्वरम्।**
**शनैः शनैखाप्ता नोमन्तव्यं निश्चितं यतः।।**[9]

विश्व मानव समुदाय दूरगामी परिणाम का परवाह किए बिना स्वयं की क्षुधा तृप्ति के लिए अनेक प्रकार के बहुतायत खाद के प्रयोग से हठात् जो पृथिवी का दोहन कर रहा है, वह मानव समाज के लिए ही नहीं प्रत्युत सम्पूर्ण जीवधारी स्थावर जंगम् जगत् के लिए घातक सिद्ध होगा। क्योंकि प्रचुर खाद क प्रयोग शनैः शनैः पृथिवी की उर्वराशक्ति को विनष्ट कर देगा और भूमण्डल पर जीवन का अभाव सम्भव है। अतः अच्छा तो यह होता कि बढ़ती हुई आबादी को ही नियंत्रित करने का प्रयास हम सभी संयुक्त रूप से प्रारंभ कर देते।

**भागत्रयं समस्तस्य संसारस्य सागराः।**
**चतुर्थंस्य चतुर्थाऽशे सम्भवं नरजीवनम्।।**[10]

इस संसार का 3/4 भाग समुद्र एवं 1/4 भाग ही पृथ्वी है। 1/4 भाग पृथ्वी में भी पर्वत, रेगिस्तान, नदी-नाले, तालाब, बंजर, वन, ग्रामीण एवं शहरी आवासस्थल को पृथक् कर देने से पृथवी का चतुर्थांश ही अन्नोत्पादन् का साधन है। अर्थात् पृथिवी के चतुर्थं भाग पर ही छः सौ करोड़ से भी अधिक संख्या वाला मानव समाज का जीवन निर्भर है।

**धरण्यां मानवाऽधिक्याज्जलाऽभावाऽन्नदुर्लंभम्।**
**वन्यसंसाधनऽल्प्यं नो ह्महोरावं वनक्षतेः।।**[11]

इस धरणी पर निरंतर बढ़ते हुए जनाऽधिकार से जल का अभाव एव अन्न की दुर्भिक्षता के साथ ही अनवरत् वनों के विनाश से हमारे वन्य संसाधनों का ह्रास होता जा रहा है आशय यह है कि मानवाधिक्य के

कारण सीमित जल एवं अन्न की कमी के साथ-साथ वन-वृक्षों का अभाव स्वाभाविक है। क्योंकि मानव अपनी उपभोक्ता संस्कृति में ओत-प्रोत दूसरों का ध्यान क्यों रखने लगा? वनों की निरंतर कटाई से पृथिवी का सुरक्षित पेय जल समुद्रों में चला जाएगा। प्राण वायु का अभाव होगा, विभिन्न रोगों के शमन में उपयुक्त औषधियों का अभाव होगा एवं उर्वराशक्ति हमारे अन्नोत्पादन का साधनभूत भूमि रेगिस्तान के रूप में परिणत हो जाएगी। फिर क्या होगा हम सबका इस पर विचार करना चाहिये।

**नाशेऽरण्ये गते सर्वेषां प्राणिनांसम्भवम्।**
**जीवनं भविताभूमौ रक्षणीयमतोवनम्।।**[12]

वन वृक्षों के विनष्ट होने पर सम्पूर्ण जीवधारी जगत् का इस बसुधा पर अभाव हो जाएगा। अतः हम सबको वन वृक्षों के रक्षार्थं समर्पित होना चाहिये। तात्पर्य यह है कि वनों के अभाव के कारण प्राण-वायु, पृथिवी, के गर्भ में सुरक्षित पेय जल, विभिन्न औषधियाँ, फलादि सहित अन्यान्य दैनिक उपभोग के साधन एवं ईंधन आदि पर आश्रित यह जगत् परस्पर में संन्तुलन की अपेक्षा रखता है। अतः नर बहुलता को नियंत्रित करते हुए बहुतायत वृक्षों का रोपण, संरक्षण एवं पोषण की आवश्यकता है।

## सुझाव

1. विश्व के प्रत्येक व्यक्ति को बढ़ती जनसंख्या के घातक दुष्परिणामों से परिचय कराने हेतु यह आवश्यक है कि पूरे विश्व में एतत् सम्बन्धी एक पाठ्यक्रम प्रारम्भ किया जाना चाहिए। जो प्रारम्भिक स्तर से उच्च शिक्षा तक प्रतिनिधित्व कर सके।
2. दूरदर्शन, आकाशवाणी, समाचार-पत्रों, पत्रिकाओं तथा विज्ञापनों में भी इसके प्रचार-प्रसार को भरपूर सहयोग किया जाना चाहिए।

## सन्दर्भ


1. जनसंख्या नियन्त्रणम् पृष्ठ 7
2. वही, पृष्ठ 5
3. ऋग्वेद संहिता।
4. जनसंख्या नियन्त्रणम् श्लोक संख्या 05।
5. वही, श्लोक 6
6. वही, श्लोक 9
7. वही, 15
8. वही, श्लोक 18
9. वही, श्लोक 20
10. वही, श्लोक 21
11. वही, श्लोक 22
12. वही, श्लोक 23

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 8th Sep 21 Paper Accepted : 15th Sep 21

# रीवा विकासखण्ड के संदर्भ में ''विद्यालयों में अध्ययनरत बालकों की शिक्षा हेतु शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अध्ययन''

❐ रीता निगम*
❐ डॉ. पी.एन. मिश्र**

**शोध सारांश**

भारत में अभी भी अत्यधिक संख्या में लोग निरक्षर हैं। निरक्षरता से मुक्ति दिलाने हेतु हमारे देश में 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' लागू किया गया। देश के सम्पूर्ण नागरिकों को इस अधिकार से परिचित कराना, उसका प्रचार-प्रसार एवं उसके क्रियान्वयन की जानकारी प्रदान कराना, जिससे देश का प्रत्येक बच्चा जो 6 से 14 वर्ष का है निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर सके और देश का विकास कर सके। दैव निदर्शन विधि द्वारा न्यादर्श का चयन किया गया है ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बच्चों की शिक्षा का स्तर क्या है? इसका आंकलन हो पाया। इस हेतु शोधार्थी द्वारा शोध विधि एवं शोध उपकरण के द्वारा शोध क्षेत्र में जाकर प्रदत्तों को संकलित किया गया कि ''शिक्षा का अधिकार अधिनियम'' के अन्तर्गत प्रारंभिक स्तर पर छात्र-छात्राओं के नामांकन दर में वृद्धि हुई है, या नहीं, तथ्यों के संकलन हेतु अवलोकन एवं साक्षात्कार प्रश्नावली विधि का प्रयोग किया गया, जिसके माध्यम से निष्कर्ष तक पहुंचा जा सका एवं परिकल्पना का सत्यापन निरसन कर सुझाव प्रस्तुत कर सके।

## 1. प्रस्तावना

शिक्षा मनुष्य के विकास की पूर्णता की अभिव्यक्ति है। शिक्षा के द्वारा ही इच्छा शक्ति की धरा पर सार्थक नियंत्रण स्थापित हो सकता है। शिक्षा व्यक्तियों का निर्माण करती है, चरित्र को उत्कृष्ट बनाती है, व्यक्ति को संस्कारित करती है, जो आदमी को आदमी बनाती है, वही सही अर्थ में शिक्षा है, शिक्षा जीवन पर्यन्त चलने वाली प्रक्रिया है। इस दृष्टि से सम्पूर्ण जीवन शिक्षा काल है। लॉक का कथन भी इसी विचार की पुष्टि करता है ''जीवन ही शिक्षा है और शिक्षा ही जीवन है।'' कौटिल्य के अनुसार—''शिक्षा का अर्थ है ''देश के लिए प्रशिक्षण तथा राष्ट्र के लिए प्रेम।''

* शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र), अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.)
** प्राध्यापक, शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

महात्मा गांधी ने कहा—''बालक और मनुष्य के शरीर, मस्तिष्क तथा आत्मा में पाये जाने वाले सर्वोत्तम गुणों का सर्वांगीण विकास।''

वेदों में विद्या को अमरत्व प्रदान करने वाला अमृत (विद्यामृतमश्नुते) कहकर पुकारा है। कुछ महर्षियों ने विद्या को मुक्ति प्रदाता कहते हुए कहा ''सा विद्या या विमुक्तये'' की बात की है। भारत एक विशाल देश है। यहां पर शिक्षा का स्तर घटता-बढ़ता रहा है। मुगलकाल में भारत की साक्षरता स्थिति अत्यधिक कम थी लेकिन बदलते समयानुसार साक्षरता दर में कुछ वृद्धि हुई है। परन्तु साक्षरता दर में भारत विश्व में पिछड़ा हुआ है। ''विश्व में सर्वाधिक निरक्षर भारत में रहते हैं।'' इस अभिशाप से मुक्ति दिलाने हेतु भारत में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा पाने का अधिकार अन्ततः 1 अप्रैल, 2010 को एक वास्तविकता बन गया है। सन् 2002 में संविधान के 86 वें संशोधन से ''शिक्षा पाने के अधिकार'' को मौलिक अधिकारों में शामिल करने के लिए सन् 2009 में निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा पाने का अधिकार अधिनियम पारित किया गया। अब भारत में 6-14 वर्ष की आयु वर्ग के सभी बच्चे विविध तौर पर निःशुल्क व अनिवार्य शिक्षा पाने के हकदार हैं। इस अधिनियम को ही ''शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009'' कहते हैं।

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए शासन तथा स्थानीय निकायों के दायित्व, शिक्षकों के संबंध में प्रावधान, शाला के संबंध में अनेक प्रावधान निर्धारित किए गए हैं। प्रस्तुत शोध कार्य शैक्षिक दृष्टि से पिछड़े क्षेत्र से संबंधित हैं, जहां सामाजिक व्यवस्था व मान्यताएं अभी भी परम्परागत है। यही कारण है कि शिक्षा के प्रत्येक स्तर पर नामांकन से लेकर अध्ययन पूर्ण करने तक शैक्षिक सहभागिता में समानता नहीं है। यह शोध कार्य रीवा जिले में शिक्षा के प्राथमिक स्तर के बालक-बालिकाओं को प्रवेश से लेकर अध्ययन पूर्ण करने तक चुनौतियों से संबंधित है।

## 2. शोध शीर्षक में प्रयुक्त शब्दों का परिभाषीकरण

**( क ) रीवा जिला**—रीवा जिला मध्य प्रदेश राज्य के उत्तर पूर्व में स्थित है जिसके 9 विकासखण्ड हैं।

**( ख ) बालकों की शिक्षा**—विधेयक के प्रावधानों के तहत 6 से 14 वर्ष के सभी बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन, उपस्थिति तथा शत-प्रतिशत बच्चों को प्रारंभिक शिक्षा शत-प्रतिशत पूर्ण कराने की संवैधानिक अनिवार्यता राज्य सरकार की है पालकों के लिए मूलभूत दायित्व में इसे शामिल किया गया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत विद्यार्थियों के लिए शासन तथा स्थानीय निकाय के दायित्व, शिक्षकों के संबंध में प्रावधान, शाला के संबंध में अनेक प्रावधान निर्धारित किए गए हैं।

**3. शिक्षा का अधिकार अधिनियम**—The Righjt of Children to free and Compulsory Education Act, 2009, 27 August 2009 को राजपत्र में प्रकाशित किया गया है यह अधिनियम 30 अप्रैल 2010 से लागू किया गया है, अधिनियम में निःशुल्क शिक्षा का प्रावधान है।

**4. अध्ययन**—किसी विषय के सब अंगों या गूढ़ तत्वों का ज्ञान प्रदान करने के लिए उसे देखना समझना तथा पढ़ना अध्ययन कहलाता है।

**3. शोध कार्य की आवश्यकता**—भारत में अभी भी अत्यधिक लोग साक्षर नहीं हैं, वो ''शिक्षा का अधिकार अधिनियम''से अनभिज्ञ है, जिस कारण अपनी संतानों को शिक्षा प्रदान नही करा पा रहे हैं। देश के प्रत्येक बच्चा जो 6 से 14 वर्ष का है, समान रूप से निःशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार रखता है। बालकों एवं उनके पालकों को इसी अधिकार से अवगत कराने हेतु इस शोध कार्य की आवश्यकता महसूस हुई।

**4. शोध कार्य का महत्व**—हमारे देश में सन् 2010 तक प्रारंभिक शिक्षा स्तर में सकल नामांकन, शाला त्यागी दर में कमी तथा न्यूनतम अधिगम स्तर को प्राप्त करने का संकल्प लिया गया था, शिक्षा हेतु योजनाओं की प्रभावशीलता के मूल्यांकन पर आधारित इस शोध कार्य के महत्व निम्नलिखित हैं—

(1) शिक्षा के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन पर किये जा रहे व्यय एवं उसके प्राप्त लाभ के मध्य संतुलन हेतु योजना प्रस्तुत की जा सकेगी।

(2) प्रस्तुत शोध कार्य शिक्षा के अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत संचालित प्रोत्साहन योजनाओं के सफल संचालन की दिशा में अवरोधों एवं कमियों को इंगित करेगा तथा उनका समुचित निदान प्रस्तुत करेगा।

**5. शोध कार्य का उद्देश्य**—रीवा जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के परिणामस्वरूप शिक्षा से वंचित बालक-बालिकाओं की वास्तविक स्थिति का अध्ययन करना तथा प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर इस अधिनियम के क्रियान्वयन एवं प्रभाव की वास्तविकता को प्रकट कर शिक्षा के अधिकार अधिनियम के उद्देश्य पूर्ति में इस शोध अध्ययन के माध्यम से अपनी सहभागिता प्रदान करना भी है। प्रस्तुत शोध कार्य निम्नलिखित उद्देश्य को ध्यान में रखकर किया गया है -

(1) शिक्षा का अधिकार अधिनियम के लक्ष्यों को प्राप्ति हेतु किए जा रहे शासकीय प्रयासों को ज्ञात करना।

(2) रीवा जिले में शिक्षा का अधिकार अधिनियम की वास्तविक स्थिति का आंकलन करना।

**6. शोध की परिकल्पनाएं**—प्रस्तुत शोध अध्ययन में शोधार्थी का पूर्वानुमान परिकल्पनाओं के रूप में निम्नवत है—

(1) शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन में वृद्धि हुई है।

(2) शोध क्षेत्र में इस अधिनियम के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर में कोई सार्थक अंतर नही है।

**7. शोध क्षेत्र का परिसीमन**—प्रस्तावित शोध कार्य का क्षेत्र, जिला रीवा है। इसके अन्तर्गत 9 विकासखण्डों का परिसीमन किया गया है, जिसमें जिला के अन्तर्गत स्थित प्रारंभिक शिक्षा स्तर (प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक), जन शिक्षा केन्द्र, ब्लाक शिक्षा केन्द्र द्वारा किए जाने वाले 'शिक्षा के अधिकार अधिनियम' संबंधी कार्यक्रम इस अध्ययन के अन्तर्गत सम्मिलित होंगे।

**8. शोध विधि**—शोध विधियां दो महत्वपूर्ण बातों पर निर्भर होती है—(1) शोध कार्य की प्रगति पर व उसके उद्देश्यों की प्राप्ति पर। (2) शोध कार्य की समय की अवधि पर अपने शोध अध्ययन में शोधार्थी द्वारा निम्नलिखित शोध विधियों का प्रयोग किया है—1. अभिलेख अध्ययन विधि 2. साक्षात्कार विधि 3. अवलोकन विधि 4. सांख्यिकीय विधि।

**9. शोध उपकरण**

**( 1 ) साक्षात्कार**—शोधार्थी ने साक्षात्कार द्वारा शोध समस्या से संबंधित, रीवा जिले के शिक्षा से संबंधित, अधिकारियों, प्रधानाध्यापकों व ''पालक शिक्षक संघ'' के अध्यक्षों की प्रतिक्रियाओं की जानकारी प्राप्त किया।

**( 2 ) प्रश्नावली**—प्रश्नावली को संबंधित व्यक्तियों के पास उत्तर प्राप्त करने हेतु भेजा जाता है। प्राप्त उत्तरों के आधार पर आंकड़ों को व्यवस्थित कर विश्लेषण एवं व्याख्या कर निष्कर्ष प्राप्त किए जाते हैं इस शोध कार्य में छात्र, अभिभावक, शिक्षक, प्रश्नावली निर्मित की गई है।

**10. न्यादर्श**—प्रस्तुत शोध कार्य को सार्थक करने हेतु न्यादर्श का चयन किया गया है, चूंकि रीवा

जिला का क्षेत्र व्यापक है, जिस कारण सभी प्रारंभिक स्तर (प्राथमिक व माध्यमिक) विद्यालयों का अध्ययन करना संभव नहीं है। इसलिए रीवा जिले के विकासखण्डों में से न्यादर्श के रूप में विद्यालयों, शिक्षकों, विद्यालय के प्रधानाध्यापक, पालक, शिक्षक संघ के अध्यक्ष, अभिभावक तथा छात्र-छात्राएं दैव निदर्शन विधि से चयनित किए गए हैं।

**सारणी क्रमांक 01**

| क्र. | वि.खं. | विद्यालय संख्या | अधिकारियों की संख्या | प्रधानाध्यापक संख्या | शिक्षक संख्या | पलक शिक्षक संख्या | अभिभावक संख्या | छात्र संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रीवा | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 2. | रायपुर कर्चु. | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 3. | गंगेव | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 4. | मऊगंज | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 5. | नईगढ़ी | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 6. | हनुमना | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 7. | सिरमौर | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 8. | जवा | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| 9. | त्योथर | 05 | 04 | 05 | 10 | 05 | 50 | 50 |
| | **योग :** | **45** | **36** | **45** | **90** | **45** | **450** | **450** |

**11. पूर्ववती शोध कार्यो का संक्षिप्त विवरण**—किसी भी क्षेत्रों मे उपयुक्त अध्ययन के लिए शोधार्थी की पुस्तकालय तथा अनेक साधनों में पर्याप्त परिचय प्राप्त करना आवश्यक है। डब्ल्यू.आर. गेज ने अनुसंधान के महत्व को स्पष्ट करते हुए लिखा है कि—''किसी भी क्षेत्र का साहित्य उस आधारशिला के समान है, जिस पर भार व कार्य आधारित होता है।''

शोधार्थी द्वारा ली गई शोध समस्या से संबंधित कुछ पूर्व किये गये शोध कार्यो के विधियों निष्कर्षों तथा उनकी शैक्षिक उपादेयता का वर्णन निम्नानुसार है—

1. शर्मा, एम.पी.(1960) ''6-14 आयु वर्ग के विद्यालय न जाने वाले कामकाजी बच्चों (मुख्य रूप से बालिकाएं) के शाला में नामांकन को सुनिश्चित कराने हेतु एक प्रेरणात्मक कार्य योजना को विकसित करने का अध्ययन।''

**न्यादर्श**—शहरी क्षेत्र के झुग्गी-झोपड़ी में रहने वाले मजदूर वर्ग के 6 से 14 आयु वर्ग के कामकाजी बालक-बालिकाओं एवं न्यादर्श हेतु 50 बच्चे, 50 माता-पिता 25 नियोजनकर्ता (जहां बच्चे कार्य करते हैं)।

2. कामकाज करने वाले बच्चे 10-12 वर्ष के आयु वर्ग के थे, इनमें से 60 प्रतिशत बच्चे शाला त्यागी तथा 40 प्रतिशत बच्चे जो कभी भी विद्यालय में प्रवेश नही लिए।

3. न्यादर्श में चयनित बच्चे अपने अध्ययन को पुनः प्रारंभ अथवा संस्था में प्रवेश लेने के इच्छुक थे।

## परिणाम एवं निष्कर्ष

1. प्रत्येक राज्य में प्राथमिक स्तर की संस्थाओं हेतु शैक्षिक सुविधाओं की उपलब्धता लगभग सुनिश्चित कर ली गई थी।

2. प्राथमिक स्तर के साथ ही साथ माध्यमिक स्तर की शैक्षिक सुविधाओं में सामान्य वृद्धि परिलक्षित हो रही थी।

**13. परिणामों का विश्लेषण एवं व्याख्या**—शोध क्षेत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन का विद्यार्थियों के उपलब्धि स्तर पर पड़ने वाले प्रभाव के अध्ययन हेतु शोधार्थी द्वारा कुछ शोध उपकरणों की सहायता ली गई, जिसके द्वारा एकत्रित तथ्यों का सारणीयन, विश्लेषण एवं व्याख्या द्वारा वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की गयी।

**तालिका-02**

**शाला अभिलेख पत्रक**—इस पत्रक के द्वारा न्यादर्श हेतु चयनित प्रत्येक विद्यालय कुल मिलाकर 45 विद्यालयों के अभिलेखों का अवलोकन कर शोध अध्ययन से संबंधित जानकारी संकलित की गयी।

**परिकल्पना क्रमांक -01 के अनुसार**

**सारणी क्रमांक -02**

**शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर में वृद्धि का अध्ययन (शाला अभिलेख पत्रक के आधार पर)**

| क्र0 | सत्र | न्यादर्श में चयनित विद्यालयों की संख्या | कुल नामाकित छात्र संख्या | नवीन नामांकित छात्र संख्या | प्रतिशत | वृद्धि दर | प्रतिशत | वृद्धि दर अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2006&07 | 45 | 13562 | 1739 | 12-82 | 11823 | 14-71 | |
| 2. | 2007&08 | 45 | 13744 | 1784 | 12-98 | 11960 | 14-92 | 0-21 |
| 3. | 2008&09 | 45 | 13791 | 1826 | 13-24 | 11965 | 15-26 | 0-34 |
| 4. | 2009&10 | 45 | 13837 | 1869 | 13-51 | 11968 | 15-62 | 0-36 |
| 5. | 2010&11 | 45 | 13929 | 1932 | 13-87 | 11997 | 16-10 | 0-49 |
| 6. | 2011&12 | 45 | 13999 | 1979 | 14-14 | 12020 | 16-46 | 0-36 |
| 7. | 2012&13 | 45 | 14066 | 2032 | 14-45 | 12034 | 16-89 | 0-42 |

## विश्लेषण एवं व्याख्या

उपरोक्त सारणी क्रमांक-02 से स्पष्ट होता है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर सत्र 2006-07 में छात्रों के नामांकन में वृद्धि दर 14.71 प्रतिशत, सत्र 2007-08 में 14.92 प्रतिशत, सत्र 2008-09 में 15.26 प्रतिशत, सत्र 2009-10 में 15.62 प्रतिशत, सत्र 2010-11 में 16.10 प्रतिशत, सत्र 2011-12 में 16.46 प्रतिशत एवं सत्र 2012-13 में 16.82 प्रतिशत वृद्धि हुई है।

सत्र 2007-08 में 0.21, सत्र 2008-09 में 0.34, सत्र 2009-10 में 0.36 सत्र 2010-11 में 0.49, सत्र 2011-12 में 0.36 एवं सत्र 2012-13 में 0.42 वृद्धि दर हुई है।

**सारणी क्रमांक -03**

**परिकल्पना क्रमांक -02 के अनुसार**

**शोध क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में शिक्षा अधिकार अधिनियम के कारण प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर अध्ययन (शाला अभिलेख पत्रक के आधार पर)**

| क्र0 | सत्र | न्यादर्श में चयनित विद्यालयों की संख्या | कुल नामाकित छात्र संख्या | नवीन नामांकित छात्र संख्या | प्रतिशत | वृद्धि दर | प्रतिशत | वृद्धि दर अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2006&07 | 45 | 13562 | 1739 | 12-82 | 11823 | 14-71 | |
| 2. | 2007&08 | 45 | 13744 | 1784 | 12-98 | 11960 | 14-92 | 0-21 |
| 3. | 2008&09 | 45 | 13791 | 1826 | 13-24 | 11965 | 15-26 | 0-34 |
| 4. | 2009&10 | 45 | 13837 | 1869 | 13-51 | 11968 | 15-62 | 0-36 |
| 5. | 2010&11 | 45 | 13929 | 1932 | 13-87 | 11997 | 16-10 | 0-49 |
| 6. | 2011&12 | 45 | 13999 | 1979 | 14-14 | 12020 | 16-46 | 0-36 |
| 7. | 2012&13 | 45 | 14066 | 2032 | 14-45 | 12034 | 16-89 | 0-42 |

उपरोक्त सारणी क्रमांक -03 से स्पष्ट है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर 2006-07 में छात्रों के नामांकन में वृद्धि दर 14.87 प्रतिशत, सत्र 2007-08 में 14.86 प्रतिशत, 2008-09 में 15.29 प्रतिशत, सत्र 2009-10 में 15.60 प्रतिशत, सत्र 2010-11 में 16.30 प्रतिशत, सत्र 2011-12 में 16.67 प्रतिशत एवं सत्र 2012-13 में 17.10 प्रतिशत वृद्धि में अन्तर है।

**सारणी क्रमांक-04**

**शोध क्षेत्र में शहरी क्षेत्र में शिक्षा अधिकार अधिनियम के कारण प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर अध्ययन (शाला अभिलेख पत्रक के आधार पर)**

| क्र0 | सत्र | न्यादर्श में चयनित विद्यालयों की संख्या | कुल नामाकित छात्र संख्या | नवीन नामांकित छात्र संख्या | प्रतिशत | वृद्धि दर | प्रतिशत | वृद्धि दर अंतर |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2006-07 | 45 | 6750 | 874 | 12-95 | 5876 | 14-87 | |
| 2. | 2007-08 | 45 | 6878 | 890 | 12-94 | 5988 | 14-86 | 0-01 |
| 3. | 2008-09 | 45 | 6893 | 914 | 13-26 | 5979 | 15-29 | 0-42 |
| 4. | 2009-10 | 45 | 6914 | 933 | 13-49 | 5981 | 15-60 | 0-31 |
| 5. | 2010-11 | 45 | 6977 | 978 | 14-02 | 5999 | 16-30 | 0-70 |
| 6. | 2011-12 | 45 | 7011 | 1002 | 14-29 | 6009 | 16-67 | 0-37 |
| 7. | 2012-13 | 45 | 7055 | 1030 | 14-60 | 6025 | 17-10 | 0-42 |

## विश्लेषण एवं व्याख्या

उपरोक्त सारणी क्रमांक-04 से स्पष्ट होता है कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर सत्र 2006-07 में छात्रों के नामांकन में वृद्धि दर 14.55 प्रतिशत, सत्र 2007-08 में 14.97 प्रतिशत, सत्र 2008-09 में 15.24 प्रतिशत, सत्र 2009-10 में 15.63 प्रतिशत, सत्र 2010-11 में 15.91 प्रतिशत सत्र 2011-12 में 16.25 प्रतिशत एवं सत्र 2012-13 में 16.67 प्रतिशत वृद्धि में अन्तर है।

इस प्रकार सारणी क्रमांक -03 एवं सारणी क्रमांक-04 विश्लेषण से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि शोध क्षेत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के कारण शहरी एवं ग्रामीण दोनो ही क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर छात्रों के नामांकन दर में वृद्धि हुई है। शहरी क्षेत्र में नामांकन दर ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा कुछ अधिक है, किन्तु बहुत अधिक नही है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि शोध क्षेत्र में शिक्षा अधिकार अधिनियम के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर में कोई सार्थक अन्तर नही है।

## 14. परिकल्पनाओं का सत्यापन एवं निरसन

### परिकल्पना क्रमांक -1

''शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन में वृद्धि हुई है।''

उपरोक्त परिकल्पना के मूल्यांकन हेतु शोधार्थी ने शोध क्षेत्र के न्यादर्श में चयनित प्रारंभिक शिक्षा स्तर के विद्यालयों के शाला अभिलेख अवलोकन पत्रक के माध्यम से छात्र एवं छात्राओं के नामांकन वृद्धि की जानकारी प्राप्त की।

शोध क्षेत्र में शिक्षा के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर साक्षारता दर सत्र 2006-07 से 2012-13 (सारणी क्रमांक 02) में नामांकन में वृद्धि हुई है इस प्रकार यह सिद्ध होता है कि शिक्षा के अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन में वृद्धि हुई है।

अतः शोधार्थी द्वारा परिकल्पना क्रमांक 1 सत्यापित होती है।

### परिकल्पना क्रमांक -2

''शोध क्षेत्र में इस अधिनियम के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर में कोई सार्थक अंतर नही है।''

उपरोक्त परिकल्पना के मूल्यांकन हेतु शोधार्थी ने शोध क्षेत्र के न्यादर्श में चयनित प्रारंभिक शिक्षा स्तर के शहरी एवं ग्रामीण विद्यालयों के शाला अभिलेख अवलोकन पत्रक के माध्यम से छात्रों के नामांकन के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

इस परिकल्पना के लिये सारणी क्रमांक-03 एवं सारणी क्रमांक-04 के विश्लेषण से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि शोध क्षेत्र मे शिक्षा का अधिकार अधिनियम के कारण शहरी एवं ग्रामीण दोनो ही क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर छात्रों के नामांकन दर में वृद्धि हुई है। शहरी क्षेत्र का नामांकन दर ग्रामीण क्षेत्र की अपेक्षा कुछ अधिक है किन्तु बहुत अधिक नही है। इस प्रकार यह स्पष्ट होता है कि शोध क्षेत्र में इस अभियान के कारण शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र मे प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर नामांकन दर में कोई सार्थक अन्तर नही है।

अतः शोधार्थी द्वारा परिकल्पना क्रमांक -02 सत्यापित होती है।

**15. निष्कर्ष**—शोधार्थी ने दैव निदर्शन विधि द्वारा चयनित क्षेत्र के अन्तर्गत निष्कर्ष प्राप्त हुए। शोध कार्य के निष्कर्ष निम्न प्रकार से है—

(1) शिक्षा का अधिकार अधिनियम के क्रियान्वयन के फलस्वरूप प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर क्रमवार प्रति वर्ष नामांकन दर में वृद्धि हुई है।

(2) शोध क्षेत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम के कारण शहरी एवं ग्रामीण दोनों ही क्षेत्रों में प्रारंभिक शिक्षा स्तर पर छात्रों के नामांकन दर में वृद्धि हुई है।

(3) शोध क्षेत्र में प्रारंभिक शिक्षण स्तर पर छात्रों का नामांकन दर छात्राओं के नामांकन दर की अपेक्षा कुछ अधिक है किन्तु बहुत अधिक नही है। इस प्रकार छात्र-छात्राओं के नामांकन दर में कोई सार्थक अंतर नही है।

**16. सुझाव**—सुझाव किसी भी शोध अध्ययन का महत्वपूर्ण अंग होता है शोधार्थी द्वारा शोध अध्ययन के निष्कर्षो के आधार पर शोध कार्य के उपरांत जो तथ्य प्रकट करता है, वही सुझाव है। शोधार्थी ने शोध अध्ययन के आधार पर 'शिक्षा का अधिकार अधिनियम' के क्रियान्वयन की पूर्ण सफलता हेतु निम्नलिखित सुझाव रखे है—

(1) शोध क्षेत्र में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का क्रियान्वयन राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप किया जाय।

(2) शोध क्षेत्र में 6 से 14 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे का अनिवार्य प्रवेश, उपस्थिति व शिक्षा की समाप्ति सुनिश्चित की जाय।

**संदर्भ ग्रन्थ**


1. मदान, पूनम एवं गर्ग, सुषमा-2008 बी.एड., 'भारत में शिक्षा स्थिति समस्याएं एवं मुद्दे' पृष्ठ क्रमांक - 07, अग्रवाल पब्लिकेशन, 28/115-पोस्ट आफिस के पीछे, संजय पैलेस, ज्योति ब्लाक, सिविल लाइन, आगरा-282002 (उत्तर प्रदेश)
2. मदान, पूनम एवं गर्ग, सुषमा-2008 बी.एड., 'भारत में शिक्षा स्थिति समस्याएं एवं मुद्दे' पृष्ठ क्रमांक - 07, अग्रवाल पब्लिकेशन-28/115, पोस्ट आफिस के पीछे, संजय पैलेस, ज्योति ब्लाक, सिविल लाइन, आगरा-282002 (उत्तर प्रदेश)
3. शर्मा, डॉ. आरती एवं अदानिया, दिनेश -2019 प्रथम संस्करण डी.एल.एड. 'समसामयिक भारतीय समाज में शिक्षा', पृष्ठ क्र. 156, ठाकुर पब्लिकेशन प्रा.लि. मकान नं. 110, कमरा नं. 01 अहिंसाबिहार कालोनी, अयोध्या बायपास रोड, भोपाल (म.प्र.) -462022
4. हन्फी, एम.ए. एवं हन्फी, एस.के. एवं हन्फी, श्रीमती शबीना-प्रथम सस्करण-2014-15,'मनोविज्ञान में शैक्षिक अनुसंधान एवं सांख्यिकी' प्रथम संस्करण 2014-15 पृष्ठ संख्या 135, अग्रवाल पब्लिकेशन 28/115 पोस्ट आफिस के पीछे संजय पैलेस, ज्योति ब्लाक, सिविल लाइन्स, आगरा-282002

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 10th Sep 21 Paper Accepted : 20th Sep 21

# डॉ. सूर्यनारायण गौतम का लोकसाहित्य एवं परम्परागत शैली
## ('मोहन गाथा' के विशेष सन्दर्भ में)

❑ रेखा जेवरिया*
❑ डॉ. सुरेश कड़वासरा**

**शोध सारांश**

किसी भी देश की सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए लोक साहित्य भी उतना ही उपादेय है जितना कि किसी देश की विशिष्ट भाषा होती है। बल्कि इस दिशा में लोकभाषा अधिक सशक्त होती है। इसी रहस्य को भलीभाँति समझकर संस्कृत एवं वेद विषय के मूर्द्धन्य विद्वान डॉ. सूर्यनारायण गौतम ने लोक साहित्य के संरक्षण में न केवल अपने को प्रवृत्त किया बल्कि उसके संवर्द्धन में भी अथक प्रयास किया है। आपने बघेलखण्ड की लुप्त होती लोककथाओं का परिश्राम पूर्वक संकलन किया तथा उसी लोक शैली में 'किस्सन केर पोथन्ना' नामक कथा ग्रन्थ भी प्रदान किया है। गद्य के साथ आपने पद्यसाहित्य में भी महान योगदान किया है। आपने 'बघेली बिरबाही' नामक काव्य संकलन प्रकाशित किया तथा 'बोली आपन नाउ रे...' नामक स्वरचित काव्य संग्रह का लेखन कर बघेली लोकसाहित्य को पुष्ट किया है। इसके अतिरिक्त भी आपने अनेक महत्वपूर्ण पुस्तकों का बघेली अनुवाद भी किया है जो अभी अप्रकाशित हैं। यह लेख बघेली लोक साहित्य के द्वारा 'सफेद बाध मोहन' की जानकारी प्रस्तुत करता है जो आज भारत का गौरव है तथा जिसका वर्णन 'मोहन गाथा' के नाम से वर्णित है।

**शब्द कुंजी**—डॉ. सूर्यनारायण गौतम, लोकसाहित्य, मोहन गाथा।

मध्य प्रदेश के पूर्वोत्तर क्षेत्र बघेलखण्ड के रीवा जिले में जन्मे डॉ. गौतम सस्कृत, हिन्दी एवं बघेली साहित्य के मूर्द्धन्य विद्वान हैं। संस्कृत आपकी साधना है। हिन्दी से समाज ने आपको सम्मान दिया है और बघेली ने आपको लोक से/निज माटी से जोड़ा है। आपने संस्कृत/हिन्दी एवं बघेली को समान रूप से पुष्ट करने में अभिनव योगदान किया है। सर्व प्रथम आपने बघेलखण्ड की लुप्त होती लोक कथाओं का संकलन किया है जिसके महत्व को अधिक शब्द देने की आवश्यकता नहीं। इसके पश्चात आपने लोकसाहित्य एवं लोककथाओं

* शोधार्थी, श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय, झुन्झुनू (राज.)
** प्रो. एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी), श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय, झुन्झुनू (राज.)

को पुनर्विकसित करने के लिए 'किस्सन केर पोथन्ना' नामक कथा साहित्य रत्न प्रदान किया है। जो पाठकों के मध्य बहुत ही अधिक लोकप्रिय हुआ है।

आपने बघेलखण्ड के ऐसे अनेक बघेली विद्वानों की रचनाओं का संकलन किया है जो अप्रकाशित एवं दुर्लभ थीं तथा बघेली साहित्य में प्रासांगिक भी थीं उनका संकलन कर 'बघेली बिरबाही' नाम से सम्पादित किया जिसका सौजन्यकार सोंधी माटी लोनी बघेली, साहित्यिक मंच, सीधी म.प्र. रहा है। इसके साथ ही आपने 'बोली आपन नाउ रे.... स्वरचित बघेली काव्य संकलन का लेखन भी किया है, जिसमें चालीस पद्य रचनायें हैं। आपके द्वारा लिखे गये गीतों को यूट्यूब चैनल पर भी आपके नाम से सुना जा सकता है। रीवा दर्शन, सत्या होप टाक्स, संस्कृत काव्य मंजरी, सोमालोब, साहित्य प्रभा आदि चैनल व फेसबुक में भी ओजस्वी रचनाओं के साथ आपको देखा व सुना जा सकता है। इसकी विशेषता इसी से ज्ञात हो जाती है कि इस पुस्तक के विषय में हिन्दी एवं बघेली के दो मूर्द्धन्य विद्वानों ने अपनी सारगर्भित सम्मति दी है। पूरी पुस्तक का सार बघेली व हिन्दी के ओजस्वी कवि श्री भृगुनाथ पाण्डेय 'भ्रमर' ने पद्यबद्ध किया है। आपने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए डा. गौतम को गोस्वामी तुलसीदास के मार्ग का अनुसर्ता कहा है—

**''रस्ता तुलसी बाबा के कबि, सुरिजनरायन चलि पाइन।**

**पोथी मंगलचार मा ढंग, रामचरित मानस अपनाइन।।''**[1]

बघेली बोली उन्नयन के लिए संघर्षरत डा. गौतम ने जब मध्य प्रदेश शासन के यशस्वी मुख्य मन्त्री माननीय शिवराज सिंह चैहान के मुख से यह घोषणा सुनी कि रीवा में बघेली पीठ की स्थापना की जायेगी आपने अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए बोली आपन नाउ रे... एक लम्बी कविता का लेखन कर डाला जिसमें उन महान कवियों का भी स्मरण किया है जो जीवन पर्यन्त बघेली को यथोचित सम्मान दिलाने के लिए संघर्षरत रहे हैं। आपने बघेली की ओर से बहुत ही सरस, सरल एवं सुबोध रचना की जिसे सुनकर बघेली श्रोता भाव विभोर हो उठता है। यथा—

**बनी बघेली पीठ बिन्ध मा,**
**सुनिके भरा उराव रे।**
**तबय बघेली मूड़े चढ़िके बोली**
**आपन नाउ रे।।**[2]

श्री भृगुनाथ पाण्डेय जी ने आगे कहा कि आप सत्य बात को कहने में लेशमात्र भी नहीं हिचकते—

**नीति बचन खरखर लिखिन, दिहिंन समाजि का सीखि।**

**सत्ति कहइ रहि बेहिचक, मागइ कबउ न भीखि।।**[3]

श्री पाण्डेय जी के द्वारा आपको वेदज्ञानी कहकर संस्कृत, हिन्दी तथा अपनी लोकभाषा को सम्मान देने वाला भी कहा गया है—

**कबि सुरिज बेदज्ञानी आहीं। हिन्दी संस्कीरति जानथें।।**

**पै माटी के भाखा बघेली का। महतारिन कस सनमानथें।।**[4]

इसके साथ ही यह भी विशेषता है कि जो शब्द आधुनिक काल में समाज से लुप्तप्राय हो गये हैं उन शब्दों को भी आप अपने काव्य में स्थान देते हैं। जिससे उन शब्दों की पुनः प्रतिष्ठा होती है—

**बिसरे-कुसरे शब्द बघेली के, बोलंइ जब कबिता मा।**

**लागथइ मछरी कुलुकु रही, धारा के साथइ सरिता मा।।**[5]

हिन्दी साहित्य के मूर्द्धन्य विद्वान् डॉ. नर्मदा प्रसाद मिश्र 'नरम' जी ने आपकी रचनाओं का अध्ययन कर समीक्षा करते हुए कहा है कि —''डा. गौतम के चिन्तन का आकाश विस्तृत है, जिसमें भोगा हुआ, देखा हुआ यथार्थ है। चालीस कविताओं का यह ग्रन्थ-संकलन

पठनीय और संग्रह योग्य है।''[6] सफेद शेर के विषय में आपने कहा कि ''बघेलखण्ड का गौरव 'मोहन' उज्जर बाघ रचना हमें गौरवान्वित करती है''।[7]

मोहन गाथा के रूप में किये गये आपके साहित्यिक अवदान को भुलाया नहीं जा सकता। यह कलापक्ष और भाव पक्ष दोनों में ही इतनी उत्कृष्ट रचना है कि इसका कोई शानी आसपास नहीं दिखता। यदि इसकी भाव गम्भीरता की बात की जाय तो इस बात से ही यह तथ्य स्पष्ट हो जाता है कि आज भारत को गौरव प्रदान करने में सफेद बाघ की अहम भूमिका है, किन्तु इस बात से भारतीय समाज अभी भी अनभिज्ञ है। जिसे आमजन की जानकारी के निमित्त आपने उस प्रथम सफेद बाघ का सम्पूर्ण जीवन वृत्तान्त लेखन किया है। सफेद बाघ को किस प्रकार रीवा राज्य के तत्कालिक महाराजा मार्तण्ड सिंह जू देव द्वारा लाया गया और किस प्रकार वह भारत सरकार के अधीन हुआ और फिर किस प्रकार उसके वंशजों का विदेश की धरती पर पदार्पण और फिर पुनः उसके वंशजों का रीवा की धरती पर आगमन तथा इस समूची प्रक्रिया में किस प्रकार का जोर क्षेत्र के नेताओं को लगाना पड़ा आदि का सम्पूर्ण वर्णन किया गया है।

''विन्ध्य की पावन धरती का स्मरण करते हुए छुहिया घाटी का वर्णन किया है और उसमें यह बताया है कि वहीं पर एक सुन्दर बाघ शावक रहता था। जिसकी रखवारी में पूरा बाघ परिवार लगा रहता था। वहाँ भाँति-भाँति के पच्छियों का वास था। वन के सभी जीव उस वनराज कुमार के दास थे। वे सभी बारी-बारी से उसकी सेवा करते थे। उसी स्थान पर पर्वत के ऊपर एक तलैय्या है जिसमें पानी पीने के लिए सभी जीव नियमानुसार अपनी बारी आने पर ही आते हैं।

उस स्थान पर जाने से प्यास बुझ जायेगी ऐसा विचार कर वे जीव जब वहाँ आते थे वह बाघ उनको पकड़ लेता था। उसी तलैय्या के ऊपर एक सुन्दर राजनिवास भी बना हुआ है। उसके चारों ओर सभी जीव मिलकर मनोहर गीत गाते थे, जिससे सुन्दर संगीतमय वातावरण बना हुआ था। राजा ने देखा की यह बहुत बलवान है अतः इसे बलपूर्वक वश में नहीं किया जा सकता अतः यह विचार किया कि प्रेम ही वह साधन है जिससे संसार के सभी प्राणी वश में हो जाते हैं। राजा ने उसे प्रेम से पुचकारा और अपने समान ही उसे भी महत्व दिया और भाई बना लिया। राजा के इस प्रेम व्यवहार से वह बाघ एक छौने की तरह हो गया। वह राजा की प्रेम भावना के वशीभूत हो गेंद की तरह लुढकते हुए राजा के समीप आ गया और प्रेम से राजा के गाल को चाटने लगा।

समाज में जो यह धारणा थी कि मनुष्य और बाघ के बीच में मैत्री नहीं हो सकती इस धारणा का खण्डन हो गया। राजा ने उसका नामकरण मोहन कर दिया और उसे एक दिव्य रथ पर बिठाकर अपनी नगरी ले आये। वह रथ में बैठकर प्रसन्नता से मुस्कुरा रहा था। राजा ने उसे अपने महल में लाकर उसका खूब मान किया। उसे बड़ा सा महल और विशाल सरोबर दिया। गोविन्दगढ़ नामक स्थान पर उसका निवास बना जिसे बाद में मोहन वास के नाम से जाना जाता है। संसार भर के लोग मोहन को देखने आते जिससे बारहों मास मेले जैसी भीड़ लगी रहती। कभी-कभी राजा भी जब गोविन्दगढ़ आते तो मोहन के साथ दरवार लगाते थे। दोनों के प्रेम-संबंध की चर्चा विना किसी पर्चे के संसार भर में फैल गई थी। देखते ही देखते मोहन बूढ़ा हो गया और एक दिन वह संसार से बिदा हो गया। मोहन ने रोहन तथा सोहन नाम के दो संतानें दीं जिससे आज संसार भर में सफेद बाघों की संतति फैली हुई है।

संसार भर के लोगों ने उन्हें महत्व दिया किन्तु रीवा नगरी के लोग भूल गये। कुछ दिनों के बाद जब रेवाखण्ड वासियों को उनकी याद आई उनको पाने के लिए उतावले होने लगे। विचार किया गया कि किसके द्वारा उन्हें पुनः उनके पुराने घर लाया जा सकता है। सब लोगों ने रीचा क्षेत्र के यशस्वी नेता श्री राजेन्द्र शुक्ल

का नाम सुझाया। राजेन्द्र शुक्ल ने भी इसे रेवाखण्ड के गौरव के रूप में देखा तथा अपने सद्प्रयासों से उनके लिए मुकुन्दपुर के घने जंगल के मध्य भारत की पहला सफेर शेर आखेटालय (ँपजम ज्पहमत ँतिप) बनवाया जिसमें अब मोहन के वंशज सुख पूर्वक निवास करते हैं। मोहन बाघ और रीवा राज्य के महाराजा मार्तण्ड सिंह के नाम को अमर करने के कारण रेवाखण्ड की जनता भी श्री राजेन्द्र शुक्ल की जयजयकार मनाती है तथा अपने इस शुभ कर्म से श्री राजेन्द्र शुक्ल भी सुखद अनुभव करते हैं।''[8]

निष्कर्ष रूप में यह कहना समीचीन होगा कि डा. सूर्यनारायण गौतम के लोक साहित्य में 'मोहन गाथा' समाज के लिए ऐतिहासिक व सामाजिक दृष्टि से अत्यन्त उपयोगी है। परम्परागत सांस्कृतिक विरासत को सम्हालने और सहेजने में आपकी शैली का बहुत ही अधिक महत्व है क्योंकि जिस शैली में इस वृत्तान्त का लेखन किया गया है वह अब दुर्लभ है। इने-गिने लोग ही अब द्वार-द्वार जाकर भाँट और चारणों की शैली में गायन कर महत्वपूर्ण जानकारी देते हैं। कवि भृगुनाथ पाण्डेय जी के इस वचन से आलेख को पूर्ण कर रही हूँ कि—

**सूर्यनरायण सुरिज के,**
**करी सरहना नित्य।**
**कहँउ लगइँ जस चन्द्रमा,**
**कहँउ लगइं आदित्य।।**[9]

## सन्दर्भ


1. बोली आपन नाउ रे..., प्रकाशक- जी.एच. पब्लिकेशन, प्रयाग (उ.प्र.), पृ.11
2. वही, पृ. 28
3. वही, पृ. 13, पद्य-4
4. वही, पृ. 11, पद्य-1, पंक्ति 11
5. वही, पृ. 15, पद्य 7, पंक्ति 1
6. वही, पृ. 10
7. वही, पृ. 8
8. वही, पृ. 67-70
9. वही, पृ. 20, पद्य 13 पंक्ति 01

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 10th Sep 21 Paper Accepted : 20th Sep 21

# भारत में राजभाषा हिंदी का भविष्य : एक अध्ययन

❒ डॉ. सुधीरकुमार गौतम*

**शोध सारांश**

प्रत्येक समुन्नत, स्वतंत्र, स्वाभिमानी देश की अपनी राष्ट्रभाषा है—इंग्लैंड, अमरीका, फ्रांस, रूस, चीन, जापान सभी देशों में वहाँ की व्यापक बहुप्रचलित भाषा राष्ट्रभाषा के रूप में व्यवहत होती है। अफ्रीका के दसों देश इसी शताव्दी में स्वतंत्र हुए। उनकी एक भाषा है जिसके बल पर प्रत्येक जाति में विदेशी आधिपत्य से मुक्ति पा ली है। हमारे देश के ही साथ लंका, बर्मा और पाकिस्तान में स्वतंत्र सत्ता की स्थापना हुई है। इन सभी देशों की अपनी-अपनी भाषा है जिसमें सबका कार्य व्यवहार होता है। खेद है कि एक भारत ऐसा देश है जहाँ राजभाषा समस्या बनी हुई है।

**शब्दकुंजी**—भारत, राजभाषा, हिन्दी, भविष्य

हिन्दी भारत के कोने-कोने में व्याप्त है। कहीं चले जाइए हिन्दी बोली और समझी जाती है। अहिन्दी प्रदेशों में तो हिन्दी ही एक मात्र विचार विनिमय और लेन - देन का माध्यम है। हिन्दी सम्पर्क भाषा के रूप में भारत भर में युग-युग से रही है। दक्षिण से आकर मध्याचार्य, बल्लभाचार्य, निम्बार्काचार्य और अन्य आचार्य सारे भारत में इसी भाषा के माध्यम से अपने धार्मिक विचारों का प्रचार करते रहे हैं।

भारत के राष्ट्र बनने से पहले भी हमारे तीर्थ थे और बंगाल, उड़ीसा, तमिलनाडु, कर्नाटक आदि प्रदेशों के लाखों यात्री इसी भाषा का व्यवहार सीख कर जाते थे। दक्षिण के तीर्थो तिरूपति, मदुरई, कन्याकुमारी और रामेश्वरम तक उत्तर भारत के लोग जाते थे तो हिन्दी के द्वारा ही एक दूसरें से सम्पर्क करते थे। आज तो हिन्दी और बेहतर हो गई है। रेडियो, टेलीविजन, सिनेमा, समाचार-पत्रों के माध्यम से हिन्दी का प्रचार-प्रसार बढ़ा है। बहुत से राज्यों में स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों तक में हिन्दी में शिक्षा होती है। महाराष्ट्र, गुजरात, पंजाब, उड़ीसा, असम, बंगाल और कर्नाटक के युवक हिन्दी सीखते है और बोलते हैं। देश की राजधानी हिन्दी प्रदेश में हैं। लाखों लोगो को मंत्रालयों, सचिवालयों, निदेशालयों और अन्य कार्यालयों में काम पड़ता है। उच्चतम न्यायालय भी हिन्दी प्रदेश में ही है।

भारत के सभी प्रदेशों के बहुत से लोग हिन्दी प्रदेश के नगरों, महानगरों में नौकरी करते है। वे और उनके बच्चे विशेषतः स्कूलों में, खेल के मैदानो में,

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी विभाग), एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)

मुहल्लों में बहुत जल्दी हिन्दी का ज्ञान प्राप्त करते है और हिन्दी को ही विचार विनिमय का माध्यम मानते है।

राजभाषा शब्द अंग्रेजी के ऑफिशियल लैंग्वेज के पर्याय के रूप में प्रयुक्त हो रहा है। यह एक पारिभाषिक शब्द है, जिसका एक निश्चित अर्थ है—सरकारी कामकाज के लिए प्रयुक्त भाषा। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 343(1) के अंतर्गत माना गया है कि संघ की सरकारी भाषा (राजभाषा) देवनागरी लिपि में लिखी हिंदी होगी। अर्थात् संविधान के अनुसार संघ की विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका इन तीनों प्रमुख अंगों के कार्यकलाप में संवैधानिक मान्यता प्राप्त राजभाषा के रूप में हिंदी का प्रयोग किया जाएगा। 14 सितम्बर 1949 ई. को भारत के संविधान में हिन्दी को राजभाषा के रूप में मान्यता दी गई। तब से राजकार्यो में इसका प्रयोग हो रहा है। किंतु संविधान बनने के 62 वर्ष बाद तक भी हिंदी कभी भी राजकाज की भाषा नहीं बन पाई। प्रारंभ में ही इसकी सीमाएँ निर्धारित कर दी गई थीं। नई दिल्ली में हिन्दी प्रदर्शनी के उद्घाटन पर राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने स्पष्ट कहा था कि ''राजभाषा के रूप में हिंदी का व्यवहार कुछ कामकाज के ठीक निर्धारित क्षेत्रों तक ही सीमित रहेगा। अन्य भाषाओं का अपने क्षेत्रों में पूर्ण स्वतंत्र अधिपत्य रहेगा।'' बाद में कहा गया कि 26 जनवरी 1965 से हिंदी को उसका उचित स्थान प्रदान किया जाएगा किंतु हिंदी विरोध के कारण ऐसा संभव न हो सका।

'हिन्दी' शब्द का सम्बन्ध संस्कृत शब्द 'सिंधु' से है। 'सिंधु' शब्द नदी विशेष का वाचक है। ईरान में जाकर यह 'सिंधु' ध्वनि परिवर्तन से - हिन्दु हो गया, 'स' का 'ह' और 'ध' का 'द' हो गया। 'हिन्दु' शब्द आगे चलकर पुरानी फारसी में हिंदी बना जिसका अर्थ भारत था। हिंद में ईक प्रत्यय लगाने से हिन्दीक शब्द बना जो ग्रीक में जाकर 'इंदीक' 'इंदिका' तथा अंग्रेजी में इंडिया बन गया। बाद में हिन्दीक के अन्तिम अहीर ''क'' का लोप हो गया और इस प्रकार हिन्दी शब्द बना, जिसका मूल अर्थ है भारत का इसी आधार पर 'जबाने-ए-हिन्दी' (भारत की जबान या भाषा) का प्रयोग हुआ। धीरे-धीरे 'जबान-ए' का लोप गया। और केवल 'हिन्दी' शब्द बचा। बाद में हिन्दी शब्द भारत की केन्द्रीय भाष के लिये प्रयुक्त होने लगा। सौदा, मीर, गालिब, आदि ने अपनी भाषा के लिए हिन्दी का ही प्रयोग किया है।

वस्तुतः शब्दों में अरबी-फारसी तथा संस्कृत के शब्दों के आधिक्य की बात छोड़ दे तो हिन्दी तथा उर्दू में खास अन्तर नहीं है। दोनों ही एक ही भाषा की शैलियाँ है इसीलिये प्रारंभ में उर्दू के कवियों ने हिन्दी उर्दू को पर्याय माना है। मुल्ला वजही, सौदा, मीर आदि ने अपने शेरों को हिन्दी शेर कहा है। गालिब ने भी हिन्दी-उर्दू को समानार्थी माना है। अंग्रेजों ने अपनी भाषा नीति के कारण उर्दू को मुसलमानों से जोड़ दिया और हिन्दी को हिन्दुओं से। यदि अंग्रेज बीच में न पड़े होते तो आज दोनों भाषाएँ एक होती। भाषा वैज्ञानिक उर्दू को हिन्दी की ही एक शैली मानते हैं।

भारत संघ की सरकार ने भी संविधान द्वारा दिए गए आदेशों की अवहेलना की है। संविधान की धारा 344 में स्पष्टतः कहा गया था कि सन् 1950 के बाद हर पाँच बर्ष पर एक आयोग का गठन किया जाता रहेगा, जो राजभाषा हिन्दी की प्रगति की जायजा लेगा और आगे की चलन-वृद्धि के लिए सिफारिशें करेगा। 1950 के बाद एक ही आयोग 1955 में गठित किया गया है और उसकी नकारात्मक सिफारिशों की अनदेखी कर दी गयी। बाद में 1960 या 1965 में आयोग नहीं बने।

राजभाषा अधिनियम के द्वारा जब से अंग्रेजी को दृढ़ता से स्थापित कर दिया गया, तब से राजकर्मचारियों को विश्वास हो गया कि यदि कोई कर्मचारी हिन्दी में काम न करें तो उसका अहित नहीं होगा। कुल मिलाकर हिन्दी में काम करने की चाह नहीं है, जो काम अब तक हुआ है, उसके बारे में समीक्षकों का कहना है कि वह

दुरूह और भद्दा है। अनुवाद की अपेक्षा अंग्रेजी का मूल पाठ सरल और सुबोध है। यह संविधान की धारा 351 के अनुकूल भी नहीं है। इसमें संस्कृत ही संस्कृत है वह भी अत्यंत कठिन।

1976 से ग्रह मंत्रालय का राजभाषा विभाग नियम और आदेश जारी करता रहता है, लेकिन अंग्रेजी के समर्थक अधिकारी इनकी कोई परवाह नहीं करते। वार्षिक कार्यक्रम बनते है, परंतु वे कागजों पर ही बने रह जाते हैं। हिन्दी को देखने के लिए केन्द्रीय हिन्दी समिति है, उसके अध्यक्ष प्रधानमंत्री है, जिन्हें राजभाषा के लिए फुरसत ही नहीं मिलती और वर्षानुवर्ष इस समिति की बैठक ही नहीं होती। मंत्रालयों की अपनी-अपनी सलाहकार समितियाँ है जो थोड़ी-बहुत सलाह तो देती है, पर उसे क्रियान्वित नहीं किया जाता।

## निष्कर्ष

कहने का आशय है कि संविधान ने जो कार्य सरकार को सौपा था एसे दिखावे के लिए भले ही किया हो, परंतु इस कार्य में गति नहीं है। अभी अंग्रेजी का ही बोलबाला है। संविधान ने जिसको रानी बनाना चाहा था, उसे एक अधिनियम ने अंग्रेजी का सहचरी बना दिया। जनतांत्रिक शासन व्यवस्था में जनता की भाषा ही राजभाषा होगी, इसमें कोई संदेह नहीं है परंतु हमें अंग्रेजी को हटाना होगा। इसके रहते हिन्दी ही नहीं, हमारी कोई भी प्रादेशिक भाषा पनप नहीं सकती।

## सुझाव

1. भारत सरकार की सलाहकार समितियों को सक्रिय करना होगा।
2. सरकारी कर्मचारियों के लिए हिन्दी का व्यावहारिक ज्ञान अनिवार्य है। सरकारी कामकाज में हिन्दी का प्रयोग भी अनिवार्य होना चाहिये।
3. कार्यान्वयन समितियाँ परिश्रम से सही-सही तथ्य और आँकड़े गृहमंत्रालय को भेजे और वहाँ देखा जाय कि कहाँ-कहाँ, किन-किन कार्यालयों में आदेशो की अवहेलना की जाती है।
4. हिन्दी प्रदेश के सभी राज्यों में सारा काम हिन्दी में हो तथा सभी कानूनी, चिकित्सा, तकनीकी में हिन्दी का प्रयोग भी अनिवार्य होना चाहिये।

## संदर्भ

1. भाषा विज्ञान एवं हिंदी भाषा - राम छबीला त्रिपाठी
2. हिंदी उपन्यास का इतिहास - गोपाल राय
3. हिन्दी भाषा का संक्षिप्त इतिहास - भोलानाथ तिवारी
4. हिन्दी भाषाः उद्भव और विकास - उदयनारायण तिवारी

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR
5.299

Paper Recieved : 15th Sep 21 Paper Accepted : 25th Sep 21

# वैश्विक महामारी कोरोना का एक अध्ययन : 'खरगोन जिले के विशेष सन्दर्भ में'

## ( मार्च 2020 से मार्च 2021 तक )

❑ प्रो. राजाराम आर्य*

**शोध सारांश**

प्रस्तुत शोध अध्ययन के फलस्वरूप सारांश के रूप में कहा जा सकता है कि खरगोन जिले में कोविड-19 आक्रमक रूप में दिखाई दे रहा है, जहां संक्रमण दर गतवर्ष मार्च-अप्रैल में 1 से 2 प्रतिशत थी, वह माह मार्च 2021 में 6 प्रतिशत हो गई है। जिले में पिछले एक वर्ष में अब तक कोरोना से संक्रमित 6554 मरीज मिले हैं। इनमें 5939 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके है। वहीं 31 मार्च, 2021 तक 120 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और 495 मरीज स्थिर है। जिले में कुल 471 कंटेनमेंट एरिया है। यहां 64 प्रतिशत पुरूष तथा 36 प्रतिशत महिलाएं संक्रमित हैं। वहीं अब तक सक्रिय मरीजों में 65 प्रतिशत पुरूष और 35 प्रतिशत महिलाएं हैं। इसी प्रकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की बात करें तो नगरीय क्षेत्र में 61 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 39 प्रतिशत सक्रिय मरीज है। जिलें में कोरोना संक्रमण की दर 6 प्रतिशत है, जबकि संक्रमितों का मृत्यु का प्रतिशत लगभग 1.7 है। संक्रमण और मृत्यु का अनुपात ग्रामीण की अपेक्षा नगरों में अधिक है, वहीं संक्रमितों का अनुपात भी नगरों में अधिक है ग्रामीण आदिवासी बस्तियां दूर-दूर बसी है, प्राकृतिक जीवन यापन कर रहे हैं, मेहनतकश जीवन है तथा उनकी रोगप्रतिरोधक क्षमता भी अधिक है, इसीलिए ग्रामीण कम प्रभावित हुए है। इसी प्रकार पुरूष की अपेक्षा महिलाएं कम प्रभावित हुई हैं।

वहीं आदिवासी बहुल तहसीलों से गांव, भगवानपुरा और झिरन्या में सबसे कम संक्रमित हुए तथा मृत्यु भी कम हुई है, इस माहमारी में आदिवासी जीवन शैली कॉफी कारगर सिद्ध हुई है। आदिवासी समुदाय अपने खेतों में दूर-दूर मकान बनाकर रहते हैं, पैदल चलते समय भी वे एक-दूसरे के पीछे पर्याप्त दूरी बनाकर चलते है, हाथ जोड़कर अभिवादन करते हैं, प्राकृतिक वस्तुओं का सीधे उपभोग करते हैं (महुंआ, चारोली, मुसली, टेमरू आदि) हवा, पानी, भोजन भी शुद्ध और प्राकृतिक है। मेहनतकश जीवन जीते है। यही कारण है कि आदिवासियों में रोगप्रतिरोधक क्षमता अधिक होने से कम प्रभावित हुए है। वर्तमान में वैज्ञानिकों ने भी उनकी जीवन शैली को अपनाने के लिए आह्वान किया है।

**शब्दकुंजी**—कोविड-19, ट्रेवलिंग हिस्ट्री, सोसियल डिस्टेन्स, सैनेटाईजर, आइसोलेशन, एम्यूनिटी पावर।

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल), शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, खरगोन, मो. 7566761345
E-mail : rajaramarya1971@gmail.com

## प्रस्तावना

मेडिकल ज्योग्राफी, जिसे स्वास्थ्य भूगोल भी कहा जाता है, चिकित्सा अनुसंधान का एक क्षेत्र है जो विश्व भर में स्वास्थ्य के अध्ययन और रोगों के प्रसार में भौगोलिक तकनीकों को शामिल करता है। इसके अलावा, चिकित्सा भूगोल किसी व्यक्ति के स्वास्थ्य के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं के वितरण पर जलवायु और स्थान के प्रभाव का अध्ययन करता है। मेडिकल ज्योग्राफी एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है क्योंकि इसका उद्देश्य स्वास्थ्य समस्याओं की समझ प्रदान करना और उन्हें प्रभावित करने वाले विभिन्न भौगोलिक करकों के आधार पर दुनिया भर में लोगों के स्वास्थ्य में सुधार करना है। इसी सन्दर्भ में बढ़ती वैश्विक महामारी कोविड-19 का अध्ययन करने का प्रयास किया गया है।

कोरोना संक्रमण से भोपाल, इन्दौर सहित मध्यप्रदेश के 10 जिले सबसे ज्यादा प्रभावित है। इन जिलों में ग्वालियर, मुरैना, जबलपुर, उज्जैन, खरगोन, नीमच, सागर तथा बड़वानी है। इन 10 जिलों में ही मध्यप्रदेश के कुल 71 प्रतिशत संक्रमित है।

जिले में पिछले एक वर्ष मे अब तक कोरोना से संक्रमित 6554 मरीज मिले हैं। इनमें 5939 मरीज स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके है। वहीं 31 मार्च, 2020 तक 120 लोगों की मृत्यु हो चुकी है और 495 मरीज स्थिर हैं। जिले में कुल 471 कंटेनमेंट एरिया है। यहां 64 प्रतिशत पुरुष तथा 36 प्रतिशत महिलाएं संक्रमित है। वहीं अब तक सक्रिय मरीजों में 65 प्रतिशत पुरुष और 35 प्रतिशत महिलाएं है। इसी प्रकार ग्रामीण और शहरी क्षेत्र की बात करें तो नगरीय क्षेत्र में 61 प्रतिशत और ग्रामीण क्षेत्र में 39 प्रतिशत सक्रिय मरीज है। जिले में कोरोना संक्रमण की दर 6 प्रतिशत है, जबकि संक्रमितों का मृत्यु का प्रतिशत लगभग 1.7 है।

आयु वर्ग के अनुसार मृत्यु दर पर गौर करें तो ज्ञात होता है कि 81 से 100 के बीच 8 व्यक्ति, 61 वर्ष से 80 के बीच 57 व्यक्ति, 41 से 60 के बीच 46 व्यक्ति, 21 से 40 के बीच 7 और 0 से 20 वर्ष के बीच 02 व्यक्तियों की मृत्यु हुई है।

राज्य स्तर पर देखें तो ज्ञात होता है कि 31 मार्च, 2021 तक प्रदेश में कुल सेम्पल रिपोर्ट 64,97,170 प्राप्त हुई है। जिसमें पॉजिटिव केस 306851, स्वस्थ्य हुए मरीजों की संख्या 281476 है, कुल मृतकों की संख्या 4040 है तथा कुल सक्रिय मरीज 21335 है। राज्य में संक्रमण दर 11 प्रतिशत है। पहले संक्रमण बढ़ने की दर जहां 1.72 प्रतिशत थी, वह अब 2.01 प्रतिशत हो गई है। स्पष्ट है यह 1.16 प्रतिशत बढ़ा है।

## अध्ययन उद्देश्य

1. अध्ययन क्षेत्र में अनियंत्रित होते कोरोना का अध्ययन करना।
2. उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं का अध्ययन करना।
3. कोरोना के प्रसार के कारण एवं स्थानीय स्तर पर नियंत्रण के उपाय खोजना।

## परिकल्पना

निरन्तर पैर पसारते कोरोना को लेकर अध्ययन करने की जिज्ञासा जाग्रत हुई कि देश, प्रदेश एवं जिला स्तर पर इसका प्रभाव निरन्तर बढ़ता जा रहा है, और इसके समाप्त होने की कोई उम्मीद नहीं दिखाई दे रही है। इसलिए यह शोध अध्ययन जिले की वर्तमान स्थिति और स्वास्थ्य सुविधाओं के परिक्षण में सहायक सिध्द होगा।

## अध्ययन विधि

शोध अध्ययन हेतु द्वितीयक आंकड़ो की सहायता ली गई है, तथा विश्लेशण हेतु तालिका एवं आरेख और मानचित्र का उपयोग किया गया है।

**अध्ययन क्षेत्र**

शोध अध्ययन हेतु मध्यप्रदेश के खरगोन जिले का चयन किया गया है। यह जिला मध्यप्रदेश की दक्षिणी-पश्चिमी सीमा पर स्थित है यह 21 डिग्री 22 मिनट से 22 डिग्री 33 मिनट उत्तरी अक्षांश तक तथा 75 डिग्री 19 मिनट पूर्वी देशांतर से 76 डिग्री 14 मिनट पूर्वी देशांश के मध्य स्थित है। इसका क्षेत्रफल लगभग 6541.870 वर्ग किमी है। इस जिले के उत्तर में धार, इन्दौर व देवास, दक्षिण में महाराष्ट्र, पूर्व में खण्डवा, बुरहानपुर तथा पश्चिम में बड़वानी जिला स्थित है।

**शोध विश्लेषण एवं परिणाम–**

**तालिका क्रमांक - 01**
**जिला खरगोन**


| विकासखण्ड | कुल | सकिय मरीज | रिकवर | कुल मौते | मृत्यु प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|
| खरगोन | 2775 | 154 | 2575 | 46 | 38-33 |
| बड़वाह | 1091 | 106 | 963 | 22 | 18-33 |
| महेश्वर | 907 | 104 | 790 | 13 | 10-83 |
| कसरावद | 503 | 33 | 457 | 13 | 10-83 |
| भीकनगांव | 472 | 34 | 427 | 11 | 9-16 |
| गोगावां | 320 | 24 | 287 | 09 | 7-5 |
| सेगांव | 170 | 11 | 156 | 03 | 2-5 |
| झिरन्या | 116 | 19 | 94 | 03 | 2-5 |
| भगवानपुरा | 200 | 10 | 190 | 00 | 00 |
| **कुल** | **6554** | **495** | **5939** | **120** | **100** |

**स्त्रोत -** जिला चिकित्सालय खरगोन मार्च 2021

उपर्युक्त तालिका से स्पश्ट होता है कि जिले में मार्च 2021 तक कुल संक्रमितों की संख्या 6554 हो गई है, जिसमें सक्रिय मरीज 495, स्वस्थ्य हुए 5939 मरीज है, लेकिन 120 लोगों को भाग्य ने साथ नहीं दिया वे मृत्युलोक को सीधार गये। विकास खण्डवार देखें तो सबसे अधिक खरगोन विकासखण्ड में 2775 कुल संक्रमित है, जिसमें सक्रिय मरीज 154, स्वस्थ्य हुए 2575 मरीज है तथा 46 लोगों की मृत्यु हुई है। दूसरे क्रम पर बड़वाह तहसील है, जहां पर कुल संक्रमित मरीज 1091, सक्रिय मरीज 106 तथा 963 मरीज स्वस्थ्य हुए है और 22 लोगों की मृत्यु हुई है। तीसरे क्रम पर महेश्वर विकासखण्ड है, जहां कुल संक्रमितों की संख्या 907 है, जिसमें सक्रिय मरीज 104 तथा मरने वालों की संख्या 22 है और 790 मरीज अभी भी सक्रिय बने हुए है।

संभावित कारणों में ट्रेवलिंग हिस्ट्री प्रमुख कारण पाया गया है, चूँकि ये तीनों विकासखण्ड इन्दौर नगर से लगे हुए है, जहां से सबसे अधिक लोगों का आवागमन विभिन्न कारणों से निरन्तर बना रहता है। खरगोन नगर के बड़े व्यावसायिक परिवार विदेशों से भी ताल्लुक रखते है, एक अन्य कारण महाराष्ट्र राज्य की सीमा भी खरगोन जिले को स्पर्श करती है । खरगोन-सेंधवा से राष्ट्रीय राज मार्ग 03 से भी संक्रमितों का प्रवेश बढ़ा है। यही कारण है कि यहा कोरोना मरीजों की संख्या अधिक पायी गई है, वहीं जागरूकता का अभाव, अपनी जिम्मेदारी के प्रति नागरिकों की उदासीनता तथा 'वसुधैव कुटुम्बकम्' की भावना का समाप्त होना भी एक प्रमुख कारण है, पहले हम एक-दूसरे को परिवार का सदस्य मानते थे,दूसरों का दुःख-दर्द अपना समझकर बांटते थे, परन्तु विगत 1 दशक से यह भावना धीरे-धीरे खत्म होते जा रही है।

शासन-प्रशासन निरन्तर इस बीमारी को रोकने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश और लॉकडाउन जैसे कदम उठाते रहा, लेकिन लोगों की लापरवाही और उदासीनता, जागरूता का अभाव वहीं कुछ लोग इस बीमारी को मानते ही नहीं आदि कारणों से कोरोना अनियंत्रित हो गया।




बीमारी को मानते ही नहीं आदि कारणों से कोरोना अनियंत्रित हो गया ।

वहीं आदिवासी बहुल तहसीलों से गांव, भगवानपुरा और झिरन्या में सबसे कम संक्रमित हुए तथा मृत्यु भी कम हुई है, इस माहमारी में आदिवासी जीवन शैली कॉफी कारगर सिद्ध हुई है। आदिवासी समुदाय अपने खेतों में दूर-दूर मकान बनाकर रहते है, पैदल चलते समय भी वे एक-दूसरे के पीछे पर्याप्त दूरी बनाकर चलते है, प्राकृतिक वस्तुओं का सीधे उपभोग करते है (महुंआ, चारोली, मुसली, टेमरू आदि) हवा, पानी, भोजन भी शुद्ध

और प्राकृतिक है। मेहनतकश जीवन जीते है। यही कारण है कि आदिवासियों में रोगप्रतिरोधक क्षमता अधिक होने से कम प्रभावित हुए है।

**तालिका क्रमांक - 02**
**जिला खरगोन**

| लिंग/क्षेत्र | संक्रमित | प्रतिशत | सक्रिय | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| पुरूष | 4216 | 64.32 | 320 | 4.88 |
| महिलाएँ | 2338 | 35.67 | 176 | 2.68 |
| नगरीय | 4088 | 62.37 | 301 | 4.59 |
| ग्रामीण | 2466 | 37.62 | 195 | 2.97 |

**स्त्रोत -** जिला चिकित्सालय खरगोन मार्च 2021

उपर्युक्त तालिका से ज्ञात होता है कि अध्ययन क्षेत्र में पुरुषों में संक्रमित एवं सक्रिय मरीजों की संख्या अपेक्षाकृत महिलाओं से अधिक है। पुरुष वर्ग में संकमितों का प्रतिशत 64.33 तथा महिलाओं का प्रतिशत 35.67 है। यदि संभावित कारणों को देखे तो स्पष्ट होता है कि पुरुष वर्ग को घर के साथ-साथ बाहर की भी जिम्मेदारी निभाना होता है, पुरुष स्वयं को बाहर जाने पर नियंत्रण नहीं रख पाता है। अधिकतर महिलाएं ग्रहणी हैं, इनमें प्रतिरोधक क्षमता भी अधिक होती है साथ ही सहनशीलता भी अधिक होती है। यही कारण है कि पुरुषों में संक्रमण अधिक है एवं महिलाओं में कम है।

इसी प्रकार ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में भी असमानता दिखाई देती है। ग्रामीण क्षेत्र और शहरी क्षेत्रों में संक्रमित मरीजों की संख्या क्रमशः 2466 (37.62 प्रतिशत) एवं 4088 मरीज (62.38 प्रतिशत) है, वहीं सक्रिय मरीज भी ग्रामीण क्षेत्रों में केवल 195 तथा नगरीय क्षेत्र में 301 मरीज है। कुछ संभावित कारण खोजे गये जिसमें प्रमुख रूप से ग्रामीण क्षेत्र में लोग प्राकृतिक वायु में जीते है, शहरी क्षेत्र के लोग पंखे, कुलर और ए.सी. पर निर्भर है, इसी प्रकार जल के लिए ग्रामीण प्राकृतिक स्त्रोत पर निर्भर है, लेकिन शहरी क्षेत्र में फ्रीज, आर.ओ तथा एक्वागार्ड पर ज्यादा आश्रित है। इसी प्रकार भोजन तथा सब्जी और फल भी ग्रामीण क्षेत्र में ताजे और शुद्ध मिल जाते है, वहीं शहरी क्षेत्र इसका अभाव है।

दूसरी ओर आदिवासिंयो की जीवन शैली भी कोरोना संक्रमण को रोकने में सहायक सिद्ध हुई। ये दूर-दूर अपने खेतों में मकान बना कर रहते है, हाथ जोड़कर अभिवादन की प्रवृति है, तथा जब वे पैदल चलते है, तो एक-दूसरे के पीछे पर्याप्त दूरी पर कतारबद्ध होकर चलते है। वर्तमान में वैज्ञानिकों ने भी उनकी जीवन शैली को अपनाने के लिए आव्हान किया है। देश के उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने भी इस बात का समर्थन किया है। नायडू ने उत्कल विश्वविद्यालय के 50 वे दीक्षांत समारोह को संबोधित कर कहा कि ओडिशा की आदिवासी आबादी कोविड-19 वैश्विक महामारी से व्याप्त तौर बची रही है, उनकी अनोखी आदतों और परम्पराओं ने उन्हें संक्रमण से दूर रखने में मदद की। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति और जनजाति शोध और शिक्षण संस्थान (SCFTRTI) की रिपोर्ट में बताया गया कि जनजातीय लोगों की चलते वक्त एक-दूसरे से पर्याप्त दूरी बनाकर रखने की आदत होती है। साथ ही प्राकृतिक खान-पान ने उन्हे वैश्विक महामारी के दौरान सुररिक्षत रहने में मदद की।






**Table No. 03**

**Corona patient according to age group inkhargone district**

| Age group | Patient | Percent |
|---|---|---|
| 81-100 | 08 | 6.66 |
| 61-80 | 57 | 47.5 |
| 41-60 | 46 | 38.33 |
| 21-40 | 07 | 5.83 |
| 0-20 | 02 | 1.66 |
| Total | 120 | 100 |

**Source :** district hospital khargone



उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि सबसे अधिक मौतें 61 से 80 आयुवर्ग की 47.5 प्रतिशत हुई। इस आयुवर्ग में अधिकांश मौते पूर्व में ग्रसित बीमारी के कारण हुइ है ऐसे मरीज जल्दी चपेट में आ गए, वहीं 41 से 60 आयुवर्ग के लोग चूंकि कामकाजी होने से इनमें अधिक संक्रमण फैला और मौत के शिकार बने। 40 वर्ष से कम आयु वर्ग के लोगों में रोगप्रतिरोधक क्षमता अच्छी होने की वजह से इस वर्ग की मौते कम हुई है।

**सुरक्षा के उपाय**

इस भयावह कोरोना वायरस की अभी तक वैक्सीन तैयार करने में विश्व के सभी देश असफल हुए है, पूरा एक वर्ष हो गया है। केवल हमारा देश ही है, जहां रेमडेसिवीर इंजेक्शन तैयार किया गया है तथा देश के साथ-साथ विदेशों को भी भेज रहा है। हमारे देश में मलेरिया और वायरल बुखार की खुराक से ही इसका उपचार किया जा रहा है, और काफी हद तक इस वायरस को नियंत्रित भी किया है, परन्तु कोरोना की इस दूसरी लहर के अनियंत्रित होते कोविड-19 ने ऐसे हालात शासन-प्रशासन और आम जनता के सामने पैदा कर लिए कि सभी विवश नजर आ रहे हैं। इस भयावह बीमारी के नियंत्रण के लिए कुछ सुझाव शासन ने जारी किए है, कुछ आर्युवैदिक तथा एलोपैथिक उपाय बताएं गए है, जिनमें निम्नलिखित है—

1. दैनिक जीवन में मास्क लगाना जरूरी है।
2. दो गज दूरी का अनिवार्यतः पालन हो।
3. सैनेटाईजर का उपयोग किया जाय।
4. लगातार साबून से हाथ धोयें, संतुलित खाना खाएं, पानी ठीक से पीएं, व्यायाम करें और अच्छी नींद ले।
5. पानी गर्म करके पीएं, दूध में हल्दी मिलाकर पीएं तथा समय पर भांप लेते रहें।
6. पांडिचेरी विश्वविद्यालय के एक भारतीय छात्र रामू ने कोविड-19 का घरेलू उपचार खोज लिया जिसे WHO ने पहली बार में ही स्वीकृति प्रदान कर दी है। उसने सिद्ध कर दिया है कि एक चाय के चम्मच भरकर काली मिर्च का चूर्ण दो, दो चम्मच शहद, थोड़ा-सा अदरक का रस, लगातार 5 दिनों तक लिया जाय तो कोरोना के प्रभाव को 100 प्रतिशत तक समाप्त किया जा सकता है। सम्पूर्ण जगत इस उपचार को लेना आरम्भ कर दिया है।

**रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के आयुर्वेदिक उपाय**

1. च्यवनप्राश 10 ग्राम (1 चम्मच) सुबह ले। मधुमेह के रोगी श्शुगर फ्री च्यवनप्राश लें।
2. तुलसी, दाल चीनी, काली मिर्च, शुण्ठी (सूखी अदरक) एवं मुनक्का से बनी हर्बल टी/काढ़ा दिन में एक से दो बार पिएं। (स्वाद के अनुसार इसमें गुड़ या ताजा नींबू रस मिला सकते है।)
3. गोल्डन मिल्क-150, उस गर्म दूध में आधा चम्मच हल्दी चूर्ण दिन में एक से दो बार लें।

**होम आइसोलेशन के लिए गाइड लाइन जारी**

प्रदेश के साथ-साथ जिले में लगातार बढ़ रहे संक्रमितों के आंकड़ों के बाद और मरीजों को संस्थागत क्वारंटाइन में आने वाली समस्या को ध्यान में रखते हुए राज्य शासन द्वारा होम आइसोलेशन की संशोधित गाइड लाइन जारी की गई है। नई गाइड लाइन के अनुसार लक्षण रहित और अति मंद लक्षण वाले कोविड-19 पोजिटिव केस के लिए होम आइसोलेशन की सुविधा दी जाए। जारी निर्देश में कहा गया है कि प्रदेश में कोविड-19 के प्रकरणों की संख्या के चलते घर पर आइसोलेशन की समुचित व्यवस्था वाले अधिक से अधिक पात्र कोविड पाजिटिव व्यक्तियों को होम आइसोलेशन में रखा जाए। इसके लिए महत्वपूर्ण है कि होम आइसोलेशन व्यक्ति की दैनिक निगरानी जिला स्तर पर स्थापित जिला कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर द्वारा सुनिश्चित की जाए और व्यक्ति के पास आवश्यक चिकित्सीय संसाधन और औषधियां उपलब्ध रहे। निर्देश दिए गए है कि कोविड-19 पाजिटिव केस को होम आइसोलेशन की अनुमति देते समय एक होम आइसोलेशन किट उपलब्ध कराई जाए।

## टीकाकरण

जिले में संचालित सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में 60 वर्ष और इससे अधिक आयु वाले व्यक्ति और 45 से 59 वर्ष के ऐसे हितग्राही जो कि विभिन्न (चिन्हित) बीमारियों से ग्रसित है, को टीका लगाया गया। सीएमएचओ कार्यालय के अनुसार 29 मार्च तक 1875 व्यक्तियों को टीका लगाया गया। इनमें 60 से अधिक आयु वाले 1500 और 45 से 59 वर्ष तक के कुल 230 व्यक्तियों को पहले डोज का टीका लगाया गया। वहीं एफएलडब्ल्यू के 15 कर्मियों को पहला डोज व 70 कर्मियों को दूसरा डोज और एससीडब्ल्यू के 20 कर्मियों को पहला डोज और 40 कर्मियों को दूसरा डोज का टीका लगाया गया। सीएमएचओ डॉ.एस.के. सरल ने नागरिकों से अपील की है कि वे कोविड 2.0 एप और आरोग्य सेतु एप के माध्यम से ऑनलाइन पंजीयन कराएं, ताकि स्थान और समय की सुविधा स्वेच्छा अनुसार मिल सकें।

## टीकाकरण के लिए बनाएं 73 केंद्र

कोविड-19 वैक्सीनेशन के अगले चरण मे अब एक अप्रैल से 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी नागरिकों का वैक्सीनेशन किया जाएगा। इसके लिए जिले में कुल 73 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें शहरी क्षेत्र खरगोन में 07 केन्द्रों में पुराना अस्पताल परिसर में 03 केन्द्र के अलावा ओजोन अस्पताल, सुभिशी अस्पताल, साईं समर्थ अस्पताल और विजयलक्ष्मी अस्पताल में केन्द्र बनाए गए हैं। इसके अलावा बड़वाह व महेश्वर में 13-13 केन्द्र, गोगावां व ऊन में 7-7, कसारावद, भीकनगांव व भगवानपुरा में 6-6, झिरन्या में 5 और सेगांव में 03 केन्द्र बनाए गए हैं। 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी लोगों को टीका लगाया जाएगा, वैक्सीनेशन के लिए को-मोर्विड प्रमाण-पत्र की आवश्यकता नहीं होगी।

## सारांश

खरगोन जिला मध्यप्रदेश का ग्रामीण जिला है,जहां 84.04 प्रतिशत ग्रामीण जनसंख्या निवास करती है,साथ ही 39.08 प्रतिशत आदिवासी जनसंख्या पायी जाती है, यही वजह है कि जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना का कहर कम पाया गया है, वहीं महिलाओं में भी इसका प्रतिशत कम है। जिलें में कुल संक्रमित लोगों में ग्रामीणों का प्रतिशत केवल 37.62 है, इसी प्रकार महिलाओं का प्रतिशत भी केवल 35.67 है। दूसरी ओर यदि हम आयु की दृष्टि से देखें तो जिले में सबसे अधिक मौंते 40 वर्ष से अधिक आयुवर्ग के लोगों की 92.5 प्रतिशत मौंते हुई है, जबकि 40 वर्ष से कम आयुवर्ग के केवल 7.5 प्रतिशत लोगों की हुई है। नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र हो लोगों ने कोरोना को गंभीरता से नहीं लिया। लगभग 90 प्रतिशत लोग बिना मास्क और सोसल दूरी का पालन नहीं करते पाए गए। व्यापारी वर्ग भी इस दिशा में उदासीन दिखाई दिया। वहीं नवग्रह मेला, धार्मिक एवं राजनीतिक आयोजन भी संक्रमण बढ़ाने में सहायक सिद्ध हुई और हालात अनियंत्रित हो गए। कुल मिलाकर लोग शासन की गाइड लाइन का पालन नहीं कर रहे हैं, प्रशासन ने भी धीरे-धीरे उदारता और उदासीनता दिखाई। इस कारण शासन को जिले में पुनः लॉकडाउन लगाने के लिए मजबूर होना पड़ा।

## सन्दर्भ सूची

1. प्रो. चौबे कैलाश-2001 स्वास्थ्य/चिकित्सा भूगोल, 'विश्व स्तर पर प्रमुख रोगों का विवरण' पृष्ठ क्रमांक 158, मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रन्थ अकादमी भोपाल।
2. जिला चिकित्सालय खरगोन।
3. दैनिक समाचार पत्र नई दुनिया, खरगोन, दिनांक- 02 अप्रैल 2021
4. www.coronabule.com

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 29th Sep 21 Paper Accepted : 4th Oct 21

# 'मेघदूतम्' खण्डकाव्य में पर्यावरण एवं पर्यटन : एक अध्ययन

❒ सुमन*
❒ डॉ. सूर्यनारायण गौतम**

**शोध सारांश**

महाकवि कालिदास का काव्य वैभव जितना अधिक है उसकी तुलना किसी अन्य कवि के काव्य वैभव से नहीं की जा सकती। जिन परिस्थितियों में उन्होंने जिन काव्यों का प्रणयन किया है उन परिस्थितियों में सबके लिए ऐसा अद्भुत कार्य करना सरल नहीं होता। किसी भी कवि की रचनाओं में काव्य शिल्प का होना स्वाभाविक ही है चाहे वह किसी में कम हो या अधिक। किसी कवि का शिल्प विधान उन्नत होता है तो किसी का भाव पक्ष बहुत ही अधिक समुन्नत होता है। प्रमुख महाकवियों के गणना प्रसंग का उद्धरण निम्न श्लोक से देखा जा सकता है—

**उपमाकालिदासस्य भारवेरर्थगौरव।**
**दण्डिनः पदलालित्यं माघे सन्ति त्रयोगुणाः।।**

जब भी कवियों की गणना का प्रसंग उपस्थित होता है सबसे पहली उंगली महाकवि कालिदास के नाम की ही उठती है।

**शब्दकुंजी**—मेघदूत, कालिदास, पर्यावरण।

**प्रस्तावना**

महाकवि कालिदास को कविकुलगुरु की परम सम्मनित उपाधि से विभूषित किया गया है। निश्चय ही यह सम्मान प्राप्त करना बड़े ही भाग्य की बात है। महाकवि कालिदास संस्कृत जगत के मूर्द्धन्य महाकवि हैं। सम्राट विक्रमादित्य के नौ रत्नों में अग्रगण्य महाकवि कालिदास ने अनेक उत्कृष्ट ग्रन्थों का प्रणयन किया है। प्रकृति के लाडले कवि कालिदास ने आर्यावर्त की समस्त नदियों, प्रसिद्ध पोखरों, झीलों, उत्तुंग शिखरों से युक्त पर्वतों का जहाँ बहुत ही मार्मिक पर्यावरणीय चित्रण किया है, वहीं

* शोधार्थी (संस्कृत विभाग), पंजीयन संख्या-17219141, श्री जगदीशप्रसाद झाबरमलटीबड़ेवाला विश्वविद्यालय, झुंझुनु (राज.)
** एसो. प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष (संस्कृत) विभाग, श्री जगदीशप्रसाद झाबरमल टीबड़ेवाला विश्वविद्यालय, झुंझुनु (राज.)

नानाविध चित्रों विविध बेल-बूटों से उकेरी गई मूर्तियों, फव्वारों, नक्काशीदार गुम्बदों और अति शोभायमान रत्न जडित सीढ़ियों का अद्भुत वर्णन कर पर्यटन के सूत्र भी दिए हैं। इसी प्रकार नाटकों में भी चाहे वह शकुन्तला के पोष्य पिता कण्व का आश्रम हो या महाराज दुष्यंत का राजभवन तथा विक्रमोर्वशीयम् में राजा पुरुरवा का वह मण्डप जहाँ नानाविध औषधीय लताओं और विटपों से युक्त हरीतिमा सिर में उठ रही पीड़ा का भी शमन करने में समर्थ है। महाकवि के द्वारा रचित उपलब्ध ग्रन्थों की रचना निम्नवत् सात है; यथा—

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम्, 2. विक्रमोर्वशीयम्, 3. मालविकाग्निमित्रम्, 4. ऋतुसंहारम्, 5. कुमारसंभवम्, 6. रघुवंशम्, 7. मेघदूतम्।

प्रस्तुत शोध पत्र में महाकवि कालिदास की रचनाओं में पर्यावरण एवं पर्यटन का विधिवत वर्णन प्रस्तुत किया गया है। पर्यटन का तात्पर्य ही है ऐसी वह जगह, ऐसे वे स्थल जिन्हें देखने के लिए मन चारों ओर दौड़ने लग जाए। महाकवि ने अवन्तिका का वर्णन कर अलकापुरी तक का ऐसा मनोरम चित्रण किया है जिसे पढ़कर उस स्थल को देखने के सहज ही विचार मन में उमड़ने लग जाते हैं। हिमालय की पर्वत श्रृंखलाओं को पार कर अलकापुरी के उत्तुंग अट्टालिकाओं से युक्त भवनों का वर्णन और उन भवनों के समीप ही नानाविध मणियों से युक्त जल तक पहुँचने के लिए सोपानों तथा स्नान के उपरांत बैठने वाले मणिमय सोपानों को देखने के लिए किसका मन नहीं करेगा। ग्रीष्म ऋतु का यह एक स्वाभाविक चित्र उनके अभिज्ञानशकुन्तलम् से है—

**सुभगसलिलावगाहाः पाटलसंसर्गसुरभिवनतायाः।**
**प्रच्छायसुलभनिद्रा दिवसाः परिणामरमणीयाः॥**[1]

सलिल अर्थात् ऐसा जल जो पूर्णतः निर्मल है और शीतल है ऐसे जल में स्नान करना अत्यंत सुहावना लग रहा है। पाटल के खिले पुष्पों से वन की वायु सुगन्धित हो रही है। घने वृक्षों की छाया में सरलता से नींद आ रही है। दिन का अवसान अत्यंत रमणीय प्रतीत हो रहा है।

महाकवि की कृतियों में उपमा आदि अलंकारिक विधानों का जहाँ गहन अध्ययन किया गया है, वहीं पर्यावरण जैसे ज्वलंत मुद्दों को भी बारीकी से देखा और परखा भी गया है, किन्तु एक व्यावहारिक और व्यापारिक दृष्टिकोण को रखते हुए पर्यटनीय अध्ययन अभी तक मेरी दृष्टि में कहीं भी पढ़ने या सुनने में नहीं आ सका है। अतः अब आवश्यकता है कि भारतीय पुरातन ग्रन्थों में उन विषयों को लक्ष्य कर अध्ययन किया जाए जो व्यक्ति को रोजगार भी समुपलब्ध करा सकें।

प्रस्तुत शोध के पीछे का उद्देश्य है कि महाकवि कालिदास की रचनाओं का नवीनतम अध्ययन प्रस्तुत किया जाए और उसके साथ ही वर्तमान की सबसे ज्वलंत समस्या जो पर्यावरण को लेकर है उसका समाधान निकाला जाए। वर्तमान में इसके लिए अनेक प्रकार के उपाय किए जा रहे हैं। संस्कृत विषय का अध्येता होने के नाते मेरा यह कर्त्तव्य है कि अपने ज्ञान का उपयोग उस विधा या क्षेत्र में करना चाहिए जिस ओर मानवता को जीवन का संकट दिख रहा है।

### अध्ययन का महत्व

महाकवि कालिदास संस्कृत जगत के ऐसे कवि हैं जिनका उल्लेख कवि गणना में प्रथम आता है। उन्होंने अपनी रचनाओं में जिन विषयों का उल्लेख किया है वह सदा ही प्रासंगिक रहेगा। जितना अधिक शोध किया जाता है, नित्य ही ऐसे नवीन तथ्य सामने आते हैं जिनकी समूची मानवता को आज सर्वाधिक आवश्यकता है।

प्रस्तुत शोध का यही महत्व है कि आधुनिक समस्या का पुरातन हल क्या हो सकता है तथा उससे जो भी अनुकरणीय प्राप्त होगा, उसका प्रयोग और उपयोग मानवता के लिए समर्पित होगा।

**''यक्षश्चक्रे जनकतनयास्नानपुण्योदकेषु।**
**स्निग्धच्छायातुरुषु वसतिं रागिर्याश्रमेषु॥''**[2]

उपरोक्त पंक्तियों में महाकवि ने रामगिरि स्थित आश्रम का सुन्दर वर्णन करते हुए उसकी सघन छाया वाले वृक्षों की सुन्दरता का व्याख्यान किया है। यहाँ सीता जी के स्नान करने से पवित्र जल कुण्ड भरे हुए हैं—

**पाण्डुच्छायोपवनवृतयः केतकैः सूचिभिन्नै-**
**र्नीडारम्भैर्गृहबलिभुजामाकुलग्रामचैत्याः।**
**त्वय्यासन्नेपरिणतफलश्यामजम्बूवनान्ताः**
**सम्पत्स्यन्ते कतिपयदिनस्थायिहंसा दशार्णाः॥**[3]

मेघमार्ग वर्णन प्रसंग में मध्यभारत में स्थित दशार्ण प्रदेश का वर्णन करते हुए महाकवि कालिदास कहते हैं—हे मेघ तुम्हारे समीप आ जाने पर दशार्ण प्रदेश के उपवनों के किनारे, केतकी पुष्प के अग्रभाग के खिल उठने से पीत वर्ण की कान्ति वाले हो जाते हैं, गृहस्थों द्वारा दिये गये अन्न को चुगने वाले पक्षियों के घोंसलों से गाँव के रास्ते के वृक्ष व्याप्त हो जाते हैं, पके हुए जामुन के फलों से रमणीये हो उठते हैं। ऐसे वन प्रदेश में हंस कुछ दिन और निवास करते हैं।

**''छन्नोपान्तः परिणतफलद्योतिभिः काननाम्रैः**
**त्वय्यारुढे शिखरमचलः स्निग्धवेणी सवर्णे।**
**नूनं यास्यत्यमरमिथुनप्रेक्षणीयामवस्थाम्**
**मध्ये श्यामः स्तन इव भुवः शेषविस्तारपाण्डुः॥''**[4]

अमरकोट पर्वत की सुन्दरता का वर्णन करते हुए कवि कहते है कि पके हुए फलों से शोभित आम के वृक्षों से सघन भाग वाला पर्वत शिखर स्तम्भ के समान सुशोभित हो रहा है। ऐसा स्थान देवी-देवताओं द्वारा भ्रमणीय है—

**प्राप्यावन्तीनुदयनकथाकोविदग्रामवृद्धान,**
**पूर्वोद्दिष्टामनुसर पुरीं श्रीविशालां विशालम्।**
**स्वल्पीभूते सुचरितफले स्वर्गिणां गां गतानां**
**शेषैः पुण्यैर्हृतमिव दिवः कान्तिमत खण्डमेकम्॥**[5]

उज्जयिनी नगरी के प्रति महाकवि कालिदास का कुछ विशेष ही अनुग्रह दिखाई देता है। यद्यपि मेघ को उत्तर की ओर जाना है फिर भी यक्ष उससे कहता है कि आप कृपा करके उज्जयिनी अवश्य जाएं। यक्ष के अनुसार उज्जयिनी नगरी का अपना ही विशेष आकर्षण है। तुम उज्जयिनी के प्रासादों की शोभा से परिचय अवश्य प्राप्त करना।

यहां पर शिप्रा नदी बहती है। यक्ष मेघ से कहता है कि आप जब उज्जयिनी पहुँच जाओ तो सूर्यास्त पर्यन्त अवश्य रूकना। अपनी गर्जना से महाकाल की संध्याकालीन आरती में नगाड़े का कार्य अवश्य करना। हे मेघ इससे तुम्हें अविकल पुण्य प्राप्त होगा—

**''अप्यन्यस्मिन् जलधर महाकालमासाद्य काले**
**स्थातव्यं ते नयनविषयं यावदत्येति भानुः।**
**कुर्वन् सन्ध्याबलिपटहतां शूलिनः श्लाघनीय-**
**मामन्द्राणां फलमविकलं लप्स्यसे गर्जितानाम्॥''**[6]

**अलकापुरी**

''बाह्योद्यान स्थित हरशिरश्चन्द्रिका धौतह्मर्म्या।''

अलकापुरी का वर्णन करते हुए यक्ष कहता है कि भगवान भूतनाथ शिव के मस्तक पर सुशोभित रहने वाले चन्द्रमा की चाँदनी से धवल वर्ण वाली यक्षेश्वरों की नगरी में तुम्हें जाना है—

**विद्युत्वन्तं ललितवनिता सेन्द्रचापं सचित्राः**
**सङ्.गीताय प्रहतमुरजाः स्निग्धगंभीरघोषम्।**
**अन्तस्तोयं मणिमयभुवस्तुङ्.मभ्रंलिहाग्राः**
**प्रासादास्त्वां तुलयितुमलं यत्र तैस्तैर्विशेषैः।''**[7]

मेघदूत खण्डकाव्य के अनुसार अलकापुरी ही मेघ का अन्तिम गन्तव्य है। विविध नगरों का वर्णन करते हुए यक्ष मेघ से कहता हैं कि जब तुम अलकापुरी पहुँच जाओगे तब वहां का सौन्दर्य देखकर ही तुम यह अनुमान कर सकते हो कि तुम अलकापुरी पहुँच गये हो। वहां गगनचुम्बी भवन मिलेगें, उनमें निवास करने वाली सुन्दर स्त्रियां अपनी चपलता के कारण तुम्हारे भीतर से चमकने वाली बिजलियों, भित्तियों पर चित्रित चित्र तुम्हारे इन्द्रधनुष

से तथा संगीत के लिए बजने वाले नगाड़े जल धारण किये तुम्हारी गर्जना से समानता रखने में समर्थ हैं। अलकापुरी देवों के कोषाध्यक्ष कुबेर की राजधानी है। इस कारण वहां पर अत्याधिक सम्पन्नता है। अलकापुरी का वर्णन करते हुए यक्ष कहता है—यहाँ के पौधे और वृक्ष पुष्पों से लदे रहते हैं। यहाँ सरोवर नित्य कमलों से युक्त रहते हैं। जिन पर हंस समूह ऐसी शोभा देते हैं। मानो वे कमलिनियाँ अपनी कमर पर करधनियाँ धारण किए हुए हैं। यहां सदा शुक्लपक्ष रहता है। इसलिए अंधकार के प्रसार से सदा के लिए निवृत्त रहने के कारण यहाँ की रात्रियाँ अत्यधिक रमणीय होती हैं।

**निष्कर्ष**

कालिदास ने अपने सभी नाटकों एवं रचनाओं में प्रकृति एवं पर्यावरण के प्रति अपना आकर्षण प्रकट किया है। कालिदास की रचनाओं में पर्यावरण एवं पर्यटन कहीं पृष्ठभूमि के रुप में, कहीं उपमान के रुप में और कहीं उद्दीपन विभाव के रुप में भी है। मेघदूत में मेघ को रामगिरि पर्वत से अलकापुरी तक प्रकृति एवं पर्यटन का आनन्द लेते हुए दिखाया गया है, मानो कोई हवाई जहाज में बैठकर प्रकृति के नजारों का लुत्फ उठाते हुए जा रहा हो।

**संदर्भ ग्रंथ सूची**

1. अभिज्ञानशाकुन्तलम् 1.3
2. मेघदूतम् श्लोक -01
3. मेघदूतम् श्लोक-23
4. मेघदूतम् श्लोक -18
5. मेघदूतम् श्लोक - 30
6. मेघदूतम् श्लोक - 34
7. मेघदूतम् उ. में श्लोक -1

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 29th Sep 21 Paper Accepted : 3rd Oct 21

# मतदान व्यवहार में मीडिया का प्रभाव

❐ डॉ. राजेश शर्मा*

## शोध सारांश

चुनावों में राजनैतिक-संचार मीडिया के सभी आयामों से होता है। जैसे इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिन्ट मीडिया, इन्टरनेट और अन्य माध्यमों जैसे रैली जन-सम्पर्क इत्यादि से जनमत अपने पक्ष में बनानें की कोशिश सभी दलों और उम्मीदवारों के द्वारा किया जाता है। लेकिन इसका क्या प्रभाव व कितना प्रभाव पड़ा। जिसमें मीडिया, मतदान व्यवहार स्वतंत्र चर है और लिंग,आयु, धर्म और जाति निर्भर चर है। जिसका प्रमुख प्रश्न यह था कि क्या मीडिया आपके मतदान व्यवहार को प्रभावित करता है?

इस प्रकार यह शोध मीडिया द्वारा किस प्रकार प्रभावी होता है, अध्ययन के क्षेत्र में प्रवृत्त है।

**शब्द कुंजी**—मतदान व्यवहार, मीडिया

राजनीतिक संचार वह प्रक्रिया द्वारा राजनीतिक दृष्टि से प्रासंगिक सूचना राजनीतिक व्यवस्था के एक भाग से दूसरे भाग तक तथा सामाजिक व राजनीतिक व्यवस्थाओं में संचारित होती है। यह निरन्तर चलने वाली प्रक्रिया है, जिसमें समाज के सभी स्तरों पर व्यक्तियों तथा व्यक्तियों के समूहों में सूचना का आदान प्रदान शामिल है। जिसमें न केवल समाज के सदस्यों के विचारों व इच्छाओं की अभिव्यक्ति संलिप्त है बल्कि वे साधन भी शामिल हैं। जिनके द्वारा समाज के संचारित सत्ताधारियों के विचार व प्रस्ताव तथा उनके प्रति समाज की प्रतिक्रिया भी शामिल है।

राजनीतिक संचार राजनीति दलो और समाज व राज्य समस्त संस्थाओं के बीच एक ऐसी संचार प्रणाली है, जिसमें विभिन्न उद्देश्यों और अपने हितो कोप्राप्त करने के लिए मानवीय प्रयत्न को सही दिशा व दशा प्रदान करते हैं।

राजनीतिक संचार यह मानता है कि राजनीतिक प्रणाली की कोई भी प्रक्रिया तबतक सही नहीं हो सकती, जब तक प्रणाली के आपस में एक दूसरे के साथ मिलकर अथवा विचार विनिमय करके कोई निर्णय न लिया जाए जैसे विश्व के निहित हितों को प्राप्त करने के लिए बनाए गए विभिन्न संघ अथवा संगठन जैसे संयुक्त राज्य संघ, आसियान, सार्क और देश में फिक्की, भारतीय किसान यूनियन और विभिन्न संगठन इत्यादि। इनके द्वारा देश आपस में एक दूसरे से राजनीतिक संचार से आपस के विवादों को सुलझानें का प्रयास

* सहायक प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान), एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)

किया जाता है। राजनीतिक व्यवस्था की सभी संरचनाओं एवं संस्थाओं जैसे विधायिका, कार्यपालिका, न्यायपालिका, राजनीतिक दलों, हित समूहों जनता इत्यादि के बीच सम्प्रेषण होता है जिससे राजनीतिक अधिकारों के बारे में विचार विमर्श होता है।

भारत एक लोकतांत्रिक देश है, जहां, हर पांच साल में चुनाव होते हैं। जहां पर ग्राम पंचायत से लेकर लोकसभा तक के चुनाव एक ही प्रकार की चुनाव प्रणाली से कराये जाते हैं। इस व्यवस्था में जिस व्यक्ति को सबसे ज्यादा मत प्राप्त होता है, उसे विजेता मान लिया जाता है। इस प्रकार हमारा लोकतंत्र सभी को एक समान अधिकार देता है और जिसमें हर नागरिक को चुनाव लड़ने के साथ ही मतदान देने का समान अधिकार प्राप्त होता है। प्रत्येक राजनीतिक दल जनमत को अपने पक्ष में बनाने और जनता का समर्थन प्राप्त करने के लिए वह मतदाताओं से राजनीतिक संचार करता है। इसके द्वारा हर दल अपनी नीतियों को जनता तक पहुँचाता है। इसमें वह मीडिया के साथ-साथ अर्न्तव्यैक्तिक संचार सहित अन्य माध्यमों का भी प्रयोग करता है।

भारतीय राजनीतिक व्यवस्था बहुदलीय व्यवस्था है, चुनाव में कई दल भाग लेते हैं। चुनाव प्रचार के दौरान राजनीतिक दल राजनीतिक संचार का उपयोग करते हैं, जिसमें पोस्टर, रैली, जनसंपर्क राजनैतिक बहस इत्यादि का प्रयोग किया जाता है। राजनीतिक व्यवस्था की सभी संरचानाओं—जैसे औपचारित संरचनाएँ अथवा परिवार रक्त सम्बन्ध, वंश परम्पराएं निकटस्थ समूह, पड़ोसी, समुदाय ग्राम जातीय और भाषायी समूह आदि अनौपचारिक संरचानाओं का भी संचार संबंधी काम होता है।

जैसा कि आमंड ने कहा है कि आधुनिक राजनीतिक व्यवस्था का परम्परागत या आदिम राजनीतिक व्यवस्था से भिन्न करने वाला तथ्य यह है कि आधुनिक व्यवस्था में विशेषीकृत संचार अधिक व्यापक होता है और यह अविशेष या सविराम संरचनाओं में अन्तः प्रविष्ट कर सकती है.... जहां मतदाता कई समूहों, धर्मों, जातियों, भाषाओं के आधार पर बंटे हैं। इस तरह बिखरे पड़े विशाल जनसमूह तक अपनी योजनाओं और नीतियों, विचारों को पहुंचाने के लिए प्रत्येक राजनैतिक दल एक विशिष्ट संचार रणनीति बनाता है। इसी रणनीति से मतदाताओं को प्रभावित करने की कोशिश करता है। ताकि वह इसको मतदान व्यवहार से अपने लिए मतों में बदल सके और देश में अपनी निर्णयों तथा नीतियों को लागू कर सके जिससे देश के उत्थान में अपना योगदान प्रदान कर सके। इस राजनीतिक संचार में इलेक्ट्रॉनिक मीडिया, प्रिंट मीडिया, इन्टरनेट और मोबाइल का भी प्रयोग किया जाता है। आज लगातार मीडिया में व्यापक बदलाव आ रहे हैं अब कोई राजनीतिक दल या संगठन अपनी वेबसाइट बनाकर अपना नीतियों का प्रचार-प्रसार कर सकता है जिससे वह चुनाव में अपना पलड़ा भारी कर सके। अब तो प्रचार का माध्यम मोबाइल बन चुका है समय के कुछ ही पल में लाखों लोगों के पास एसएमएस से कोई भी राजनीतिक दल का उम्मीदवार अपना प्रचार कर सकता है। यह ऐसा माध्यम है जिसमें आप राजनीतिक संचार को बेहद तेज रफतार से कर सकते हैं। आज यह एक महत्त्वपूर्ण माध्यम बन चुका है। मतदाता को राजनीतिक संचार प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ तो मन बना ही लेते हैं। इसके साथ विरोधी पार्टी और अन्य उम्मीदवार भी अपनी रणनीति बनाते हैं। पहले वे एक दूसरे दल के प्रचार व संचार को सवाल के रूप में लेते है और फिर उसका जवाब वो अपने तरीके से जनता के सामने रखते हैं। अतः इस प्रकार उम्मीदवार एक दूसरे को जवाब देते रहते हैं। इस प्रक्रिया को जनता बड़े ध्यान से सुनती और आकलन भी करती है।

मतदान व्यवहार मुख्य रूप से मीडिया द्वारा किये जाने वाले राजनीतिक संचार पर आधारित नहीं होता है, लेकिन इसका योगदान अति महत्त्वपूर्ण होता है। आज दुनिया के प्रत्येक लोकतान्त्रिक देश में इसका अध्ययन किया जाता है।

अध्ययन किया जाता है। अध्ययन से कई घटकों का पता चला है जिसमें 36 राजनीतिक संचार की रणनीति और प्रचार एक मुख्य घटक के रूप में उभर कर सामने आया है। मतदान व्यवहार प्रत्येक देश का अलग होता है, जैसे संयुक्त राज्य अमेरिका में लोग विकास तथा रोजगार को मुख्य मुद्दा मानते हैं, इसी के आधार पर वह अपने मत का प्रयोग करते हैं लेकिन भारत जैसा देश जहां जाति व्यवस्था सहित कई संस्कृतियाँ यहां पर वास करती हैं। जो चुनावों को काफी हद तक प्रभावित करती हैं, चुनावों में जाति एक महत्त्वपूर्ण समीकरण होता है। भारत में यह एक सच्चाई है कि राजनीतिक दल खास जाति के चुनाव क्षेत्र से उसी जाति के उम्मीदवार को ही चुनाव में उतारना ज्यादा पसंद करते हैं। यहां पर जातियाँ एक महत्वपूर्ण कारक बनती हैं और जाति के अनुसार ही राजनीतिक संचार की रणनीति भी बनायी जाती है। कुछ पार्टियाँ जाति के आधार पर ही गठित की गयी हैं। जैसे भारतीय जनता पार्टी को अगड़ी जातियों तथा हिन्दुत्ववादी दल माना जाता है। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को भी अगड़ी जाति का माना जाता है लेकिन इस पार्टी में सभी को समान मानने की बात कही जाती है, इसे एक उदार दल माना जाता है। यह दल भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन की कर्ता-धर्ता रही है। इसलिए इसके प्रति लोगों का नजरिया भी सकारात्मक रहा है। इसके बावजूद इसे अगड़ी जाति की पार्टी माना जाता है। बहुजन समाज पार्टी को दलितों और पिछड़ों की पार्टी माना जाता है। इसका वोट बैंक इसी वर्ग से आता है और इस पार्टी में इस वर्ग की बात ज्यादा उठायी जाती है। अतः इसे दलितों की पार्टी माना जाता है। हालांकि अब इस दल में अगड़ी जातियां भी अपना योगदान दे रही हैं। इसी तरह लोक जन शक्ति पार्टी भी दलितों की पार्टी माना जाता है। समाजवादी पार्टी पिछड़ों और मुसलमानों की पार्टी माना जाता है इसमें भी अगड़ी और समाज की अन्य जातियों का योगदान रहता है। इसी तरह राष्ट्रीय जनता दल भी इसी वर्ग में मानी जाती है। इसके अलावा कुछ राजनीति दल आज भी राजनीतिक विचारधारा को मुख्य हथियार बना रखा है जिसमें प्रमुख रूप से भारतीय वामदल हैं जो समाजवाद को आज भी एक विचारधारा के रूप में मानते हैं।

इस तरह किसी भी लोकतन्त्रात्मक देश में इन राजनीतिक दलों के अलावा अन्य सामाजिक संगठन भी अपनी भूमिका का निर्वाह करते है और वो इन चुनाव 37 के मतदान व्यवहार को में प्रभावित करते हैं। जैसे मीडिया संगठन, दबाव गुट, गैर सरकारी संगठन, धार्मिक संगठन इत्यादि जो अपने धर्म के अनुयाइयों को बाकायदा फतवा तक जारी करते हैं कि किस दल को अपना मत दें और इसका प्रभाव कितना पड़ता है, यह एक अलग बात है। भारत में इन कारकों का चुनाव को दौरान एक अहम योगदान होता है, जिससे मतदान व्यवहार प्रभावित होता है।

इस तरह के मतदान व्यवहार और राजनीतिक संचार से संबंधित अध्ययन पश्चिमी देशों में शुरू हुये और अब भारत में भी इनका अध्ययन किया जा रहा है। चुनावों के दौरान तो भारतीय मीडिया इसे बड़े स्तर पर कवर करता है। इन चुनावों के दौरान मीडिया तथा भारतीय औद्योगिक घरानों पर लगातार आरोप लगते रहते हैं कि वो इन चुनावों के दौरान मीडिया तथा भारतीय औद्योगिक घरानों पर लगातार आरोप लगते रहते हैं कि वो इन चुनावों को प्रभावित करने की कोशिश करते रहते हैं। कभी-कभी तो लगता है कि मीडिया जनता के सामने कुछ खास मुद्दों को लेकर उसे हाइप कर देता है और इससे लोग प्रभावित होने बच नहीं पाते है। इसके अलावा अब तो न्यूज के द्वारा मीडिया जनमत को गुमराह करने की कोशिश करता रहता है। इस तरह चुनाव के दौरान जनता को सही मुद्दों से दूर रखा जाता है। मतदान व्यवहार को प्रभावित किया जाता है और समाज को निष्पक्ष चुनावों से दूर रखने की कोशिश की जाती है। इन सबके बावजूद

जनता अब धीरे-धीरे राजनीतिक तौर पर जागरूक हो रही है, अब विकास को मुख्य मुद्दा मानने लगी है और जिसके परिणाम भी कभी-कभी देखे जाते हैं।

किसी भी लोकतान्त्रिक देश में चुनाव एक बेहद अहम काम है जिसके लिए राजनीतिक दल सालों-साल अपने विचारधारा का प्रचार-प्रसार करते हैं और एकराजनीतिक प्रणाली को तरलता से चुनावों के दम पर चलाया जाता है। इन्हीं चुनावों के द्वारा हम अपने प्रतिनिधियों का चुनाव करते हैं, जो हमारे लिए कानूनों और व्यवस्थाओं को चलाते हैं। राजनीतिक दलों के अलावा समाज तथा राज्य के समस्त संगठन आपस में मीडिया के माध्यम से राजनीतिक संचार का उपयोग करते हैं। भविष्य की योजनाओं को बनाया जाता है और इसका प्रयोग हर संगठन अपने विकास के लिए एक रीढ़ की हड्डी का काम करता है। जिसके उपयोग सेलोग अपनी बात को शासन तक पहुंचाते हैं और शासन उनकी बातों को सुनता है और समस्याओं का निराकरण करते हैं।

इस तरह भारत जैसे देश में राजनीतिकसंचार उपयोग बहुत कारगर साबित होता है, क्योंकि इसके प्रयोग से लोकतंत्र को लगातार मजबूत बनाया जा रहा है। साइबर स्पेस का इस्तेमाल अब राजनीतिक दलों के अलावा अब आम लोग भी करने लगे हैं। आज वो माई स्पेस, आरकुट, फेसबुक और ब्लॉग का प्रयोग करके मुद्दों तथा सरकार की नीतियों की बुराई तथा उनका समर्थन करना शुरू कर दिया है। अब तो इसका प्रयोग लोग धरना प्रदर्शन तथा विरोध प्रदर्शन के रूप में करने लगे हैं। इस तरह संचार के इस माध्यम ने लोगों को एक सशक्त माध्यम के रूप में उभरा है। आज आम आदमी अपने सोशल मीडिया के एकाउन्ट का प्रयोग करके लोगों को एक खास जगह एकत्र करके अपना विरोध तथा समर्थन पेश करने के लिए करने लगे हैं। सबसे अच्छी बात यह हे कि यहां पर आपके द्वारा लिखे जाने वाले संदेशों पर कोई एडीटर नहीं बैठा है आपकी सारी बातों को यह माध्यम किसी भेदभाव के बिना लोगों के बीच तथा अन्य राजनीतिक संगठनों तक पहुंचा देता है।

लगभग आठ दशक पहले वॉल्टर लिपमैन ने मीडिया के द्वारा किये जानेवाले राजनीतिक संचार के महत्त्व को समझा और उस पर शोध भी किया कि किस तरह से यह मतदान व्यवहार में उपयोगी सिद्ध हो सकता है।

## निष्कर्ष

उपरोक्त अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि मतदान के पूर्व मतदाताओं पर मीडिया द्वारा उठाये गये चुनावों के समय रेखांकित किये गये विषय, मुद्देएवं समस्याओं पर मतदाताओं की गहरी रुचि देखने को मिलती है और मतदाता तत्कालिक मुद्दों के आधार पर पूरी तरह तो नहीं किन्तु आंशिक रूप से प्रभावित होने से रोक नहीं पाता।

## सन्दर्भ


1. चौधरी नीरजा 'मोदी प्रभाव विस्तार' दैनिक जागरण, रोहतक, 20 अक्टूबर, 2014।
2. सिंह, एम.पी. राय हिमांशु, 'इंडियन पोलिटिक्स सिस्टम', मानक पाब्लकेशन, नई दिल्ली।
3. कश्यप सुभाष 'दल-बदल व राज्य की राजनीति' श्रवाली प्रकाशन, मेरठ, 1970।
4. चाहर एस.एस. 'डाइनामिक्स ऑफ इलैक्ट्राल इन हरियाणा प्रकाशन' संज, नई दिल्ली, 2008।
5. वसु डी.डी. (2013) भारत का संविधान, प्रकाशक- लेक्सिस-नेक्सिस, नई दिल्ली।
6. Young, P.V., "Scientific Social Survey and Research", Asia publishing house, Bombay & 1960, P

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 30th Sep 21 Paper Accepted : 5th Oct 21

# Relevance of Gandhian Economics in pandemic situation for consumers

❒ Dr. Shilpa Mishra*

**ABSTRACT**

"A customer is the most important visitor on our premises. He is not dependent on us. We are dependent on him. He is not an interruption in our work – he is the purpose of it. We are not doing him a favor by serving him. He is doing us a favor by giving us the opportunity to serve him. –Mahatma Gandhi"

The proximity of Gandhian economic thought to socialism has also evoked criticism from the advocates of free-market economics. To many, Gandhian economics represent an alternative to mainstream economic ideologies as a way to promote economic self-sufficiency without an emphasis on material pursuits or compromising human development. Gandhi's emphasis on peace, "trusteeship" and co-operation has been touted as an alternative to competition as well as conflict between different economic and income classes in societies. Gandhian focus on human development is also seen as an effective emphasis on the eradication of poverty, social conflict and backwardness in developing nations.

**Keyword :** Gandiji. Economics. consumers

**Introduction:**

Gandhian economics is based on the concept of an economic system in which "class" has no place. Gandhi's economics talks about establishing a social system in which one person does not exploit another. That is, Gandhian economics is based on the principle of social justice and equality. The Gandhian Economic Order is based on simplicity, decentralization, self-sufficiency, cooperation, equality, non-violence, human values, self-sufficient village.

**QUOTE :** Gandhiji said that the goal of man is not to increase his consumption continuously but to get satisfaction in the life of simplicity. He believed in utilizing resources only for satisfying basic necessities of human beings. He opposed and criticized over exploitation of resources. Gandhi contended that 'There is enough for everyone's needs but not for everyone's greed"

Mahatma Gandhi had a very fundamental thinking about economy and economics. This thinking, irrespective of the prevailing ideas of

* Assistant Professor, Department of Commerce, Eklavya University, Damoh (M.P.)

the time, directly demanded such policies which would provide relief to the poor. At the same time, he asked to adopt such principles that remove tension and violence in the world and do not harm the environment. For Gandhi, the protection of world peace, contentment and environment were of paramount importance. He used to talk about favourable economic policies. He never made any distinction between economics and morality. He never made any distinction between economics and morality.

Gandhi on Economics/ ethics …..Gandhi clearly wrote that I must accept that I do not make any distinction between economics and ethics. The economics that harm the moral welfare of a person or a nation, I would call it imperfect and sinful. For example, a policy that allows one country to exploit another is immoral. It is a sin to buy goods or use those things which do not give qualified wages to workers and exploit their labor .

He demanded a system without exploitation so that the basic needs of all are met. He said that poor people should also get control over the means of production so that they are not exploited. Gandhi wrote that in my opinion, the economy of not only India, but the whole world, should be such that no one has to suffer in the absence of food and clothes. In other words, everyone must get so much work that he can fulfill his food and clothing needs.This ideal can be implemented only when the means of production of the primary necessities of life remain under the control of the public. They should be available to each one without any hindrance in the same way that God's given air and water is available to us. Under no circumstances should they become a vehicle of trade to exploit others.

Relevence of GandhianEconomics :Today Gandhiji's economic theory is the subject of research for many thinkers who want to shed new light on a particular goal. Interpreting Gandhiji's ideas in a new context helps in resolving the suppressed socio-economic thinking, planning and actions which take the same approach towards the problems not only of his own country but of all the countries of the world. Besides this one should not ignore the fact that Gandhi was not an economist. He never studied in depth the economic system and the factors affecting it, nor could he fully understand the dynamics of capitalism. The main topic of discussion here is that we should respect Gandhiji's personality and thoughts and know the purpose of economic theory.Many important questions arise related to economic theory. They are attached to its significance. Does economic theory have meaning in modern times and contemporary Indian society? is this a practical theory

For its significance in India today, efforts were made to give a meaningful form to the All India Weavers Organization, Charkha Union, Labor Union, etc. Big industrial houses and capitalists give some part of their property to the government in the form of tax and the government is making good use of that property for the development of the country, society and poor people. It is based on Gandhiji's idea but its form has changed.

The monopoly of any country or community over them would be unjust. The reason for the poverty that we see today not only in our unhappy country, but also in other parts of the world is the neglect of this simple principle. It is often believed that poverty and scarcity will be removed from the world only by continuous economic development and growth, but Mahatma Gandhi had recognized that under such economic development, the possibility of increasing poverty and inequality also exists. Therefore, he made the basic needs of the poor man the center of his economic thinking, not economic development.

He made a special request to the leaders and planners of the country to try this criterion whenever you are in doubt or if your importance starts dominating you." Recall the appearance of the poorest and weakest man you have seen and

ask from your heart how useful the step you are thinking of taking will be for that man. Will it benefit him? Will he be able to control his own life and fortune? That means that it will give swaraj to those crores of people whose stomachs are hungry and souls are unhappy?" In this way Mahatma Gandhi brought the poor man to the centre of economic thought.

Gandhi ji did not have any scriptural basis for political, socio-economic or whatever views he expressed, but he was a humanist thinker. Impressed by the condition of the Indian poor, whatever ideas he has presented from time to time, he sheds light on their economic plans and economies. Gandhi, like other thinkers, was dissatisfied with the economy of his time because the immediate capitalist economy and its production capacity were unable to meet the needs of social life and still exists today.

Gandhiji calls capitalism a system based on exploitation. Therefore, he advocated for a simple economy. We can explain the Gandhian economy based on the following ideas of Gandhiji. Bread Labor: First we will explain the principle of labor for bread propounded by Gandhiji. This principle is the principle of 'what will not work will not eat.' Gandhi ji says that bread is an essential requirement of life.

And she achieves hard work. Hence, the person who eats without proper labor is a thief. The person who increases his needs in the cover of modern civilization and does not do manual labor himself, exploits other people (poor). Gandhiji gives more importance to manual labor.He was of the view that a hard worker who is doing manual labor is honest and characterful. By the personal hard work of every person and the production of food items, the foundation of economic equality will be laid. If every person cannot do this, then they should do such work which takes their physical labor like spinning, weaving, woodwork and other hand arts.

To improve India's economic system, Gandhiji has laid special emphasis on cottage industry, village industry and Swadeshi, women and men will do spinning and weaving from house to house, on one hand the unemployment of citizens will go away, on the other hand they get enough money.

Several of Gandhi's followers developed a theory of environmentalism. J. C. Kumarappa was the first, writing a number of relevant books in the 1930s and 1940s. He and Mira Behan argued against large-scale dam-and-irrigation projects, saying that small projects were more efficacious, that organic manure was better and less dangerous than man-made chemicals, and that forests should be managed with the goal of water conservation rather than revenue maximization. The Raj and the Nehru governments paid them little attention. Guha calls Kumarappa, "The Green Gandhian," portraying him as the founder of modern environmentalism in India

Gandhiji was of the view that in order to improve the economic system, inequality is necessary to be removed. This subjectivity can be erased in two ways. By a communist-remedy which seeks to bring equality by revolution by taking away the property of the capitalists. Gandhiji was not in favour of equality through revolution. The second solution is that the capitalists voluntarily use their property for the benefit of others. Therefore, Gandhiji was a supporter of Pranyas (Nyas) theory in place of communist policy.

**Conclusion :**

1. The value of everyone's labor in society is equal.

2. There is no conflict between labor and capital.

3. Gandhiji believed that no matter how rich a person is, he must do so much physical work that he can fill his stomach. That is, those doing mental labor should also do manual labor.

4. His Principle of Trusteeship says that the real owner of capital is not a capitalist but the whole society. The bourgeoisie is only the keeper of the property. He believed that the property that the capitalists have is the heritage of the whole society.

5. Gandhi's economics is in favour of small and labor-intensive industries. Gandhiji was opposed to big machines; However, this thing is slightly less meaningful in the present time. He believed that an inanimate machine works for many human beings, due to which unemployment in society increases.

6. Gandhiji believed that if the person gets used to living with less resources, then there is 'nothing less' in the person's life. They believed that the requirements are similar to antelope and the requirements increase as much as the requirements are increased.

7. The goal of production should be to fulfill the need of society and not to earn profit.

8. Gandhiji did not want to completely destroy the capitalist, but he wanted to make it useful for the society.

9. Gandhiji used to say that not every capital is guilty, wrong use of capital makes capital wrong. Excessive capital is the enemy of society.

10. The quantity of production in Gandhi's economic system is determined according to the need of society. There is no place for personal desires and greed in it.

**References**

Gonsalves, Peter (2012). Khadi: Gandhi's Mega Symbol of Subversion. SAGE Publications. ISBN 978-81-321-0735-4.

Narayan, Shriman (1970). Relevance of Gandhian economics.Navajivan Publishing House.ASIN B0006CDLA8.

Narayan, Shriman (1978). Towards the Gandhian Plan. S. Chand and Company Limited.

Pani, Narendar (2002). Inclusive Economics: Gandhian Method and Contemporary Policy. Sage Publications Pvt. Ltd. ISBN 978-0-7619-9580-7.

Schroyer, Trent (2009). Beyond Western Economics: Remembering Other Economic Culture. Routledge.

Sharma, Rashmi (1997). Gandhian economics: a humane approach. Deep and Deep Publications Pvt. Ltd. ISBN 978-81-7100-986-2.

External links[edit]

Gandhian Trusteeship as an "Instrument of Human Dignity"

Review of "Gandhian economics"

Gandhian economics is relevant

AbhayGhiara's "Pink House" Gandhian Economics in action blog

Upadhyay, Ram Narayan (2015)."Gandhi VicharYatra, Indian Institute of Publications, New Delhi.

Iyer, Raghavan (1997). "The Moral and Political Warning of Mahatma Gandhi, Kalaardan Press, Oxford.

Anand, Y. P .(2015). "Non-Violence in a Violence Word a Gandhian Response, Gandhi Smriti and DarshanSamiti, New Delhi.

Agarwal, Alka and Agarwal, Shikha (2015). "Gandhi Darshan (Different Dimensions)", Pointer, Publishers, Jaipur.

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 30th Sep 21 Paper Accepted : 5th Oct 21

# कोविड-19 का नर्मदा के घाटों का पर्यावरणीय प्रभाव का अध्ययन

❑ डॉ. दुर्गा महोबिया*

**शोध सारांश**

पूरे विश्व में कोविड 19 ने अपना प्रकोप दिखाया है। यह महामारी चीन से शुरू होकर पूरे विश्व में फैल गई जिसका प्रभाव सभी क्षेत्रों में देखा गया है। प्रस्तुत शोध में मध्यप्रदेश के अत्यन्त सुन्दर शहर जबलपुर से बहने वाली नर्मदा नदी में प्रमुख घाटों का अध्ययन किया गया है कि किस प्रकार शहर के प्रमुख नर्मदा घाट जैसे ग्वारीघाट, सिद्ध घाट, उमा घाट, दरोगा घाट, जलहरी घाट पर कोविड 19 का प्रभाव पड़ा है। प्रभाव का आंकलन करने के लिए 50-50 प्रश्नावलियां रहने वाले पुजारियों, स्थानीय लोगों, दुकानदारों, नाविकों आदि से भरवाकर समंकों का संकलन किया गया है। यह प्रश्नावली संबंधी विषय की पूर्ण रूप से पुष्टि करती है। उन्हें इस प्रकार से तैयार किया गया है कि अध्ययन के उद्देश्य की पूर्ति की जा सके। आंकड़ों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कोविड-19 का सकारात्मक प्रभाव नर्मदा के समस्त घाटों पर पड़ा है। करोना काल से पूर्व मानवीय क्रियाकलापों के कारण नदी के घाटों पर प्रदूषण देखा गया है। लोगों के द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्य पूजा-पाठ, खाद्य-पदार्थों से कचरा भण्डारे से उत्पन्न ठोस कचरा, दीप दान, दुकानों से निकलने वाले कचरे से भूमि प्रदूषण तथा लोगों के घाटों पर स्नान करने, साबुन व डिटर्जेन्ट के प्रयोग करने, विसर्जन करने तथा ठोस कचरे को नदी में प्रवाहित करने से जल-प्रदूषण देखा गया है। परन्तु कोरोना काल में मानवीय क्रियाकलापों पर प्रशासन द्वारा दिखाई गई सख्ती तथा शहरवासियों के सहयोग के कारण सभी प्रमुख घाटों का रूप या सौन्दर्य निखर कर सामने आया है। प्रस्तुत शोध आलेख में उपरोक्त तथ्यों को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है।

**शब्दकुंजी**—कोविड 19, नर्मदा घाट, पर्यावरण।

* सहायक प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (भूगोल विभाग), एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (मध्यप्रदेश)

वर्तमान समय में कोविड-19 जो कि पूरी दुनिया में एक महामारी के रूप में सामने आई है। साथ ही विश्व में कई विकट चुनौतियाँ भी पैदा की हैं। जहाँ इन चुनौतियों से निपटने के लिए देश अपने-अपने स्तर पर प्रयासरत है वहीं दूसरी ओर प्राकृतिक सौंदर्य के अद्‌भुत व जीवंत नजारे भी देखने को मिले हैं। अतीत काल से हम निरन्तर देखते चले आ रहे हैं कि जब-जब इस प्रकार की भयानक महामारियां आई हैं तब तब प्रकृति ने अपना सकारात्मक रूप दिखाया है। कई पर्यावरणविदों का मानना है कि यह वायरस मानव व प्रकृति के मध्य पैदा हुआ। प्राकृतिक असंतुलन का दुष्परिणाम है। कई वैज्ञानिकों का मानना है कि अत्यधिक मांस का उत्पादन, रोगाणुरोधी प्रतिरोध और बढते वैश्विक तापमान जैसे कारक वन्यजनित विषाणुओं को मनुष्यों में फैलने और भयावह रूप धारण करने में विशेष भूमिका निभा रहे हैं। प्राकृतिक असंतुलन के कारण मानव में रोग प्रतिरोधक क्षमता निरन्तर कम होती जा रही है तथा विषाणु अधिक उत्पन्न होते जा रहे हैं। कोरोना काल जहाँ मानव के लिए कई तरह की कठिनाइयों तथा चुनौतियों भरा है। परन्तु प्रकृति का रूप और निखर कर सामने आया है जिसका अध्ययन जबलपुर शहर के नर्मदा नदी के प्रमुख घाटों के रूप में किया गया है।

## अध्ययन क्षेत्र

मध्यप्रदेश राज्य का बहुत ही सुन्दर व शहरीय नगर के रूप में जबलपुर शहर को जाना जाता है। यह शहर सही मायने में शिक्षा, संस्कृति, औद्योगिकरण व अपने प्राकृतिक सौंदर्य के रूप में एक सम्पन्न शहर है। कई विशेषताओं से अलंकृत यह शहर नर्मदा नदी जिसे की जीवन रेखा माना जाता है उसके प्राकृतिक सौंदर्य से सुसज्जित है। जबलपुर शहरवासी नर्मदा नदी को रेवा मासा नर्मदा मईया के नाम से भी संबोधित करते हैं। नर्मदा नदी का उद्‌गम मध्यप्रदेश के अनूपपुर जिले में विंध्याचल और समपुड़ा पर्वत श्रेणियों के पूर्वी संधिस्थल पर स्थित अमरकंटक में लर्मइर कुंडो हुआ है। परन्तु इसकी महिमा व लोकप्रियता प्राकृतिक सौंदर्य के रूप से दिखाई देती है। जबलपुरवासियों के लिए नर्मदा घाटों का प्राकृतिक व धार्मिक महत्व है। प्रतिदिन कई लोग इन घाटों पर विभिन्न उद्देश्यों से आते हैं। कुछ लोग पूजा-पाठ के लिए, तो कुछ लोग मत्यु कर्मकाण्ड के उद्देश्य से आते हैं, कुछ लोग घूमने व मौज-मस्ती के लिए आते हैं।



## अध्ययन के उद्देश्य

पूर्व में किए गये शोध व उपलब्ध समसामयिक साहित्य के आधार पर विषय की आवश्यकता के अन्तर्गत कुछ उपकल्पनायें निर्मित की गई हैंसौंदर्य

1. जबलपुर शहर के नर्मदा घाटों पर प्रदूषण का स्तर।
2. प्रमुख घाटों पर प्राकृतिक सौन्दर्य।
3. कोरोना काल का नर्मदा पर प्रभाव।
4. शहर के नर्मदा घाटों पर मानवीय क्रियाकलापों का हस्ताक्षेप।




## विधितन्त्र

प्रस्तुत अध्ययन में जबलपुर शहर के प्रमुख नर्मदा घाटों ग्वारीघाट, सिद्धघाट, उमाघाट, दरोगा घाट, खारी घाट, तथा जलहरी घाट पर कोरोना काल के प्रभाव का आंकलन किया गया है। आंकड़ों का संकलन वैज्ञानिक विधि के आधार पर किया गया है। अध्ययन में विषय की आवश्यकता के अनुरूप मध्यप्रदेश राज्य के जबलपुर जिले के खूबसूरत शहर जबलपुर के नर्मदा घाटों को अध्ययन क्षेत्रों के रूप में लिया गया है। शोध के विषय को ध्यान में रखते हुए शोध की सफलता हेतु आदर्श निदर्शन का चुनाव किया गया है। शोध के लिए जबलपुर शहर के सभी प्रमुख घाटों ग्वारीघाट, सिद्धघाट, उमा घाट, दरोगा घाट खारी घाट तथा जलहरी घाट से आंकडों को एकत्रित किया गया है। प्राप्त आंकड़ों का अध्ययन व विश्लेषण कर सभी पर लागू कर निष्कर्ष प्राप्त किया गये हैं।

**सारणी क्रमांक 1**
**कोरोना काल में नर्मदा जल की स्थिति**


| विकल्प | सवच्छ व निर्मल | स्वक्छ | मध्यम | दूषित | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरदाता | 32 | 11 | 7 | 0 | 50 |
| प्रतिशत | 64 | 22 | 14 | 0 | 100 |

**आरेख क्रमांक-1**




**सारणी क्रमांक 2**
**कोरोना काल में खारी घाट का पर्यावरण**

| श्रेणी | निम्न | गध्यम | एच्च | सर्वोच्च | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरदाता | 12 | 8 | 28 | 2 | 50 |
| प्रतिशत | 24 | 16 | 56 | 4 | 100 |





नर्मदा घाटों में क्षारी घाट अत्यन्त खूबसूरत और शांत घाट है। इस घाट की विषेशता है कि यहाँ खारी का विसर्जन किया जाता है। यहां लोग दूर-दूर से इसी कार्य प्रयोजन हेतु आते हैं। कोरोना काल में खारी घाट की स्थिति का अध्ययन हेतु स्थानीय लोगों तथा नाविकों द्वारा एकत्रित आकड़ों का अध्ययन किया गया है। आकड़ों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि 56 प्रतिशत लोगों के अनुसार खारी घाट की श्रेणी उच्च रही अर्थात् लोगों का हस्तक्षेप कम रहा। कोरोना काल में यूं तो जबलपुर शहर मृत्यु की दर अधिक रही परन्तु मृत्यु व्यक्तियों का अंतिम संस्कार सख्त नियमों का पालन करते हुए कोरोना प्रोटोकाल के तहत किया गया जिस कारण खारी घाट का पर्यावरण स्वच्छ पाया गया है।

**सारणी क्रमांक 3**

**कोरोना काल नर्मदा घाटों पर धार्मिक कार्य**

| श्रेणी | मनोरम | सामान्य | स्वच्छ व शुद्ध | निम्न | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरदाता | 22 | 4 | 23 | 1 | 50 |
| प्रतिशत | 44 | 8 | 46 | 2 | 100 |

**आरेख क्रमांक 3**




सारणी क्रमांक-3 में जबलपुर नगर के विभिन्न घाटों में धार्मिक कार्यो का अध्ययन किया गया है। आंकड़ों का संकलन प्रश्नावली के माध्यम से किया गया है। विषय संबंधित प्राप्त आंकडों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि कोरोना काल में नर्मदा नदी के सभी प्रमुख घाटों पर सभी प्रकार के धार्मिक कार्य पूर्ण रूप से प्रतिबंधित रहे। जिस कारण ठोस कचरे का एकत्रण बहुत ही कम मात्रा में हुआ। घाटों पर दीप दान, पूजा-पाठ, भण्डारा आदि कार्य प्रशासन के अधीन प्रतिबन्धित रहे। जिस कारण जल व भूमि प्रदूषण निम्न आंका गया तथा वातावरण स्वच्छ प्रतीत हुआ।

**सारणी क्रमांक 4**

**कोरोना काल में नर्मदा घाटों का प्राकृतिक सौंदर्य**

| श्रेणी | मनोरम | सामान्य | स्वच्छ व शुद्ध | निम्न | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरदाता | 22 | 4 | 23 | 1 | 50 |
| प्रतिशत | 44 | 8 | 46 | 2 | 100 |

**आरेख क्रमांक 4**





जबलपुर शहर के प्रमुख नर्मदा घाटों के प्राकृतिक सौंदर्य का अध्ययन सारणी क्रमांक-4 में किया गया है। जिसमे विभिन्न कार्य करने वाले स्थनीय लोगों द्वारा प्रश्नावली भरवाई गई तथा आंकडों का संकलन किया गया। आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सबसे अधिक 46 प्रतिशत व्यक्तियों के अनुसार नर्मदा घाटों का प्राकृतिक सौंदर्य स्वच्छ व शुद्ध रहा जबकि 44 प्रतिशत यक्तियों के अनुसार मनोरम रहा।

**सारणी क्रमांक 5**

**कोरोना काल में नर्मदा घाटों पर विसर्जन कार्य**

| श्रेणी | हाँ | नहीं | बहुत कम | निरूत्तर | कुल |
|---|---|---|---|---|---|
| उत्तरदाता | 1 | 45 | 2 | 1 | 50 |
| प्रतिशत | 2 | 90 | 4 | 2 | 100 |

**आरेख क्रमांक 5**




उपरोक्त सारणी क्रमांक-5 में कोरोना काल में नर्मदा घाटों पर विर्सजन कार्य का अध्ययन किया गया है। जबलपुर शहर के कुछ विशेष घाटों में विसर्जन का कार्य किया जाता है। उपरोक्त आंकड़ों के अध्ययन से यह ज्ञात होता है कि कोरोना काल में प्रशासन के दिशा-निर्देशों के अनुसार किसी भी प्रकार का विसजर्न कार्य नहीं किया गया है। सामान्य दिनों में नर्मदा घाटों पर विसर्जन का कार्य से विसर्जन के पश्चात् घाटों की स्थिति बहुत ही चिंताजनक रहती है। विसर्जन के पश्चात घाटों में विसर्जन से उत्पन्न होने वाले प्रदषण के कारण नर्मदा घाटों के प्राकृतिक पर्यावरण तथा सौंर्दय का विघटन होता है।

## निष्कर्ष

प्रस्तुत शोध पत्र में जबलपुर शहर से होकर बहने वाली नर्मदा नदी के प्रमुख घाटों पर कोविड-19 के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। अध्ययन से ज्ञात हुआ है कि मानव भले ही कितनी प्रगति कर ले। कितना ही प्र्यावरण का विदोहन कर ले किन्तु जब प्रकृति करवट लेती है तब वह अपना सकारात्मक रूप प्रकट करती है। कोराना का प्रभाव मानव के लिए विघटन के रूप में था परन्तु कोरोना काल में प्रकृति ने अपना वह रूप दिखाया जिसे देख सभी आश्चर्यचकित थे कि प्रकृति का ऐसा सौन्दर्य देखते ही बनता है। जबलपुर शहर के सौन्दर्य का केन्द्र है नर्मदा नदी तथा उससे लगा मनोहारी घाट। परन्तु मानव ने अपने धार्मिक व आर्थिक क्रियाकलापों से उसके सौन्दर्य को मलिन कर दिया था। प्रशासन, सेवी संस्थायें तथा मानव श्रम द्वारा भी इसे ठीक करना असम्भव था। परन्तु कोविड-19 ने ऐसी परिस्थितियां उत्पन्न की कि विना प्रयास किये ही नर्मदा का सौन्दर्य निखर गया। अतः कोविड काल में परिस्थितिवश जो शिक्षा प्रकृति से प्राप्त हुई उसे भविष्य में ऐसी आपदा की पुनरावृत्ति न हो। आवश्यकता इस बात की है कि उसे प्रयत्नपूर्वक पालन करें।

## सन्दर्भ

1. प्राथमिक आंकड़ों के आधार।
2. जबलपुर जिला कलेक्ट्रेट से प्राप्त आंकड़े, वर्ष 2020

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441
A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal
IMPACT-FACTOR 5.299
Paper Recieved : 30th Sep 21 Paper Accepted : 5th Oct 21

# आत्महत्या अंतिम विकल्प क्यों?

❑ डॉ. वंदना पाण्डेय*

**शोध सारांश**

आत्महत्या एक मानसिक विकार है। इस मानसिक बीमारी को रोकने के कई उपाय हैं। यदि समय रहते इस पर ध्यान दिया जाए तो आत्महत्या के मामलों में कमी लाई जा सकती है। जरूरी यह है कि समाज का प्रत्येक बुद्धिजीवी वर्ग, सरकार और अन्य लोग इसके प्रति जागरूक रहें और लोगों को जागरुक करते रहें। जीवन का महत्व और उसके प्रति मानव का रुझान बना रहना चाहिए क्योंकि छोटी-छोटी समस्या के समाधान के रूप में मानव आत्महत्या को चुनता रहा तो मानव का अस्तित्व संकट में आ जायेगा।

**शब्दकुंजी**—आत्महत्या, विकल्प।

जीवन की शुरुआत लगभग 4 अरब वर्ष पहले हुई थी प्रकृति की अनेक भौगोलिक एवं संरचनात्मक परिवर्तनों के फलस्वरुप जीवन की उत्पत्ति हुई और यह जीवन ईश्वर के अमूल्य वरदान के रूप में मानव को भी प्राप्त हुआ। मानव सदैव रचनात्मक और सृजनात्मक रहा है। जीवन की प्राप्ति कठिन संघर्षों और अथक प्रयासों के बाद ही हो पाती है मानव का जीवन सर्वोपरि है क्योंकि संसार की अनगिनत घटनाओं के केंद्र में मानव जीवन रहा है। 'चार्ल्स डार्विन' का प्राकृतिकवरण का सिद्धांत यह बताता है कि व्यक्ति जीवन के लिए अपने सजातीय जीवों से संघर्ष करता है और उसी संघर्ष के उपरांत जिसमें सर्वोत्तम गुण होते हैं और योग्यता होती है वह आगे बढ़ता है प्रकृति भी उसे आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करती है। यह संघर्ष व्यक्ति के जन्म के साथ ही प्रारंभ होता है और मृत्यु तक उसके साथ चलता रहता है। इन्हीं संघर्षों के दौरान कई बार ऐसी परिस्थितियां मनुष्य के सामने आती हैं जब स्वयं को कमजोर, लाचार और अकेला महसूस करता है। उस दौरान उसकी मानसिक परिस्थितियां इतनी जटिल हो जाती हैं कि उसे कोई और रास्ता दिखाई नहीं देता है और वह नैसर्गिक मृत्यु की जगह स्वतः ही जीवन को समाप्त करने की ओर बढ़ता है।

यह वह मानसिक विकार की स्थिति है जिसमें व्यक्ति अपने चारों ओर घटित होने वाली घटनाओं से मैं स्वयं को कमजोर पाता हूँ और उसका उनके प्रति नकारात्मक दृष्टिकोण बनता जाता है। जो उसे नशीली पदार्थों की ओर आकर्षित करता है। व्यक्ति अकेलेपन और व्यसनाधीन होकर विवेकहीन कुतर्कों पर स्वयं को मापता है। ऐसे मापदंड़ों में अपनी तुच्छ स्थिति पाकर वह आत्महत्या जैसे कुकर्म को करता है। आत्महत्या करना मानव के लिए अलग-अलग उम्र में अलग-अलग परिस्थितियों पर निर्भर करता है। एक छात्र के द्वारा आत्महत्या करने के निम्न कारण हो सकते हैं, उसका शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा ना कर पाना एक नंबर का आना, अपने साथी छात्रों से प्रतिस्पर्धा का नकारात्मक असर, परिवार और समाज का दबाव, योग्यता से ज्यादा अपेक्षा का दबाव, अपरिपक्व अवस्था में अधिक जिम्मेदारी लेना आदि। इस दौरान यदि छात्रों की काउंसलिंग कर लें

* सहायक प्राध्यापक (मनोविज्ञान विभाग), एकलव्य विश्वविद्यालय, दमोह (म.प्र.)

तो छात्रों पर से इस प्रकार के दबाव को खत्म कर दिया जाए और उन्हें स्वतंत्र होकर अपनी शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर करने के लिए प्रोत्साहित किए जाएं, सरकार की ओर से आर्थिक मदद की जाये, खुशमिज़ाज माहौल दियाजाये। उन्हें बिना ईर्ष्या के स्वच्छंद प्रतिस्पर्धा के साथ आगे बढ़ने के अवसर समान रूप से प्रदान किये जाएं, तो हो सकता है। कि वह ऐसे कदम ही ना उठाये क्योंकि शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास के लिए दी जाती है ताकि वह विपरीत परिस्थितियों से लड़ सके और उनका सामना मजबूती से कर सके। युवावस्था में आत्महत्या के कई अन्य कारण होते हैं जैसे कैरियर की चिंता, रोजगार, स्थायित्व, अच्छी जीवन शैली, शादी, प्रेम संबंध, और सुरक्षित भविष्य की चिंता आदि। युवाओं के पास पर्याप्त समय होता है अपने जीवन को निखारने का यदि समय रहते उनका सही मार्गदर्शन किया जाये और उन्हें संयम और आत्मबल बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया जाये तो वह ऐसे कदम उठाने से बचेंगे।

वर्तमान में युवाओं के पास अपने जीवन को निखारने के लिए कला-साहित्य, विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, स्वास्थ्य, आदि के क्षेत्र में पर्याप्त विकल्प है। यदि वह इन विकल्पों पर विचार करें तो निश्चित तौर पर वह अपने कौशल और क्षमता को बढ़ाकर उच्च स्तर की जीवन शैली अपना सकता है। तकनीक और विज्ञान के दौर ने नवीन रोजगार के अवसर पैदा किये है। युवाओं को अपने जीवन के लिए कोई-न-कोई उद्देश्य निर्धारित करना चाहिए और उसके विकल्प भी रखना चाहिए। यदि एक क्षेत्र में सफल ना हो पाये तो अन्य की ओर सम्पूर्ण ऊर्जा से प्रयास करते रहना चाहिए। परिपक्व व्यक्ति के द्वारा आत्महत्या जैसे कदम उठाना आज के समय में गंभीर चिंतन का विषय है। हाल के दिनों में आत्महत्या के निम्न कारण देखे गये है जैसे पारिवारिक जिम्मेदारी को ना निभा पाना, आधुनिक जीवन शैली का अतिरिक्त दबाव और खर्च, स्वास्थ्य की समस्या, मानसिक तनाव, पारिवारिक वाद-विवाद आदि। ऐसी समस्याओं के निराकरण के कुछ उपाय है जो परिवार और व्यक्ति का भविष्य सुरक्षित कर सकता है जैसे हमें यह समझना होगा कि जीवन-यापन के लिए धन की आवश्यकता है किंतु ऐसे धन की क्या आवश्यकता जो स्वास्थ्य को, जीवन को गंवाकर मिले, यदि जिम्मेदारियों का भार अधिक है तो परिवार के अन्य सदस्यों के साथ साझा करें। एक साथ परिवार में बैठकर उन विचारों पर चर्चा करके जिसे वह झेल रहा है। अपनी परेशानी को दूर कर सकता है। साथ ही पारिवारिक सुख और सामंजस्य बनाये रख सकता है। समस्या के समाधान के लिए परिवार के बुजुर्ग और अनुभवी लोगों से सलाह-मशविरा कर सकता है। जिन कारणों से विकार उत्पन्न हो रहा है। उनके सकारात्मक पक्ष के बारे में सोचकर दृष्टिकोण बदल सकता है। घर के बाहर हंसी-मजाक करके, किसी पर्यटन स्थान पर घूमकर, पूजा स्थलों एवं साधू-संतों से मिलकर अपने मन को शांत कर सकता है। कई बुद्धिजीवी और जीवन में सफल व्यक्तियों के द्वारा आत्महत्या का प्रयास किया जाता है वह अपने जीवन में सबकुछ पाने के बाद भी संतुष्ट नहीं होते हैं जिसके कारण वह आत्महत्या के बारे में विचार करते हैं। लेकिन यह बात सोचनीय है जब व्यक्ति सबकुछ पा लेता है तो उसे समाज के अन्य वर्गों के लिए अपने अनुभव को साझा करना चाहिए, अपनी उपलब्धियों का प्रयोग समाज के कल्याण के लिए करना चाहिए, अपने धन का प्रयोग गरीब आश्रितों के लिए करना चाहिए। अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रयोग मानव कल्याण के लिए करना चाहिए। जो समय जीवन का बचा हुआ है उसमें साहित्यिक लेखन, विचार अभिव्यक्ति आदि के माध्यम से अन्य लोगों को प्रोत्साहित करना चाहिए। क्योंकि आत्महत्या प्राकृतिक नियमों के विरुद्ध है। यह सैद्धांतिक और तार्किक दृष्टि से अपराध की श्रेणी में आता है। पीड़ित स्वयं तो आत्महत्या करता है किंतु अपने पीछे के लोगों के सामने अनगिनत समस्याओं को छोड़ जाता है।

आत्महत्या के विचार क्षणिक होते है यदि उस दौरान व्यक्ति के मन को परिवर्तित कर दिया जाये या उसका ध्यान अन्य बातों की ओर लगा दिया जाये तो ऐसी दुर्घटना को टाला जा सकता है। अतः आवश्यकता है इस दौरान धैर्य और संयम को बनाए रखने की, ऐसे साहित्य के अध्ययन की जिनका सकारात्मक प्रभाव व्यक्ति के मस्तिष्क पर पड़े। बुद्धिजीवियों से चर्चा की। आध्यात्मिक पुस्तकों और ग्रंथों के दृष्टांत को जानने और समझने की, एकाकी जीवन व्यतीत करने की जगह संगठनात्मक गतिविधियों में भाग लेने की, अपनी रुचिकर किताबों को पढ़ने की, सोशल मीडिया, टेलीविजन और रेडियो जैसे तकनीकी साधनों के माध्यम से आत्मविश्वास बढ़ाने की ताकि व्यक्ति जीवन को नये उत्साह

और उमंग के साथ शुरू कर सकें। जब कोई शख्स आत्महत्या करने के बारे में सोचने लगता है तो इस स्थिति को मनोचिकित्सक 'सुसाइडल आईडिएशन' कहते हैं, और यह जरूरी नहीं कि किसी एक ही वजह से ऐसा हो, जब व्यक्ति को किसी मुश्किल से निकलने का कोई रास्ता नहीं मिलता है तो वह अपने जीवन को खत्म करने के बारे में सोचता है और ऐसे व्यक्तियों को लगता है कि जीवन में अब कुछ भी बचा नहीं और वह जीवन के प्रति नकारात्मक होता चला जाता है। मनोचिकित्सक एस्कुइरोल के अनुसार—आत्महत्या में दिमागी पागलपन के सभी लक्षण मौजूद है। मानसिक उन्माद की अवस्था में ही व्यक्ति आत्महत्या करता है। आत्महत्या ऐच्छिक नहीं वरन् अनैच्छिक होती है। मनोचिकित्सक मानते है आत्महत्या का विचार प्राकृतिक नहीं होता है मस्तिष्क में बायोन्यूरोलॉजिकल बदलाव के कारण लोगों को लगने लगता है कि जीवन कोई काम का नहीं है। इसके बाद व्यक्ति में आत्महत्या का विचार आता है और समस्या समाधान के रूप में वे मृत्यु को सरल रास्ता मानते हैं। आत्महत्या के 90% मामले मानसिक विकार के ही होते हैं। विश्व स्वास्थ संगठन के मुताबिक 15 से 19 साल के युवाओं के बीच मौत की चौथी सबसे बड़ी वजह आत्महत्या है। इसके अलावा आत्महत्या करने की मेडिकल वजह भी हो सकती है। दुनिया भर में 70 लाख लोग प्रति वर्ष आत्महत्या करते हैं।

भारत में आत्महत्या के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। नेशनल क्राइम रिकाड्र्स ब्यूरो के ताजा रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2019 के दौरान देश में 1.39 लाख लोगों ने आत्महत्या कर ली। इनमें से 67 प्रतिशत लोग 18 से 45 साल की उम्र के बीच थे। देश के महानगरों में तो परिस्थिति चिंताजनक है। केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से तमाम हेल्पलाइन नंबर जारी होने और जागरुकता अभियान चलाने के बावजूद हालात सुधरने की बजाय लगातार गंभीर होते जा रहे हैं। इससे पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन ने भी अपनी एक रिपोर्ट में भारत को ऐसे शीर्ष 20 देशों की सूची में रखा था जहां सबसे ज्यादा ऐसी घटनाएं होती हैं।

एनसीआरबी की ओर से हाल में जारी रिपोर्ट में कहा गया है कि वर्ष 2019 में हर चार मिनट में किसी-न-किसी व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। युवाओं में आत्महत्या की दर वर्ष 2018 के मुकाबले चार प्रतिशत बढ़ गई है।

एनसीआरबी की रिपोर्ट से पता चलता है कि भारत में पारिवारिक कलह आत्महत्या की प्रमुख वजहों में शामिल है। वर्ष 2019 के आंकड़ों के अनुसार, आत्महत्या करने वालों में 15.4% गृहिणियों के अलावा 9.1% नौकरी पेशा लोग थे। भारत पहले दुनिया के शीर्ष 20 देशों में शुमार था और अब 21वें नंबर पर है। यहां से बेहतर स्थिति पड़ोसी देशों की है।

आत्महत्या एक वैश्विक समस्या बनकर सभी देशों के सम्मुख खड़ी है किंतु वर्तमान परिस्थितियों में हमें इसको लेकर एक ठोस रणनीति बनानी होगी साथ ही एक ऐसे माहौल बनाने की आवश्यकता है जिसमें व्यक्ति स्वयं को अकेला ना समझें और आत्महत्या जैसे कदम ना उठाएं। सरकार के द्वारा विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों, मनोचिकत्सकों, काऊंसलर सेंटरों आदि की व्यवस्था की जा रही है जहां लोग अवसाद के दौरान संपर्क कर सकते हैं और अपनी समस्या का समाधान कर सकते हैं किंतु एनसीआरबी 2019 की रिपोर्ट के अनुसार यह पूर्णता प्रभावी नहीं है। जीवन को क्षणिक विचारों के आधार पर खत्म कर देना यह कोई समझदारी नहीं है समस्या यदि है तो उसका समाधान भी है बस आवश्यकता है। उस समाधान को ढूंढने की जिस प्रकार नकारात्मक विचार व्यक्ति पर प्रभावी होते हैं उसी प्रकार सकारात्मक माहौल बनाकर विचारों में परिवर्तन किया जा सकता है और व्यक्ति का जीवन के प्रति लगाव बढ़ाया जा सकता है जिससे वह ऐसे कदम ना उठाए जो उसके लिए अहितकर हो क्योंकि कोई भी समस्या जीवन को खत्म करने से बड़ी नहीं।

**सन्दर्भ**

1. एमिल दुर्खीम के लेख के अंश फ्रांस समाजशास्त्री बुक, Mental maladies: A treatise on insanity एनसीआरबी 2019 की रिपोर्ट। बीबीसी की 2020 की रिपोर्ट।
2. आत्महत्या क्यों? लेखक- एस हुण्डिवाल, प्रकाशन-अरिहंत।
3. डिप्रेशन और आत्महत्या के विरुद्ध जीवन संवाद, लेखक-दयाशंकर मिश्र, प्रकाशन- संवाद प्रकाशन, प्रथम संस्करण।

SHODH CHETNA – YEAR-7, VOL. 3 (JULY TO SEP., 2021) ISSN : 2350-0441

A Peer-Reviewed
International Referred &
Multifocal Research Journal

IMPACT-FACTOR
5.299

Paper Recieved : 15th Sep 21 Paper Accepted : 30th Sep 21

# Challenges in Managing E-Waste

❒ Dr. Archana Sinha*

## ABSTRACT

